

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा - 12



सरकार ने लगायी रोक, 30 सितंबर तक विदेश नहीं जाएगी भारत की चीनी - 12



पति की मौत पर भावुक किताब लिखी, खुद निकली उसकी कातिल - 13




लगातार शून्य पर आउट होने से नर्वस था, रन नहीं बनने से बैचेन हो जाता हूं : कोहली - 14

आज का मौसम
37.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.22
सूर्यास्त 06.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 05:11 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083 *

शुक्रवार, 15 मई 2026, वर्ष 7, अंक 170, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

## न्यायमूर्ति स्वर्णकांता ने केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली हाईकोर्ट की जज ने कहा- कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय उन्हें बदनाम करने के लिए सुनियोजित अभियान चलाया, अब दूसरी पीठ करेगी सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज और अन्य के खिलाफ आबकारी नीति मामले के संबंध में उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के लिए आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय उन्हें बदनाम करने के इरादे से सोशल मीडिया पर एक सुनियोजित अभियान चलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आरोपियों को आरोपमुक्त किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर अब दूसरी पीठ सुनवाई करेगी। न्यायाधीश ने अवमानना के आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई पोस्ट पर आपत्ति जताई, जिनमें उन पर 'राजनीतिक निष्ठा' का आरोप लगाया गया था और वाराणसी के एक शैक्षणिक संस्थान में दिए गए उनके भाषण के 'संपादित' वीडियो को पोस्ट करके कथित तौर पर उन्हें निशाना बनाया गया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने मेरे द्वारा मामले से खुद को अलग करने से इनकार करने के बाद कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय मेरी प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश की। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में अदालत के अधिकार को कम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।'

## 42 महीने के उच्च स्तर पर थोक महंगाई दर, 8.3% पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

### पश्चिम एशिया संकट के कारण थोक मुद्रास्फीति में जबर्दस्त उछाल




- ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि का असर
- थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी

पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3% पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी। थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है।

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई। पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.62 प्रतिशत रही जबकि पिछले महीने यह 3.39 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली श्रेणी में, एलपीजी में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 10.92 प्रतिशत रही। पेट्रोल में महंगाई दर 32.40 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 2.50 प्रतिशत थी।

### वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत वृद्धि

डीजल में महंगाई दर अप्रैल में 25.19 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 3.26 प्रतिशत थी। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद सरकार ने अब तक पेट्रोल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है ताकि उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाया जा सके। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालांकि वृद्धि की गई है। इसका असर अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की 3.48 प्रतिशत की दर में स्पष्ट नजर आया।

## ब्रीफ न्यूज

### सतीशन होंगे केरल के मुख्यमंत्री, राज्यपाल को समर्थन पत्र सौंपा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित वीडी सतीशन ने गुरुवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर समर्थन पत्र सौंपा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह 18 मई को होने की संभावना है। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख सनी जोसेफ और राज्य की कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंसी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सतीशन को कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद उन्होंने 'लोक भवन' में राज्यपाल से मुलाकात की। सतीशन ने यूडीएफ सहयोगियों की ओर से समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंप दिया।

### रिलायंस कम्युनिकेशंस धोखाधड़ी मामले में सात परिसरों में तलाशी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई ने कहा कि मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलुरु में कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली गई जिन्होंने 2015-2017 की अवधि के दौरान अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए और इस संबंध में जांच जारी है।

# भारत पश्चिम एशिया और होर्मुज संकट से निपटने में हर योगदान देने को तैयार

### ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले जयशंकर, कहा- व्यावहारिक रास्ते खोजने होंगे

- भारत ने की बैठक की अध्यक्षता, ईरान रूस, ब्राजील और समूह के कई सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया

नई दिल्ली, एजेंसी




**नई दिल्ली :** ब्रिक्स की बैठक में शामिल हुए विदेश मंत्रियों के साथ एस जयशंकर।

भारत ने गुरुवार को पश्चिम एशिया के संकट और होर्मुज में तेल आपूर्ति तथा समुद्री स्थिरता पर इसके प्रभाव पर गंभीर चिंता जताते हुए ब्रिक्स देशों से भू-राजनीतिक उथल-पुथल से बेहतर ढंग से निपटने के लिए व्यावहारिक तरीके खोजने का आग्रह किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह टिप्पणी यहां आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में की जिसमें ईरान, रूस, ब्राजील और समूह के कई अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया।

उन्होंने किसी देश विशेष का नाम लिए बिना कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संबंध संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आधारित होने चाहिए और किसी संघर्ष के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सतत मार्ग प्रदान करते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत तनाव कम करने की कोशिशों में अच्छा योगदान देने और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को समर्थन देने के लिए तैयार है। साथ ही, उन्होंने कहा कि शांति टुकड़ों में नहीं हो सकती और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करना, आम लोगों की रक्षा करना और सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाने से बचना जरूरी है। विदेश मंत्री ने होर्मुज और लाल सागर से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करने की भी जोरदार वकालत की और गाजा में लड़ाई के गंभीर मानवीय असर पर चिंता जताई। ब्रिक्स दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जो वैश्विक आबादी का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है।

### भारत की मेजबानी में हुई बैठक के कई मायने

भारत की मेजबानी में हुई यह बैठक इसलिए और भी जरूरी हो गई है क्योंकि यह प्रभावशाली समूह पश्चिम एशिया संकट के आर्थिक नतीजों, खासकर ऊर्जा आपूर्ति में भारी रुकावटों और व्यापार तथा शुल्क पर अमेरिका की नीति से जूझ रहा है। जयशंकर ने कहा, पश्चिम एशिया में संघर्ष पर खास ध्यान देने की जरूरत है। लगातार तनाव, समुद्री यातायात के लिए जोखिम और ऊर्जा ढांचे में रुकावटें स्थिति की नाजुकता को दिखाती हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि होर्मुज और लाल सागर समेत अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन वैश्विक आर्थिक भलाई के लिए अहम हो गया है।

### रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने मोदी से कई मुद्दों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने भारत आए सभी देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने लावरोव के साथ बैठक में भारत के उस दृढ़ रुख को दोहराया कि संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का बेहतर मार्ग है। मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के प्रति भारत का निरंतर समर्थन दोहराया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति के बारे में जानकारी देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।



- पीएम ने भारत आए विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

## दिल्ली : महिला का अपहरण कर चलती बस में गैंगरेप

नई दिल्ली, एजेंसी

- सड़क पर फेंककर भागे दरिंदे नांगलोई में हुई वारदात, ड्राइवर और कंडक्टर गिरफ्तार

दिल्ली में एक बार फिर से निर्भया जैसा कांड हो गया। यहां के मंगोलपुरी इलाके में काम से घर लौट रही 30 वर्षीय एक शादीशुदा महिला को एक निजी स्लीपर बस के अंदर घसीटकर ले जाया गया और चालक व परिचालक ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बस से बाहर फेंक दिया गया। इस बाबत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 14 साल बाद फिर से हुई इस खौफनाक वारदात ने लोगों को हिलाकर रख दिया है।

साल 2012 के निर्भया सामूहिक दुष्कर्म कांड की याद दिलाने वाली यह घटना 11 मई को हुई। पुलिस सूत्रों ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि महिला मंगोलपुरी इलाके की एक फैक्टरी में काम करने के बाद घर लौट रही थी और सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड के पास पहुंचते ही उसने आरोपियों में से एक को बस के दरवाजे के पास खड़ा देखा और उससे समय पूछा। इसके बाद आरोपी ने उसे बस के अंदर खींच लिया और बस को नांगलोई की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विवाहिता और तीन बच्चों की मां के बयान के अनुसार, दोनों पुरुषों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय महिला पर हमला हुआ उस समय बस नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी। बस को जब्त कर लिया गया है। डीसीपी विक्रम सिंह ने कहा, रानी बाग थाने में हमें एक महिला के साथ गैंपरेप की सूचना मिली। घटना की जानकारी सबसे पहले पीसीआर कॉल से मिली जिसमें उसने आरोप लगाया था कि दो व्यक्तियों ने यौन उत्पीड़न किया है।

### महिला को पीटा, चेहरे और हाथ पर आई चोट

पीड़िता के पति ने बताया कि घटना के दौरान महिला को पीटा गया था और उसके चेहरे और हाथों पर चोटें आई थीं। उन्होंने कहा, महिला के एक रिश्तेदार ने उसे एस ब्लॉक के पास छोड़ा था। हमें पता चला कि उसे जबरदस्ती बस के अंदर ले जाया गया और दो लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। हमें पुलिस से पूरा सहयोग मिल रहा है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस पीड़ित को बस के अंदर घसीटे जाने के क्षण से लेकर बस जहां जहां गई उस पूरे मार्ग का नक्शा बनाने की योजना बना रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के समय वहां कोई और मौजूद था या नहीं।

## नीट निरस्त होने से क्षुब्ध छात्र ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



मृतक रितिक मिश्रा

- तीसरी बार परीक्षा में शामिल हुआ था रितिक, फंदा लगाकर दे दी जान

**अमृत विचार :** नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर मोहल्ले में नीट में तीसरी बार शामिल हुए छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह बुधवार शाम ही गांव से आया था। परिजनों के मुताबिक परीक्षा निरस्त होने के बाद से काफी परेशान था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना ईसानगर के गांव हसनपुर कटौली निवासी अनूप मिश्रा का पुत्र रितिक मिश्रा (20) कई सालों से नीट की तैयारी कर रहा था। इस साल उसने तीसरी बार कानपुर में परीक्षा दी थी। रितिक पिता व परिजनों को बताया करता था कि इस बार उसका पेपर काफी अच्छा हुआ है। बहन की शादी के बाद से पूरा परिवार शहर से गांव चला गया था। ऋतिक बीच-बीच में आकर शहर वाले मकान पर रुकता था। वह बुधवार को गांव से शहर आया था और रात में मकान पर ही रुका था। गुरुवार सुबह दरवाजा न खुलने पर किरायेदारों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पिता ने कमरे का ताला तोड़ा। अंदर रितिक का शव कमरे में फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि परीक्षा को लेकर चल रही चर्चाओं और पेपर निरस्त होने की बातों से वह मानसिक दबाव में था।

### सोशल साइट्स पर एडिटेड फोटो डाली छात्रा ने दी जान

**बदायूं।** सोशल साइट्स पर एडिट की गई फोटो डालने से परेशान कक्षा सात की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। मामला थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी 15 साल की किशोरी कक्षा 7 की छात्रा थी। वह बुधवार को वह घर से कुछ दूर पशुशाला में चारा डालने के लिए गई थी। इसी दौरान उसकी फोटो खींच कर एडिट करने के बाद अपलोड की गई थी।

## 16 राज्यों व 3 केंद्रशासित प्रदेशों में होगी एसआईआर



- इन राज्यों में 36.73 करोड़ वोटर्स 30 मई से 23 दिसंबर के बीच चलेगी प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची के एसआईआर के तीसरे दौर की शुरुआत की घोषणा की।

आयोग ने कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा। पंजाब, झारखंड, कर्नाटक और तेलंगाना उन विपक्ष शासित राज्यों में हैं जहां एसआईआर की प्रक्रिया संचालित होगी। एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। उनकी सहायता के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट होंगे। हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

## जिनपिंग ने ताइवान मुद्दे पर ट्रंप को दी चेतावनी



**बीजिंग।** ईरान युद्ध, ऊर्जा सुरक्षा व व्यापार जैसे व्यापक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी दी कि ताइवान मुद्दे को गलत तरीके से संभालने से दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है।

बीजिंग में दो घंटे तक हुई वार्ता के पहले दौर के समापन के बाद, ट्रंप ने जिनपिंग और उनकी पत्नी को 24 सितंबर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। बैठक के बाद जिनपिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंधों के निर्माण के एक नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है। सरकारी मीडिया के अनुसार, जिनपिंग ने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। एजेंसी शिन्हुआ ने जिनपिंग के हवाले से कहा कि अगर स्थिति को सही ढंग से संभाला गया तो द्विपक्षीय संबंध कुल मिलाकर स्थिर रहेंगे, अन्यथा, टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है, जिससे द्विपक्षीय संबंध गंभीर खतरे में पड़ जाएंगे। (संबंधित देश-दुनिया पर)

**अपील** मुख्यमंत्री ने कही- प. एशिया संकट पर सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी, ईंधन बचत, कार पूलिंग और रिन्यूएबल एनर्जी अपनाने का आह्वान

# देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, यूपी अब विकास यात्रा का इंजन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे। संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से पढ़कर और समझकर ही निष्कर्ष निकालना चाहिए। पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट का असर ईंधन, खाद्य और उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। ऐसे समय कोविड-19 की तरह सामूहिक जिम्मेदारी निभाने के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

लखनऊ के एक होटल में गुरुवार को आयोजित कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी ने नागरिकों से पब्लिक ट्रांसपोर्ट, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और रिन्यूएबल एनर्जी अपनाकर आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया गया था। दंगे, माफिया राज, भ्रष्टाचार, पलायन और किसानों की बदहाली आम बात थी। डबल इंजन सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था, बिजली, सड़क, सिंचाई और निवेश पर फोकस किया गया। आज विकास केवल लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर तक सीमित नहीं, बल्कि सभी 75 जिलों और 58 हजार ग्राम पंचायतों तक पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि देश की विकास यात्रा का इंजन बन चुका है। देश के 60% एक्सप्रेसवे यूपी में हैं। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे तैयार हैं। जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनकर तैयार है और 15 जून से उड़ानें शुरू होंगी। कृषि वृद्धि दर 8 से बढ़कर 18% तक पहुंची है व गन्ना किसानों का 92 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां सक्रिय हैं, जिनसे करीब तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। 75 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया गया है और 34 सेक्टरों के लिए अलग-अलग नीतियां बनाई गई हैं। अब यूपी निवेश का सबसे भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है और पेपर लीक व नकल को संज्ञेय अपराध बनाकर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।

### बालिग होती पीढ़ी को सही जानकारी देना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिग होती पीढ़ी को प्रदेश के बारे में सही जानकारी देना आवश्यक है। 500 से 1500 वर्ष पूर्व तक भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत थी, कारण था जीवन के हर क्षेत्र में सामूहिकता, समन्वय और परस्पर सहयोग। भारतीय कारीगर और व्यापारी विश्व बाजार तक अपनी वस्तुओं को पहुंचाते थे। खेती, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन की व्यापक संभावनाओं के कारण भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बना।

### आक्रमणों के बावजूद भारत अस्तित्व बचाने में सफल

मुख्यमंत्री ने कहा कि हजार वर्षों के आक्रमणों, अत्याचारों और शोषण के बावजूद भारत अपने अस्तित्व और संस्कृति को बचाए रखने में सफल रहा, जो दुनिया में कम ही देखने को मिलता है। जब हमने अपने संसाधनों, ज्ञान और नवाचार पर विश्वास करना छोड़ दिया, रिसर्च एवं डेवलपमेंट को उपेक्षित किया तो पिछड़ते गए। उस समय जीवन इस तरह व्यवस्थित था कि कोई किसी पर बोझ न बने। यही कारण था कि भारत विश्व गुरु बना।

# जनप्रतिनिधियों के बस से सफर के दावे... किया आज तक नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नेताओं के लिए रोडवेज बसों में नि:शुल्क रहती है आरक्षित सीट
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दिया है बस से सफर का आदेश

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ने पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए आदेश दिए थे कि जनप्रतिनिधि रोडवेज बस से सफर करेंगे। जबकि निगम की बसों में जनप्रतिनिधि के लिए सीट आरक्षित रहती है। जिले के किसी जनप्रतिनिधि ने रोडवेज की बस से सफर नहीं किया है। हालांकि समय समय पर दावे सभी करते है और वर्तमान में कर रहे है।

स्थानीय डिपो में निगम की 155 बसें और अनुबंधित 68 बसें है। रोडवेज की बस में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी, दिव्यांग और मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए सीट आरक्षित है, जो नि:शुल्क सफर कर सकते है। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी सीट आरक्षित होती है, लेकिन महिलाओं से किराया लिया जाता है।

> एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि जनप्रतिनिधि के लिए प्रत्येक बस में सीट आरक्षित है, लेकिन अभी किसी जनप्रतिनिधि बस से सफर नहीं किया है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने आदेश किया कि मंत्री और जनप्रतिनिधि दूसरे जिले में सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे, बल्कि रोडवेज की बस से सफर करेंगे। पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए यह उठाया है। जनप्रतिनिधि लखनऊ, दिल्ली आदि जिलों का सफर ट्रेन से करते देखे गए है। कभी-कभी निजी वाहन का प्रयोग करते है। मंत्री दूसरे जिले से आते है तो सरकारी गाड़ी से आते है। बताते है कि जनप्रतिधियों ने कभी भी निगम की बसों से सफर नहीं किया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आदेश के बाद लोगों में चर्चा है कि माननीय सरकारी गाड़ी छोड़कर क्या रोडवेज की बस से सफर लखनऊ आदि के लिए करेंगे।

## साइकिल से विधानसभा पहुंचे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना



**शाहजहांपुर अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना अपने सरकारी आवास 10 कालिदास मार्ग से साइकिल चलाकर विधानसभा स्थित कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सप्ताह में कम से कम एक दिन कार्यालय आने-जाने के लिए साइकिल का उपयोग करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि डीजल और पेट्रोल जैसे ईंधनों की बचत करना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि देश में करीब 85 से 86 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पाद विदेशों से आयात किए जाते हैं, जिस पर भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए ईंधन का न्यूनतम उपयोग समय की जरूरत है। उन्होंने लोगों से साइकिल, सार्वजनिक परिवहन और साझा वाहनों के अधिक उपयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ राष्ट्रहित में भी योगदान मिलेगा।

### पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए पूजा करेंगी सौभाग्यवती महिलाएं

# वट सावित्री व्रत कल, त्रिदेवों का मिलेगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वट वृक्ष में माना गया है ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास
- ज्येष्ठ अमावस्या पर वट पूजन और परिक्रमा का विशेष धार्मिक महत्व

**अमृत विचार:** वट सावित्री व्रत कल 16 मई को रखा जाएगा। यह व्रत सौभाग्यवती महिलाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है। इस व्रत को करने वाली महिलाओं पर त्रिदेवों का आशीर्वाद बना रहता है और पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि तथा अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल।

पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने बताया कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि 15 मई को दोपहर 3 बजकर 51 मिनट से शुरू होकर 16 मई की रात 1 बजकर 38 मिनट तक रहेगी। व्रत करने वाली महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर सोलह श्रृंगार करेंगी। इसके बाद वट वृक्ष के पास जाकर जल, कच्चा सूत, हल्दी, कुमकुम, फूल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करेंगी। महिलाएं वट वृक्ष की 108 या सात परिक्रमा कर सफेद कच्चा सूत बांधेंगी और वट सावित्री कथा का पाठ कर आरती करेंगी।

### वट वृक्ष का है आयुर्वेदिक महत्व

भारत के पूज्यनीय वृक्षों में वट यानी बरगद का महत्वपूर्ण स्थान है। वैदिक धर्म के साथ-साथ जैन तथा बौद्ध धर्मों में भी वट वृक्ष का काफी महत्व माना गया है। इसे अमरता का प्रतीक भी माना जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या और पूर्णिमा के दिन किया जाता है। गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत की स्त्रियां ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को यह व्रत करती हैं।

उन्होंने बताया कि वट वृक्ष का धार्मिक और आयुर्वेदिक दोनों दृष्टि से विशेष महत्व है। स्कंद पुराण में वट सावित्री व्रत का उल्लेख मिलता है। गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में कई महिलाएं ज्येष्ठ पूर्णिमा को भी यह व्रत रखती हैं। पुराणों के अनुसार वट वृक्ष के मूल में भगवान ब्रह्मा, मध्य में भगवान विष्णु और अग्रभाग में भगवान महादेव का वास माना गया है। पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने कहा कि वट वृक्ष दीर्घायु, अमरत्व और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा से घर में सुख-शांति बनी रहती है और हर प्रकार के कलह व संताप दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि नवविवाहित युवतियों सहित सभी सौभाग्यवती महिलाएं यह व्रत करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों के तबादले में आईं 208 आपत्तियां

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में सरप्लस शिक्षकों के तबादले में 208 आपत्तियां आई हैं। पूर्व में विभाग ने शिक्षकों का डाटा वेबसाइट पर डाला था, जिस पर आपत्तियां मांगी थी। अब सात दिन में आपत्तियों का निस्तारण होगा। जिले में सरप्लस (अधिशेष) शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। वेबसाइट पर जारी किए गए डेटा के खिलाफ विभाग को कुल 208 आपत्तियां मिली हैं। विभाग अगले 7 दिनों के भीतर सभी आपत्तियों का निस्तारण (समाधान) करेगा। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि यह आपत्तियां शिक्षकों का डेटा सार्वजनिक कर ऑनलाइन मांगी गई थीं ताकि गड़बड़ी सुधारी जा सके। आपत्तियों के समाधान के ठीक बाद सही डेटा के आधार पर फाइनल ट्रांसफर लिस्ट जारी होगी।

### गला दबाकर हत्या करने का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी अभिषेक ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम उसका भाई दिवेश मोहल्ले में ही दुकान से सौदा खरीद रहा था। शरीब समेत चार लोग उसकी दुकान के पास आए। उसके भाई को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई को पीटा और गला दबाने का प्रयास किया।

# आमजन से स्व-गणना प्रक्रिया सफल बनाने पर चर्चा

## जनगणना अभियान को लेकर कॉलोनी स्वामियों के साथ डीएम ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 21 मई तक स्व-गणना पूरी कराने के लिए कॉलोनियों में कैंप लगाने की अपील

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहे स्व-गणना अभियान को लेकर शहर की बड़ी कॉलोनियों के स्वामियों के साथ कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में 21 मई तक चलने वाली स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने पर चर्चा की गई।

डीएम ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के अंतर्गत लोग स्वयं अपनी स्व-गणना कर सकते हैं। उन्होंने कॉलोनी स्वामियों से अपील की कि वे अपनी कॉलोनियों में कैंप लगाकर लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें और 21 मई से पहले यह कार्य पूरा कराएं।

उन्होंने बताया कि लोग अपने मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप से घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल पर परिवार से जुड़ी सभी जानकारी भर सकेंगे। जानकारी सुरक्षित करने के बाद 11 अंकों की स्व-गणना पहचान संख्या एसईआईडी जारी होगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा। स्व-गणना देश में पहली बार हो रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज और पारदर्शी बनेगी।



रेयान इंटरनेशनल में लोगों को जागरूक करने पहुंचे एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र।

डीएम ने बताया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। जिन लोगों ने पहले ही स्व-गणना कर ली है, उन्हें अपनी 11 अंकों की एसईआईडी प्रगणक को बतानी होगी, जिसके आधार पर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंहा समेत अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिले में जनगणना 2027 का कार्य तेजी से चल रहा है। स्व-गणना अभियान को और गति देने के लिए प्रशासन की ओर से गुरुवार को जिले के सभी स्कूलों में पैरेंट्स मीटिंग आयोजित कराई गई। इन बैठकों में बच्चों के साथ आने वाले अभिभावकों से ऑनलाइन स्व-गणना कराई गई। जिले में अब तक 71 हजार लोग स्व-गणना में शामिल हो चुके हैं और शाहजहांपुर प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र ने स्वयं कई स्कूलों में पहुंच कर लोगों को जागरूक किया।

### पैरेंट्स मीटिंग में अभिभावकों को ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया समझाई

**सिंधौली, अमृत विचार :** प्राइमरी स्कूल तेरा में गुरुवार सुबह पैरेंट्स मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक सरताज अली ने अभिभावकों को घर बैठे ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने स्व-गणना के लिए लिंक साझा करते हुए स्टेप वाइज तरीका बताया और कहा कि फार्म जमा होने के बाद एसईआईडी मिलेगी, जिसे जनगणना अधिकारी को दिखाना होगा। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान तौसीफ अली, सारिका गुप्ता, जनता देवी, रीना बेगम, रूखसाना बेगम, सुमन, रोशन जहां, अरशदी बेगम, इरम, सायरा बानो, रेखा, सीमा देवी, पूजा, नीतू, उजमा, नन्ही, बेबी, पूजा, श्रीदेवी, जयवीर, आसिफ खान, इदरीस खान, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद हुसैन, मुजम्मिल, राजीव कुमार, अंगूरा, उमा देवी, राममूर्ति देवी, नाजिया, यासमीन बानो और शुएब समेत कई लोग मौजूद रहे।

### अभिभावकों को स्व गणना के लिए किया जागरूक



**शाहजहांपुर अमृत विचार :** आमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल में डीएम के आदेश पर जनगणना 2026 के तहत स्व गणना कराने के लिए शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह 9 .00 से ही अभिभावक अपने मोबाइल लेकर उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य निकहत नसीम ने जनगणना के महत्व एवं उद्देश्य को बताया तथा इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को आसान करने के लिए सेल्फ एनुमरेशन प्रक्रिया का एलसीडी पर प्रसारण करके आए हुए अभिभावकों को जागरूक किया। इस दौरान स्कूल की अर्शी, मो. यासीन, वसीम, नरगिस, मैमूना, सादिया, सदरून, तनवीर, तौक़ीर, हिना, अलवीरा, हिना, मुजफ्फर, शबनम, नुज़हत, नाज़िश ने अभिभावकों के मोबाइल में लॉगइन कराकर प्रकिया को समझाया। मीटिंग में मो. सईद, युसूफ, इमरान खान, मो तस्दीक, खालिद खान, शिवा, शेर मोहम्मद, वसीम खान, रूबीना, मीना, फरहा, मसरूर, अज़ीज़ुर रहमान, अनिल, आदित्य, सोनपाल आदि उपस्थित रहे।

### कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में स्व गणना कराई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में गुरुवार को जनगणना से जनकल्याण के अंतर्गत स्व गणना के लिए ग्रामवासियों के साथ आवश्यक बैठक कर स्व गणना कराई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका निकहत परवीन, शिक्षिका दपिन्दर कौर, मीरा सिंह, साइमा तरन्नुम, नम्रता मिश्रा, शालिनी मिश्रा, वर्षा मिश्रा, सुभाष, अंकित, दिनेश, रामकिशोर, रामकिशन, रिशिपाल, प्रभात, हरी राम, रामवीर, नीरज एवं अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## निपुण असेसमेंट टेस्ट 16 जून के बाद कराने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उप्र बीटीसी शिक्षक संघ ने 16 मई 2026 को होने वाली निपुण असेसमेंट टेस्ट परीक्षा को 16 जून के बाद कराए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में 21 मई 2026 तक जनपद में स्वगणना का कार्य चल रहा है। स्व गणना में शिक्षक/शिक्षिकायें/शिक्षामित्र/अनुदेशक विद्यालय ग्राम के अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में लगे हुये हैं। सुपरवाइजर बने शिक्षक/शिक्षिकाओं की डयूटी कई किमी दूर हैं, इसके अतिरिक्त तमाम क्षेत्रों में नेटवर्क इशू के कारण स्व गणना का कार्य उस स्तर तक नहीं हो पा रहा है, जिस स्तर तक प्रगणक करना चाह रहे हैं। स्वगणना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। किसी एक के लिए परीक्षा मैनेजमेंट करना मुश्किल हो जायेगा। ज्ञापन में स्व गणना कार्य को देखते हुए नेट परीक्षा कार्यक्रम 16 मई 2026 की बजाय 16 जून 2026 के बाद कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, जिला उपाध्यक्ष दाताराम वर्मा आदि थे।

# सपा सांसद की टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, नारेबाजी की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के हमीरपुर से सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सुबह 10 बजे महिला कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचीं और प्रधानमंत्री के समर्थन में नारेबाजी की। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने सांसद के बयान की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग उठाई।



कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करतीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता।

- कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री के सम्मान में कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे, कार्रवाई की मांग

जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनी भानु ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने जी-20 की अध्यक्षता और चंद्रयान जैसी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे नेता पर अभद्र टिप्पणी करना करोड़ों महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि जनता 2027 में इसका जवाब देगी और सांसद को कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने कहा कि गांव की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला भी उज्ज्वला योजना, शौचालय और आवास योजना से सशक्त हुई है, जो प्रधानमंत्री की देन है। ब्लॉक प्रमुख जैतीपुर सपना कश्यप ने कहा कि हर आपदा के समय प्रधानमंत्री की ओर से मदद पहुंचाई गई है। इस दौरान विधायक सलोना कुशवाहा, महिला मोर्चा तिलहर की चंद्रकला, पुवायां की मधु गुप्ता, जिला मंत्री सरिता भास्कर, मंजू आनंद कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर पुनर्जीवन के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तालाब और चारागाह भूमि का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को ग्राम बझेड़ा बझेडी और कुइयां में करीब 26 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले तालाब तथा ग्राम हसौआ में 1.4 हेक्टेयर चारागाह भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने और उनके पुनर्जीवन को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देश दिए कि तालाब की भूमि को तत्काल खाली कराया जाए और डालमिया चीनी मिल का पानी तालाब में आने से तुरंत रोका जाए। उन्होंने पूरे तालाब की खुदाई कराने, चारों ओर 10 फीट चौड़ा ट्रैक बनाने और 5 फीट चौड़ाई में पौधरोपण कराने के निर्देश भी दिए।

चारागाह भूमि का निरीक्षण करते हुए डीएम ने कहा कि एक एकड़ क्षेत्रफल में गौशाला बनाई जाए तथा बाकी भूमि पर हरे चारे की बुवाई कराई जाए, जिससे गोवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हो सके। उन्होंने तहसीलदार को तालाब खुदाई, ट्रैक निर्माण, वृक्षारोपण, गोशाला निर्माण और हरे चारे की बुवाई से संबंधित प्रस्ताव जल्द तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले प्रत्येक गांव में कम से कम एक नए तालाब की खुदाई शुरू कराई जाए, ताकि बरसात से पहले कार्य पूरा हो सके और वर्षा जल का संचयन किया जा सके। इस दौरान उप जिलाधिकारी तिलहर जीत सिंह राय, तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### डीएलएड परीक्षा में 21 रहे अनुपस्थित

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल की ओर से डीएलएड के द्वितीय सेमेस्टर की बृहस्पतिवार को हुई परीक्षा में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। छात्रों को केंद्रों पर चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दूसरे दिन भी देवी प्रसाद इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज में तीन पालियों में हुई। डायट प्राचार्य सोनिया गुप्ता ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 10 :00 बजे से 11 :00 बजे तक, द्वितीय पाली 11 :30 बजे से 12 :30 बजे तक तथा तृतीय पाली अपराह्न 2 :00 बजे से 4 :00 बजे तक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में विज्ञान विषय, द्वितीय पाली में गणित तथा तृतीय पाली में सामान्य अध्ययन विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया। प्रथम पाली में दोनों केंद्रों पर कुल 475 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में गणित विषय की परीक्षा हेतु कुल 662 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 9 अनुपस्थित रहे। वहीं तृतीय पाली में कुल 476 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जीआईसी में केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य अनिल कुमार की निगरानी में परीक्षा हुई।



### बच्चों ने रेड डे सेलिब्रेशन में उत्साहपूर्वक लिया भाग

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार :** संत कृपाल अकादमी में गुरुवार को रेड डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चे लाल रंग की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय आए। बच्चे स्ट्रॉबेरी, लाल मिर्च ,लाल शिमला मिर्च, तरबूज, टमाटर, चुकंदर तो कोई चेरी बने थे। इन पोशाकों में बच्चे अलग ही दिख रहे थे। बच्चे अपने टिफिन में भी लाल रंग के फल और सब्जी लाए। विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं को लाल गुब्बारों, फूलों आदि से सजाया गया। बच्चों ने लाल रंग से संबंधित वस्तुओं की पहचान की तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कविता पाठ, नृत्य, खेल एवं क्राफ्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील रस्तोगी व डायरेक्टर श्वेता रस्तोगी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बेटी बोझ नहीं, अनमोल है

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बुधवार को ब्लॉक निगोही के राना पब्लिक स्कूल में लैंगिक समानता, भेदभाव रोकने और लिंग संवेदीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएम और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्र के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग की ओर से किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि लिंग संवेदीकरण का उद्देश्य समाज की उस सोच को बदलना है, जिसमें लड़के और लड़कियों के बीच भेदभाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव के लिए शिक्षा का प्रसार जरूरी है। कार्यक्रम में अभिभावकों और छात्रों को बताया गया कि बेटा और बेटी दोनों समान हैं तथा पढ़ाई, खेल, संपत्ति और निर्णय लेने में दोनों को बराबर का अधिकार मिलना चाहिए। इस दौरान बेटी बोझ नहीं, अनमोल है का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में घर के काम, पढ़ाई, खाने-पीने और मोबाइल के इस्तेमाल में होने वाले भेदभाव को खत्म करने की अपील की गई। लड़कों को घर के काम में सहयोग करने और बहनों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रथा और पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि लिंग जांच कराना और करवाना दोनों अपराध हैं। इस दौरान जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रधानाचार्य दानिश खान, मैनेजर प्रदीप पांडे, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, केसवर्कर योगेंद्र प्रताप, अध्यापिका वानी सक्सेना, राधिका गुप्ता, कल्पना सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### घायल चील को पहुंचाया अस्पताल



**निगोही, अमृत विचार :** समाज सेवा के लिए पहचाने जाने वाले कस्बा निगोही के गजेंद्र सिंह ' 'सर्प मित्र' ' ने सड़क पर घायल पड़ी चील की जान बचाकर उसे नया जीवन दिया। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे गजेंद्र सिंह को सूचना मिली कि निगोही-बीसलपुर राजमार्ग पर सिंह ढाबा के पास एक चील घायल अवस्था में है। उसके पर और पैर टूटे हुए थे। सूचना मिलते ही गजेंद्र मौके पर पहुंचे और घायल चील को पशु चिकित्सालय निगोही लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज शुरू कराया गया। चील को पर्यावरण और जनमानस के लिए हितकारी पक्षी माना जाता है। लोगों का कहना है कि गजेंद्र सिंह सर्प मित्र के रूप में मशहूर है। सांप पकड़ने से लेकर किसी भी पशु-पक्षी के संकट में होने की खबर मिलते ही पहुंच जाते हैं। इलाज के बाद प्रकृति में स्वतंत्र कर देते हैं।

### शायरा के पति के इंतकाल पर शोक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेवानिवृत उर्दू अनुवादक और शायरा शाहीना खातून के पति मजहर अली खां अच्छन के इंतकाल पर वरिष्ठ शायर खालिद अलवी, साहित्यिक संस्था इदराक के महासचिव असगर यासिर, नजर मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष वसीम मीनाई, महासचिव हमीद खिजर, व्यापारी नेता नाजिम खां, हाजी सुल्तान अहमद खां ने दुख व्यक्त किया है।

# व्यापारियों ने की खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार की मांग

संवाददाता, शाहजहांपुर

- निर्माता को पंजीकृत डाक से फार्म भेजने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में व्यापारियों को आ रही परेशानियों को लेकर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में सहायक आयुक्त खाद्य चंद्र शेखर मिश्र को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में व्यापारियों ने खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार और व्यापारियों को राहत देने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सैंपल भरते समय रिटेलर के साथ निर्माता को भी पार्टी बनाया जाता है, लेकिन निर्माता को फार्म 5 क नहीं भेजा जाता।

मांग की गई कि सैंपल भरते समय निर्माता को पंजीकृत डाक से फार्म भेजना अनिवार्य किया जाए। व्यापारियों ने यह भी कहा कि नकली और डुप्लीकेट सामान की खबरें लगातार सामने आती रहती हैं, इसलिए रिटेलर या होलसेलर की ओर से बिल प्रस्तुत करने पर ही निर्माता को पार्टी बनाया जाए।

व्यापारियों ने सैंपल जांच रिपोर्ट समय से जारी न होने पर भी आपत्ति जताई। ज्ञापन में कहा गया कि अधिनियम में 14 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देने का प्रावधान है, लेकिन रिपोर्ट महीनों बाद मिलती है। इसके अलावा केंद्रीय प्रयोगशाला में पुनः जांच के लिए पत्र काफी देरी से भेजे जाते हैं, जिससे खाद्य पदार्थ की एक्सपायरी डेट निकल जाती है। व्यापारियों ने मांग की कि रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद पुनः जांच की प्रक्रिया शुरू की जाए।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि खाद्य पदार्थों को नष्ट करने या जब्त करने की कार्रवाई केंद्रीय प्रयोगशाला की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही की जाए। साथ ही मांग की गई कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व न मिलने पर नमूने को असुरक्षित घोषित न किया जाए, बल्कि मानकों में कमी होने पर अधोमानक माना जाए। व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 69 के तहत मामूली मामलों में शमन व्यवस्था लागू करने की भी मांग की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सलाहुद्दीन अख्तर, प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री संजीव गुप्ता, महानगर संयुक्त महामंत्री मो. नादीम नोवी, मोहसिन, जुबैर खान, अभिषेक कश्यप, पवन गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### व्यापारियों की समस्याओं पर डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक में व्यापारियों ने शहर में ट्रैफिक जाम, सड़कों पर बने ब्रेकर, आवारा पशुओं का जमावड़ा, पथ प्रकाश व्यवस्था, डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर लगाने और सार्वजनिक शौचालय की समस्या उठाई। व्यापारियों ने कहा कि इन समस्याओं से आम लोगों और व्यापारियों दोनों को परेशानी उठानी पड़ रही है। डीएम ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी समेत अन्य अधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

## 10 जून तक सड़कों की मरम्मत पूरी कराएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को महिला थाने से पुवायां मार्ग और सराय काईयां से थाना आरसी मिशन होते हुए हरदोई रोड तक सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की स्थिति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अभियंता महेंद्र पाल को निर्देश दिए कि दोनों मार्गों पर मरम्मत और पहली लेयर का कार्य हर हाल में 10 जून तक पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि दूसरी लेयर का कार्य बरसात के बाद कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए, जिससे राहगीरों और आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और यातायात सुचारु बना रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक किनारे जा रहे ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव दलेलापुर निवासी सर्वेश कुमार( 50) की बुधवार रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि वह किसी कार्यक्रम में शामिल होकर रेलवे ट्रैक के किनारे-किनारे अपने गांव लौट रहे थे। बंथरा के समीप डाउन लाइन पर गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी ने बताया कि शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, भर्ती

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुरुवार शाम चंदा( 22) पुत्र अमरदीप की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत गंभीर होने पर परिवार के लोग उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### जिम के लिए निकला युवक लापता

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** गांव रौसर कोठी से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी सुरेश तिवारी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे अभिषेक तिवारी के पास 13 मई को सुबह सात बजे फोन आया था। इसके बाद वह ओपन जिम जाने की बात कहकर घर से निकल गया था। जब शाम को घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार वालों ने रिश्तेदारी में तलाश किया और पता नहीं चला। परिवार वालों का आरोप है कि दर्ज गुमशुदगी की जांच कर रहे एसआई सत्येंद्र सिंह के पास जब गए तो वे टाल मटोल करते हुए अन्य किसी को मोबाइल नंबर इत्यादि देने की बात कहने लगे। पुलिस ने मोबाइल नंबर लेकर जांच शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि नंबर सर्विलांस पर लगा दिया गया है और तलाश कराई जा रही है।

## स्वामी शुकदेवानंद राज्य विवि के पहले कुलपति बने डॉ पीबी सिंह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद राज्य विश्वविद्यालय का डॉ पीबी सिंह को पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ पीबी सिंह रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट प्रोफेसर पद पर हैं।

उनकी नियुक्ति स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के पहले कुलपति के रूप में की गई है। प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल के पत्र के हवाले से डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, फैकल्टी आफ मैनेजमेंट, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय शाहजहांपुर का प्रथम कुलपति नियुक्त किए जाने की राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान की।


कुलपति डॉ पी बी सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते डॉ. अनुराग अग्रवाल।

शुकदेवानंद राज्य विश्वविद्यालय पहुंचने पर नए कुलपति का डॉ अनुराग अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कुलपति शनिवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## डीएम ने बैठक में जिम, मैरिज लॉन और डीजे संचालकों का डाटा जुटाने के दिए निर्देश

# जिम सेंटर और साइबर कैफे पर बढ़ेगी निगरानी, सीसीटीवी अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिम सेंटर, मैरिज लॉन, डीजे और बैंड-बाजा संचालकों की जानकारी एकत्रित करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने कहा कि थाना प्रभारियों के माध्यम से निर्धारित प्रारूप पर सभी जिम सेंटर, मैरिज लॉन, डीजे और बैंड-बाजा संचालकों की सूचनाएं संकलित कराई जाएं। उन्होंने


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

- महिलाओं वाले जिम सेंटरों में महिला ट्रेनर रखने पर प्रशासन ने दिया जोर

निर्देश दिए कि जिन जिम सेंटरों में महिलाएं आती हैं, वहां महिला ट्रेनर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही साइबर कैफे और कैफे संचालकों की भी जानकारी जुटाई जाए तथा सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

डीएम ने साइबर कैफे का नियमित निरीक्षण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी संयुक्त रूप से बाजारों में भ्रमण करें। जहां भी अतिक्रमण मिले, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि थानों में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए, ताकि लोगों को भटकना न पड़े। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे, नगर मजिस्ट्रेट पर्वेंद्र कुमार, सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा

बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित उप जिलाधिकारियों और पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार साइन बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के पास सीसीटीवी कैमरे लगाने और अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

# शस्त्र मिलान में गन हाउस मालिक और नायब तहसीलदार में नोकझोंक

## हाईकोर्ट के आदेश पर सील दुर्गा गन हाउस में शुरू हुआ शस्त्रों का मिलान

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नरायनपुर स्थित दुर्गा गन हाउस में गुरुवार को शस्त्रों के मिलान के दौरान गन हाउस मालिक और नायब तहसीलदार के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। मामला बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद शस्त्रों के मिलान का कार्य दोबारा शुरू कराया गया।

दुर्गा गन हाउस को वर्ष 2019 में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने के आरोप में जिलाधिकारी के आदेश पर सील कर दिया गया था। तब से दुकान बंद पड़ी है। दुकान मालिक मोहन सिंह ने कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को दुकान में जमा असलहों, रजिस्टर और अन्य सामान का मिलान कर मालखाने में जमा कराने और दुकान खाली कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद तहसील


खुटार में सील दुर्गा गन हाउस के बाहर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

- वीडियोग्राफी को लेकर बढ़ा विवाद, मोबाइल तोड़ने और अभद्रता के आरोप
- पुलिस पहुंचने के बाद शांत हुआ मामला, फिर शुरू कराया गया मिलान कार्य

प्रशासन की ओर से कई बार गन हाउस स्वामी हरिशंकर अवस्थी को नोटिस जारी कर बुलाया गया, लेकिन उनके बाहर होने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी।

हाल ही में हाईकोर्ट की ओर से दोबारा आदेश मिलने के बाद गुरुवार को नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी खुटार पुलिस के साथ दुर्गा गन हाउस पहुंचे और दुकान में रखे शस्त्रों का मिलान शुरू कराया। प्रशासन की ओर से पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जा रही थी। इसी दौरान गन हाउस स्वामी हरिशंकर अवस्थी ने भी अपने स्तर से वीडियोग्राफी शुरू करा दी। आरोप है कि इस पर नायब तहसीलदार ने आपत्ति जताई और कैमरामैन को पुलिस के जरिए थाने भेज दिया। इसके बाद हरिशंकर अवस्थी के बेटे ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरू किया, जिस पर विवाद बढ़ गया।

हरिशंकर अवस्थी का आरोप है कि नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी ने उनके बेटे का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। मामले की शिकायत उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से करते हुए जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। उनके अनुसार मौके पर किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ और लगाए गए आरोप निराधार हैं। इस संबंध में नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## सुविधा शुल्क मांगने पर वीडीओ निलंबित

**खुटार, अमृत विचार:** ब्लॉक खुटार में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेकशील पाल का एक ग्राम प्रधान से गांव में कराए गए विकास कार्यों के बदले कमीशन मांगने का ऑडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद करीब आधा दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने ग्राम विकास अधिकारी विवेकशील पाल पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। जिसके बाद जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए थे।

जिस पर पंचायत राज अधिकारी ने मामले की जांच कराई। जांच के बाद मामले में सत्यता पाए जाने पर गुरुवार को अधिकारियों के आदेश पर पंचायत राज अधिकारी ने दोषी पाए जाने पर ग्राम विकास अधिकारी विवेक शील पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बीडीओ आशीष कुमार ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में तैनात ग्राम पंचायत सचिव विवेक शील पाल को विकास कार्य में अनियमितता तथा ग्राम प्रधानों द्वारा की गई शिकायतों में दोषी पाए जाने पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर निलंबित किया गया है व विभागीय जांच भी शुरू की गई है।

# मंगेतर को भगाने से गुस्साए युवक ने दोस्त को मारी गोली

संवाददाता, शाहजहांपुर/मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा क्षेत्र में एक युवक को उसी के दोस्त ने गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी तमंचा लेकर फरार हो गया। घायल युवक को मेडिकल कालेज से रात ही में लखनऊ रेफर कर दिया। बताते है कि आरोपी एक माह पूर्व घायल की मंगेतर को भगा ले गया था। इसी बात को लेकर दोनों दोस्त में रंजिश चल रही थी।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव सुल्लानपुर निवासी रमेश गंगवार बुधवार की रात दस बजे किसी काम से लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर आए थे। उसका सामना सुबेदार निवासी धनकपुर थाना तिलहर और एक अज्ञात युवक से हो गया। दोनों के बीच विवाद के बाद हाथापाई शुरु हो गयी। इस दौरान आरोपी सुबेदार ने रमेश के ऊपर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। गोली पेट में लगने से घायल हो गया और जमीन पर गिर गया। आवाज सुनकर लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर कटरा पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इधर घायल के परिवार वाले भी पहुंच गए। पुलिस ने रात ही में घायल रमेश को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने घायल को लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि रमेश की शादी पांच माह पहले तय हुई थी। कुछ समय पहले उसकी तिलहर के सुबेदार से दोस्ती हो गई थी। आरोपी सुबेदार उसकी ससुराल आने-जाने लगा था। बताते है कि आरोपी की रमेश की मंगेतर से नजदीकियां बढ़ गयी। आरोपी मंगेतर को एक माह पूर्व अगवा करके ले गया था। पुलिस ने बरामद कर लिया था। रमेश उसी से शादी करना चाहता था। इससे रंजिश बढ़ गयी। वेदराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजिश में भाई रमेश को सुबेदार और एक अन्य ने गोली मारी।

- घायल लखनऊ रेफर, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

"एक युवक को पुरानी रंजिश को लेकर गोली मारकर घायल कर दिया है। थाना में सुबेदार समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम का गठन किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। – **भंवरे दीक्षा** एएसपी ग्रामीण

# चालक अप्रशिक्षित, स्कूल प्रबंधक समेत तीन पर केस

संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही

**अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र में स्कूली बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली के मामले में एआरटीओ ने अप्रशिक्षित चालक, स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हादसे में स्कूल के डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे तथा स्टाफ घायल हो गया था।

बुधवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद सुभद्रा देवी महेश चंद्र कन्या इंटर कॉलेज के बच्चों और स्टाफ को छोड़ने जा रही थी। जैसे ही बस शाहजहांपुर मार्ग पर पहुंची तो सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई और दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए थे। स्कूल बस में सवार करीब डेढ़ दर्जन स्कूली बच्चे और स्टाफ घायल हो गए थे। राहगीरों ने घायल बच्चों को बाहर निकाला था और सभी घायल

- एआरटीओ ने दर्ज कराई रिपोर्ट हादसे में डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे व स्टाफ हुआ था घायल

बच्चों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। सूचना मिलने पर एआरटीओ और सीओ ट्रैफिक तथा निगोही पुलिस मौके पर पहुंच गयी थी।

एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम ने निगोही थाने में दी गई तहरीर में बताया कि स्कूल बस जो कि सुभद्रा देवी महेश चंद्र कन्या इंटर कॉलेज निगोही के नाम पंजीकृत है। थाना जलालाबाद के गांव रुकनपुर निवासी अब्दुल खालिद के नाम ट्रैक्टर पंजीकृत है। दोनों वाहनों की आमने सामने टक्कर होने से डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए थे। बस क्षमता से अधिक बच्चे सवार थे। मोटर यान नियमावली के अनुसार विद्यालयों के वाहनों को प्रपत्रों की रखने की जिम्मेदारी विद्यालय की होती है। स्कूली के वाहन के चालक को कम से कम 05 वर्ष का व्यवसायिक वाहन चलाने का पुराना ड्राइविंग लाइसेंस एवं अनुभव होना आवश्यक है। निगोही थाना के गांव मिश्रीपुर निवासी अंकुर सिंह स्कूली वाहन को चला रहा था। चालक के पास विद्यालय से जारी परिचय पत्र नहीं था और चालक स्कूल का कर्मचारी भी नहीं है। उसका व्यवसायिक लाइसेंस मात्र दो साल पुराना है, जो कि नियम के विरुद्ध उल्लंघन है।

स्कूल प्रबंधक ने दो साल का लाइसेंस होने पर बस क्यो चलवाई गई। स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने ज्यादा लाभ कमाने के लिए अनट्रेंड चालक से बस चलाई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक अंकुर सिंह, स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### अभियानों के दौरान बरतते हैं सावधानी

अनफिट स्कूली बस और अनट्रेंड वाहन चालकों को लेकर परिवहन विभाग की ओर से समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। इस दौरान अनफिट वाहनों को अधिकारियों की नजर से बचाने के लिए वाहन चालक और प्रबंधन सावधानी से काम लेता है। वाहनों को शॉर्टकट से निकाला जाता है। इसके अलावा अनट्रेंड चालकों को भी वाहन नहीं दिए जाते हैं। वाहन में बच्चों की संख्या भी संयमित कर दी जाती है। लेकिन जब अभियान समाप्त हो जाता है तो फिर वही अनफिट वाहन निकल आते हैं और अनट्रेंड लोग इन्हें दौड़ाने लगते हैं। जिसके चलते इस तरह के हादसे होते हैं।

## डॉक्टर ने प्रतिष्ठा धूमिल करने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी डॉ. दीपिका अग्रवाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका वैवाहिक विवाद उसके पति डॉ. कुमार नीतीश व उसके पक्षकारों से कोर्ट में विचाराधीन है। विपक्षी उसे व परिवार को मानसिक, सामाजिक तौर पर प्रताड़ित और सोशल मीडिया में प्रतिष्ठा धूमिल करने वाली सामग्री प्रसारित की जा रही है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। उसके भाई अमित अग्रवाल को झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास कर रहे है। मानसिक रूप से प्रताड़ित कर न्यायालय की कार्यवाही को प्रभावित कर रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## न्यूज डायरी

### आधी-अधूरी सड़क और जलभराव से बल्लिया गांव के लोग परेशान

**जमुका, अमृत विचार :** ब्लॉक भावलखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्लिया में मंदिर वाली गली में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में देरी से ग्रामीण परेशान हैं। करीब एक माह से सड़क अधूरी पड़ी है, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव की मुख्य सड़कों में शामिल है, जिससे रोजाना कई गांवों के लोग रोजा से शाहजहांपुर तक सफर करते हैं। सड़क अधूरी होने से स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर नालियों का गंदा पानी भरा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण याकूब, जुबेदा, गुड्डी और प्रदीप कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण शुरू हुए एक महीने से अधिक हो गया, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ। जलभराव और मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारी नियमित सफाई के लिए नहीं आते और फॉगिंग भी नहीं कराई गई। नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने से वायरल फीवर और डेंगू का खतरा बना हुआ है। प्रदीप कुमार ने बताया कि नाली का पानी उनके घर तक पहुंच रहा है, जिससे मकान कमजोर हो गया है। ग्राम विकास अधिकारी शीतल सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान शंभू दयाल वर्मा अपने बजट से सड़क निर्माण करा रहे हैं। यह कार्य किसी योजना में शामिल नहीं था, लेकिन ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करा दिया जाएगा।





### पटाखे छोड़ रही 17 बुलेट का चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर तेज बाइक चलाने और बुलेट से पटाखे छोड़ने वालों वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सदर बाजार पुलिस ने कैंट एरिया में 17 बाइकों का चालान किया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर शाम छह बजे कैंट क्षेत्र में बुलेट को रोककर उनका एक्सीलेटर से साइलेंसर से आवाज चेक की गई। कुछ बाइकों में साइलेंसर में तेज आवाज का सिस्टम लगा था और पटाखे छोड़ने का भी सिस्टम लगा हुआ था। इस तेज रफ्तार में कार और बाइक चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि 17 वाहनों के चालान किए गए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रत्येक चौराहे पर भी अभियान चलाया जाएगा। चौक कोतवाली और रामचंद्र मिशन क्षेत्र में भी अभियान चलाया गया।

### अस्पताल के सामने से कार चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी मोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति सुमित गुप्ता की कार निगोही रोड पर एक अस्पताल के सामने खड़ी थी। वह लेने गई तो कार वहां नहीं थी। उन्होंने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो देखा कि कार ज्योति सिंह निवासी पक्का तालाब थाना सदर बाजार तथा उसके पुत्र यश वर्धन सिंह ने चुरा ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस विवेचना कर रही है।

### युवक को पीटकर किया घायल

**कांट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र गांव अभायन कमल किशोर ने बताया उसके खेत के पास राकेश, सर्वेश व विपिन का मकान है। तीनो लोग मकान की नाली का पानी मेरे खेत मे खोल देते है। जिससे उसका नुकसान होता है। बुधवार की सुबह 08 बजे आरोपियों ने नाली का पानी छोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आठ माह से काटा गया पीएफ खातों में नहीं भेजा

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम में डोर टू डोर कर्मचारी शौचालय महिला कर्मचारियों तथा बैटरी रिक्शा चालकों का वेतन दिलाए जाए। आठ माह से काटा गया पीएफ कर्मचारियों के खातों में नहीं भेजा गया है। इन तमाम समस्याओं को लेकर मोर्चा के पदाधिकारी आज नगर आयुक्त से मिले। संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुरारीलाल भास्कर एडवोकेट ने कहा कि अगर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो आंदोलन करने के लिए मोर्चा बाध्य होगा। उपाध्यक्ष रमेश चंद कटारिया ने कहा कि 14 मई तक वेतन आने के कारण यह परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। नगर आयुक्त ने जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में विकास चंद्र एडवोकेट, राजीव सिंह एडवोकेट, आशुतोष आनंद, संजीव चौधरी, अमित, अतुल, अमित, वाहिद अली, रईस लाला आदि शामिल थे।



## दहेज हत्या में पति समेत छह लोगों पर केस दर्ज

**कलान, अमृत विचार:** नगर पंचायत के मोहल्ला ब्रह्मदेव नगर भर्रामई में बुधवार रात नीलम पत्नी सोमवीर कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

परौर थाना क्षेत्र के गांव बर्खेमई निवासी मुकेश कश्यप ने कलान थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री नीलम की हत्या दहेज में बाइक न देने पर की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना से एक दिन पहले नीलम ने फोन पर ससुराल पक्ष की ओर से मारपीट करने और बाइक की मांग करने की जानकारी दी थी।

परिजनों के अनुसार बुधवार को दामाद ने फोन कर नीलम के फांसी लगाने की सूचना दी। जब वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचे तो नीलम का शव पड़ा मिला। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने मामले को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की। पुलिस ने दो किशोर देवरों, दामाद समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अल्हागंज-हरदोई रोड पर पिकअप और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गयी। ट्रॉली में सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी जलालाबाद भेज दिया। जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। सभी लोग हरदोई के अनंगपुर गांव के पास गंगा एक्सप्रेस वे पर सफाई का काम करने जा रहे थे।


मृतक अजीत।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव नयागांव निवासी अजीत कुमार(35) गंगा एक्सप्रेस वे पर सफाई और नालियों में पेंटिंग का काम करते थे। उनके साथ दियुरिया गांव के राजपाल, राकेश, विश्राम और कनकापुर गांव के राजेश्वर सिंह भी थे। गुरुवार की सुबह साढ़े सात बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र के गांव अनंगपुर के पास गंगा एक्सप्रेस वे पर काम करने के लिए जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली रुपापुर गांव के पहुंची तो पीछे से पिकअप ने ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पर सवार पांच लोग घायल हो गए। पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जलालाबाद सीएचसी पर भेज दिया।

- पिकअप ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, काम करने गंगा एक्सप्रेस वे जा रहे थे पांचोंचा
- चालक पिकअप छोड़कर भागा पुलिस ने घायलों को कराया भर्ती

डॉक्टर ने अजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। इधर परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए और रोना पीटना मच गया।

परिवार वालों ने बताया कि मृतक अजीज पिछले दो साल से गंगा एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे थे। वह मजदूरी कर पत्नी और चार बच्चों का पालन पोषण करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां रोड पर खन्नौत नदी पुल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी अब्दुल और कल्लू गुरुवार की सुबह बाइक से शहर आए थे। दोपहर एक बजे दोनों लोग बाइक से शहर से सिंधौली जा रहे थे। खन्नौत पुल पर चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डग्गामार टेंपो पलटने से एक व्यक्ति की मौत

**खुदागंज, अमृत विचार :** खुदागंज क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा गांव फत्तेपुर के पास करीब 3 :10 बजे हुआ, जब कटरा से खुदागंज की ओर आ रहा एक डग्गामार टेंपो सड़क पर अचानक जानवर आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया गया कि टेंपो काफी दूर तक घिसटता चला गया, जिससे उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुस्तकीम खान उर्फ बाबू खान( 56 )निवासी जलालपुर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मुस्तकीम खान किसी निजी कार्य से तिलहर तहसील गए थे और लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। सूचना मिलने पर खुदागंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद खुदागंज क्षेत्र से एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि कटरा-खुदागंज मार्ग पर सड़क किनारे खड़े वाहन, खुले घूमते जानवर और ओवरलोड डग्गामार टेंपो हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं। लोगों ने संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।




NSNH NEW SHRI NARAYANA HOSPITAL

न्यू श्री नारायण हॉस्पिटल

डा. प्रदीप कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
Retd. ACMO
जनरल सर्जन

डॉ. जतिन कुमार
एम.बी.बी.एस. एम.डी.
जनरल मेडिसिन कन्सलटेंट फिजिशियन एवं क्रिटिकेयर स्पेशलिस्ट

डॉ. जयन्त वर्मा
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)

डॉ. राम निवास
एम.बी.बी.एस. एम.डी.
(एनेस्थेसियोलॉजिस्ट)
जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ

डॉ. राजा गुप्ता
जनरल फिजिशियन

डाक्टर्स पैनल

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा. ओमवती एम.बी.बी.एस., डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डा. सुजाय मुखर्जी एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन | डा. आशुतोष कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ | डा. अमन अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ |
| डा. कुन्दन कुमार एम.बी.बी.एस., एमसीएच न्यूरो सर्जन | डा. प्रिया सिंह एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ., डी.एन.बी. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डा. संजय सिंह एम.बी.बी.एस. डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ | डा. अमित कुमार बी.ए.एम.एस. जनरल फिजिशियन |

उपलब्ध सुविधायें :
• सिर एवं चेहरे की समस्त चोट, बुखार, खांसी, मलेरिया, टायफाइड का इलाज। • दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। • दूरबीन विधि द्वारा पेट के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। • दूरबीन विधि द्वारा गुर्दा (किडनी) एवं मूत्र रोगों के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधां • छोटे चीरे द्वारा हड्डी के समस्त ऑपरेशन एवं जोड़ प्रत्योरापण। • घुटना व कूल्हा बदलने की सुविधा उपलब्ध। • नॉर्मल डिलीवरी व दर्द रहित प्रसव बच्चेदानी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन। • बच्चों के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज वेन्टीलेटर, वाईपाइप युक्त आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. • दन्त एवं जबड़े की सभी समस्याओं का विशेष उपचार • आधुनिक उपकरण एवं दर्दरहित तकनीक • मरीज की सुरक्षा एवं स्वच्छता हमारी प्राथमिकता।

निःशुल्क शिविर 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक निःशुल्क जॉच एवं परामर्श

डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर
ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन

समस्त प्रकार के दूरबीन व चीरे वाले ऑपरेशन की सुविधा
24x7 भर्ती एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
24/7 EMERGENCY SERVICES

लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास, निकट ओवर ब्रिज, बदायूँ रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868


## आढ़त से चोरी साढ़े तीन लाख के बैग का खाली खोल मिला

**जैतीपुर, अमृत विचार :** कस्बे के एक व्यापारी की आढ़त से चोरी हुए साढ़े तीन लाख रुपये के बैग का खाली खोल एक सप्ताह बाद भुड़िया गांव के यूकेलिप्टस बाग में मिला। पुलिस पे जांच पड़ताल की। बैग से नकदी गायब थी, जबकि कुछ जरूरी कागजात बिखरे पड़े मिले। व्यापारी विजय गुप्ता ने बताया कि उनकी आढ़त से 8 मई की सुबह करीब 11:30 बजे चोरी हुई थी। भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर काउंटर पर रखा साढ़े तीन लाख रुपये नकद और व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण कागजात से भरा बैग लेकर फरार हो गया था।

जब ग्राहकों को भुगतान करने के लिए बैग तलाशा गया तो वह गायब मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक बच्चा बैग ले जाता दिखाई दिया था। पुलिस बरामद कागजात को थाने ले गई और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पात्र महिलाओं तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

## महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने की जनसुवाई, 7 शिकायतें आईं, महिला बैरक का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने गुरुवार को शाहजहांपुर दौरे के दौरान महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक, जागरूकता चौपाल और कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पात्र महिलाओं तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कारागार की महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया।

विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आरंभ उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने लिविंग प्लांट भेंट कर किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्र की ओर से कार्यक्रम की शुरुआत कराई गई।

जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, विधवा और परित्यक्त महिलाओं की समस्याएं, आर्थिक सहायता, सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें छह घरेलू हिंसा और एक बाल कल्याण समिति से बच्चे की सुपुर्दगी का मामला शामिल था।

राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।



बंदियों से मिलतीं राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। पुलिस और प्रशासन आपकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। प्रशासन को भी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल, सीओ ट्रैफिक शुभम वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्र, सीडीपीओ राजवीर वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. पीपी श्रीवास्तव, महिला थाना प्रभारी रश्मि, जिला सूचना अधिकारी बाबूराम, डालसा से पीएलबी रितु वर्मा, अपर्णा, महिला कल्याण विभाग का स्टाफ और अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्र ने सभी का आभार जताया।

जिला जेल पहुंच कर उन्होंने महिला बंदियों से मुलाकात की। इस दौरान विनीत मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, क्षेत्राधिकारी पुलिस ज्योति यादव, एडीओ पंचायत रमेश चंद्र मिश्र, एडीओ आईएसबी ज्ञानेंद्र, सीडीपीओ उत्तम कुमार, महिला थानाध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

● चौपाल और कन्या जन्मोत्सव में महिला योजनाओं की समीक्षा

● घरेलू हिंसा समेत सात शिकायतों पर दिए कार्रवाई के निर्देश

### नवजात बेटियों की माताओं को सम्मानित कर दिया जागरूकता का संदेश

ब्लॉक जलालाबाद में जागरूकता चौपाल और कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। सुजीता कुमारी ने स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बेटियों की माताओं रूपा, मानदेवी, रिंकी, अंजू और शिल्पी को सम्मानित किया गया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

श्वांस रोग जागरूकता अभियान
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D., परामर्श फिजीशियन क्रिटिकल केयर
स्पेशलिस्ट-ब्लड प्रेशर, हृदय, श्वांस व गम्भीर रोगों का इलाज
पैकेज मात्र ₹1199/- परामर्श + ECG + PFT + Lipid Profile + RBS + Chest X-Ray
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली
9084307201, 9520340911
डॉ. नितिन अग्रवाल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आंचल अग्रवाल एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) फीजिशियन
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


# दून इंटरनेशनल में 96.2 प्रतिशत के साथ आयुष टॉपर

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दून इंटरनेशनल स्कूल में 12 वीं में आयुष कुमार 96.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर बने। छात्रा तेजस ने 96 प्रतिशत, श्रेया व आयुषी ने 95 प्रतिशत, सृष्टि ने 93.25 प्रतिशत, श्रुति ने 94 प्रतिशत, स्वाति ने 93.25 प्रतिशत, तान्या ने 93 प्रतिशत, इंदरप्रीत ने 92 प्रतिशत, ईशान और वंशिका ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। डायरेक्टर डॉ. जसमीत साहनी एवं प्रधानाचार्य शमा ज़ैदी ने सफल बच्चों और उनके परिजनों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्वयं के साथ-साथ विद्यालय का भी नाम रोशन किया है।

● चौ बीएस पब्लिक स्कूल में शत प्रतिशत रहा 12वीं का परिणाम

वहीं बीएस पब्लिक स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की मेधावी छात्रा सर्वोत्कर्ष ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अनुप्रीत कौर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा सौम्या ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य एससी राय, निदेशक शालिनी अग्रवाल, मनोज अग्रवाल व उप-प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### कर्नल्स एकेडमी में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कर्नल्स एकेडमी ग्लोबल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नव्या यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया। कृति च्यवन ने 94 .2 प्रतिशत, शिविका शुक्ला ने 94 प्रतिशत तथा वेदिका कलानी और जाह्नवी सक्सेना ने 93-93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त समीक्षा गुप्ता ने 92 .2 प्रतिशत, श्रेष्ठ पांडेय ने 91 .2 प्रतिशत, अरफा इमरान ने 91 प्रतिशत तथा अलंकृत द्विवेदी और आशीष मौर्य ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## एलएसपी पब्लिक स्कूल में शत प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण, परिजनों में उल्लास

**खुटार, अमृत विचार :** रामपुर कलां के एलएसपी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षाफल देखकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उच्चतम अंक प्राप्त करने वालों छात्रों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस के वर्मा ने बताया कि उनके विद्यालय के सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट की परीक्षा में सभी छात्र सफल हुए है। जिसमें हरप्रीत कौर 92.60 प्रतिशत, अंश त्रिपाठी 92.20 प्रतिशत, अमनप्रीत कौर 88.60 प्रतिष्ठा, हरमनदीप कौर 86.60 प्रतिशत व खुशमीत कौर 85.60 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि मेधावी छात्रों को विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अपने साथ अपने अभिभावकों व विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा में सफल छात्रों के चेहरे से खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य व प्रबंध समिति के सफल हुए छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



हरप्रीत कौर। अंश त्रिपाठी। अमनप्रीत कौर। हरमनदीप कौर। खुशमीत कौर।

### पॉक्सो एक्ट में पकड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान के उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की एक नाबालिग पुत्री को एक सप्ताह पूर्व एक बाल अपचारी अगवा करके ले गया था। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया था। पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### गुमशुदा युवक बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि सुमन निवासी अजीजगंज ने 18 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज करायी थी कि उसका पुत्र अनुज लापता हो गया था। पुलिस ने गुरुवार की दोपहर बरेली मोड़ से लापता अनुज को बरामद कर परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। टीम में उप निरीक्षक प्रमोद प्रसाद, मोहसिन आदि स्टाफ शामिल थे।

### आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां के उप निरीक्षक गौरव कुमार ने बताया कि आरोपी सतेंद्र निवासी पुवायां तीन दिन पूर्व एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद करके डाक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपी सतेंद्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### 55 शिकायतें निपटीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर शिकायतकर्ताओं का मौके पर जाकर निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर शिकायत कर्ता से बातचीत की और 55 शिकायतों का निस्तारण किया।

### किशोरी अगवा

**कांट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने दी गई तहरीर बताया कि 10 मई की सुबह 11 बजे उसकी 17 वर्षीय बहन को कांट का बबलू अगवा कर ले गया है। पीड़ित आरोपी के घर पर शिकायत करने गया तो परिवार वाले मारपीट पर अमादा हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज डायरी

### 23 जून तक आलमनगर जाएगी लखनऊ पैसेंजर

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य को लेकर शाहजहांपुर से लखनऊ पैसेंजर समेत कई ट्रेनें 23 जून तक प्रभावित रहेगी। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि लखनऊ में चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर विकास कार्य के कारण ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते कुछ ट्रेनों को शार्ट टर्मिनल, शॉर्ट ओरेजिशन और मार्ग परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 54338 शाहजहांपुर से लखनऊ पैसेंजर 15 मई से 23 जून तक आलमनगर स्टेशन तक ही शार्ट टर्मिनेट होगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 54337 लखनऊ-शाहजहांपुर पैसेंजर आलमनगर स्टेशन से ही संचालित होगी। इसके अलावा लखनऊ-बालामऊ और बालामऊ-लखनऊ पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी आलमनगर तक सीमित रहेगा। वहीं ट्रेन संख्या 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। यह ट्रेन निर्धारित मार्ग आलमनगर-लखनऊ-उतरेटिया के बजाए आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया रेलखंड को संचालित होगी। इस दौरान लखनऊ स्टेशन पर इसका ठहराव निरस्त रहेगा। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 139 से प्राप्त कर ले।

### विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख की ठगी, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सीतापुर में रहने वाले अनिकेत वर्मा पुत्र ऋषि वर्मा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि करीब 4 साल पहले खुटार के तिकुनिया चौराहे पर रहने वाले दो भाइयों ने उसे विदेश भिजवाने का वीजा दिलवाने के नाम पर पांच लाख रुपए लिए थे। करीब एक माह बीत जाने के बाद उसने जब वीजा न मिलने पर पूछा, तो वह टाल मटोल करने लगा। कई बार कहने पर उसे रशिया, मलेशिया और सिंगापुर के वीजा के कागजात दे दिए। उसने जब उन कागजातों की जांच कराई, दो वह सभी फर्जी निकले। उसे ठगी का एहसास हुआ और उसने रुपए वापस मांगे, तो वह धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि पिछले 4 साल से पहले लगातार रुपए वापस करने या फिर वीजा दिलवाने की बात कर रहा है। लेकिन दोनों भाई वीजा बनवा रहे हैं और ना ही वीजा बनवाने के नाम पर लिए गए रुपए वापस करते हैं। पीड़ित ने पुलिस से जांच कर कर कार्रवाई कराई जाने की मांग की है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### बिरिया बाबा मेले में उमड़े श्रद्धालु सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बारह पत्थर में आयोजित प्रसिद्ध बिरिया बाबा मेले में गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। यह मेला प्रत्येक गुरुवार और रविवार को आयोजित होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। मान्यता है कि यहां मनौती पूरी होने पर नवजात बच्चों को करधनी और चूड़ी पहनाई जाती है। हाल के दिनों में महिला श्रद्धालुओं के साथ आभूषण छीनने की घटनाओं को देखते हुए इस बार मेले में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। मेले में पहली बार एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई। श्रद्धालुओं के दक्षिण दिशा से प्रवेश और उत्तर दिशा से निकास का रास्ता बनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए दो बैरियर, एक टी, दो मोबाइल टीम और मंदिर के पास एक हॉटस्पॉट प्वाइंट बनाया गया है। उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### छह लोगों को सरिया से पीटा

**रोजा, अमृत विचार :** शेरपुर सरसवां गांव में एक ही परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। बुजुर्ग दंपती समेत छह लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। गांव शेरपुर निवासी विजय का परिवार घर पर था। आरोप है कि गांव के प्रकाश और उसके परिवार के लोगों ने एक राय होकर सरिया से पीटना शुरु कर दिया। मारपीट में विजय के पिता शिवशंकर और मां शान्ती देवी के गंभीर चोट आई है। जबकि नन्ही, जुगन्ना, रीता और मोनी भी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल अस्पताल में कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### युवक को पीटा, बिजली का मीटर तोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी मुनीषा देवी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसका परिवार कई साल से मोहल्ला मोहम्मद जई में रहकर जानकी धर्मशाला की देखभाल करता है। आरोप है कि 06 मई को रजत गुप्ता निवासी भाटनटोला चौक कोतवाली धर्मशाला में अपनी स्कूटी अवैध रुप से चार्ज कर रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने बिजली का मीटर और बिजली के बोर्ड में तोड़फोड़ की। आरोपी ने धमकी दी कि पुनः धर्मशाला में आया तो जान से मार डालेंगे। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी रजत गुप्ता और शिवम गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में दूसरा स्थान पाने पर परिजन खुश

बदायूं, अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड 12वीं का रिजल्ट बुधवार को जारी हुआ था। शहर के फ्लोरेंस नाइटेंगल स्कूल के छात्र सक्षम अरोरा ने 12वीं की परीक्षा 91.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है। उन्हें स्कूल में दूसरा स्थान मिला है। उनकी इस सफलता पर उनकी मां प्रीती अरोरा और पिता यशपाल अरोरा के साथ शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया है। सक्षम का सपना एक कुशल इंजीनियर बनने का है।



छात्र सक्षम अरोरा।

### युवती को भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

सैदपुर, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया कि 25 अप्रैल को उनकी बहन शादी समारोह से किसी को बिना बताए कहीं चली गई थी। उन्होंने 30 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। कई जगह तलाश करने के बाद पता चला कि उनकी बहन को गांव खुर्रम भमोरी निवासी विजय सिंह उर्फ चीकू बहला फुसलाकर ले गया है और परिजनों के साथ मिलकर बहन को कहीं छिपा दिया है। युवक ने आरोपी के पिता श्रीपाल से शिकायत की। आरोप है कि श्रीपाल ने कहा कि लड़की नहीं मिलेगी, जो करना है कर लेना और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार ने एसएसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी और बहन की बरामदगी की मांग की है।

### कुंवरगांव क्षेत्र के गांवों में खनन माफिया हावी

कुंवरगांव, अमृत विचार : थाना कुंवरगांव में अवैध खनन का कारोबार जोरों पर है। बताया जा रहा है कि विभाग के एक सरकारी और एक प्राइवेट कर्मचारी के अलावा पुलिस की सांठगांठ से यह धंधा चल रहा है। जो फर्जी परमिशन लेटर जारी करके अवैध वसूली करते हैं। खनन करने वाले लोग क्षेत्र में मिट्टी बेच रहे हैं। गांव चकोलर, बादल, औरंगाबाद खालसा, इमलिया, कैली, बनेई, कसेर में मिट्टी का अवैध खनन चल रहा है। जो रात में खनन करते हैं और सुबह तक मिट्टी उठाकर ले जाते हैं। उनकी कृषि योग्य जमीन को तालाब सरीखा बना देते हैं।

# बागवानों के सपनों को उड़ा ले गई आंधी, जमीन पर लगे आम के ढेर

## अप्रैल के बाद मई माह में भी आए दिन बदल रहा मौसम, इस सीजन में अब तक आ चुकी आधा दर्जन आंधियों से 35 प्रतिशत उपज को पहुंचा नुकसान

- नुकसान का उद्यान और कृषि विभाग कराएगा सर्वेक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अप्रैल के बाद मई माह भी मौसम तरह-तरह के रंग दिखा रहा है। अब तक आधा दर्जन बार आंधी आ चुकी हैं। इन आंधियों ने जिले में तबाही मचा रखी है। जिसका सबसे अधिक असर बागवानी पर पड़ा है। आम की फसल को 35 से 40 प्रतिशत तक नुकसान होने का अनुमान है। बागों में आंधी में टूटकर गिरे आम के ढेर लग गए हैं। आंधी में हुए नुकसान का उद्यान और कृषि विभाग द्वारा सर्वे कराया जाएगा।

आंधी-पानी की शुरुआत सोमवार की शाम से हुई। देर रात तेज हवाएं चलीं। आधे घंटे के बाद तेज हवाएं शांत हो गईं। इसके बाद जनपदवासियों को मंगलवार दोपहर के समय आंधी का सामना करना पड़ा। आंधी में हवा की गति काफी अधिक रही। काली घटाओं के बीच हल्की बारिश भी हुई। मंगलवार के बाद बुधवार की दोपहर में अचानक काली घटाएं घिर आईं। कुछ ही देर में तेज गति से हवाएं चलने लगी। उसकी गति 35 से 40 किमी प्रति घंटा रही। लेकिन 10 मिनट बाद हवाएं शांत हो गईं। बुधवार शाम को फिर से तेज गति से हवाएं चलीं। बुधवार को करीब 2 बजे अचानक से तेज हवाएं चलने लगी। दोपहर में आई आंधी ने काफी तबाही मचाई। देर रात फिर से आंधी आई। जिसमें लोगों को अधिक नुकसान पहुंचा। आसमान से तेज बौछारें भी पड़ीं। इससे हरे-भरे बागान में पेड़ों से गिरे आमों के ढेर जमीन पर लग गए। जनपद की मंडियों में कच्चे हरे आमों के ढेर दिखाई दिए। तादाद ज्यादा होने से इन कच्चे आमों के दाम गिर गए।

आंधी से बागवानी करने वालों को अधिक नुकसान पहुंचा है। यह तात्कालिक नुकसान बड़े घाटे की शुरुआत माना जा रहा है, क्योंकि यही आम पकने के बाद देश के कई राज्यों तक जाता है। बढ़िया कीमत बाग के रखवालों से लेकर बाग स्वामियों तक की आमदनी का बड़ा जरिया बनतीं।

### आम के उत्पादन पर पड़ेगा असर

आम की बागवानी करने वाले किसान मोहम्मद दानिश ने बताया कि मौसमी चक्र ठीक रहने और स्थानीय जलवायु अनुकूल होने से इस वर्ष पेड़ों पर समय से बौर आ गए थे। कुछ समय बाद पहले अमिया और फिर कच्चे आम पेड़ों पर लदे नजर आ रहे थे। एकाएक आंधियों का दौर आने से पकने से पहले ही आम की फसल धराशायी होती नजर आ रही है।

### पकने के कगार पर पहुंच चुका है आम

बागवान श्याम पाल ने बताया कि अब आम में गुठली पड़ने लगी है। कुछ ही सप्ताह में आम की फसल पककर तैयार हो जाएगी। लेकिन उससे पहले ही फसल को आंधी की वजह से अधिक नुकसान हुआ है। उत्पादन घट जाएगा जिससे आम की कीमत बढ़ जाएगी।

> जिले में करीब 15 हजार हेक्टेयर भूमि पर बागवानी होती है। जिसमें करीब 5 हजार हेक्टेयर पर आम के बाग लगे हैं। बार-बार आने वाले आंधियों में आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे आम उत्पादन घट सकता है। जिसका असर बाजार पर दिखाई देगा। नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है।
>
> -सुनील कुमार, उद्यान अधिकारी



तेज आंधी में टूटा सोलर प्लांट।



पड़ोस में जाकर गिरा टीनशेड।

### रात में आई आंधी में उड़कर पड़ोसी के घर में गिरा युवक

ओरछी, अमृत विचार : दो दिन जिले में आंधी-बारिश का कहर बरपा। सुबह लगभग 11 बजे के बाद आधी रात तेज आंधी आई। आसमान से आती डरावनी आवाजों और धूल के गुबार के बीच जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव खेड़ादास में तेज आंधी ने एक युवक को छत से उड़ाकर पड़ोसी के घर में फेंक दिया जिससे वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेड़ादास गांव निवासी पीयूष शर्मा पुत्र धनीराम शर्मा बुधवार रात अपनी मां विनीता के साथ घर की छत पर थे। तेज आंधी और बारिश की वजह से वह दोनों टीन की चादर दबाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान आंधी का तेज झोंका आया और विनीता छत पर गिर गईं लेकिन पीयूष खुद को संतुलित नहीं कर पाए और हवा में उड़कर पड़ोस के घर में जा गिरे। विनीता उठीं तो उन्हें पीयूष नहीं दिखे तो लगा कि वह नीचे कमरे में चले गए होंगे। वह नीचे पहुंचीं तो पीयूष वहां भी नहीं थे। विनीता ने रात में गांव में उनकी तलाश की। पड़ोसी बादाम सिंह ने अपने घर की आंगन में टॉर्च की रोशनी में देखा तो पीयूष बेसुध हालत में पड़े थे। उन्होंने पीयूष के परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए चंदौसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



घायल पीयूष शर्मा।

### बेहटा क्षेत्र में आंधी ने मचाई तबाही, छत पर लगे सोलर प्लांट टूटे और उड़ गए घरों के टीनशेड

ओरछी, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव ढोरनपुर में बुधवार रात आई आंधी और बारिश से तबाही आई। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि उससे निकलने वाली सायरन जैसी आवाजों ने ग्रामीणों को परेशानी में डाल दिया। गांव निवासी तेजपाल के घर की छत पर लगा सोलर प्लांट आंधी के वेग में तिनके की तरह उखड़ गया। यह प्लांट हवा के साथ उड़कर पड़ोसी भूरे सिंह के मकान पर जा गिरा। छत की ईंटें ढह गईं और चपेट में आने से भूरे सिंह का बेटा मोनू घायल हो गया। तेजपाल ने बताया कि इसी प्लांट से वह आटा चक्की चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। गांव के ही भगवानदास बाज की टीन शेड उड़कर सोमपाल सिंह के घर के आंगन में खड़े ट्रैक्टर पर जा गिरी। दर्जनों घरों की छतों पर लगी सोलर प्लेट उड़कर काफी दूर जा गिरीं। आंधी-पानी से ग्रामीणों को खासा नुकसान हुआ है।

# रात में आई आंधी से गुल हो गई बिजली, पेयजल का खड़ा हुआ संकट

- पानी के लिए दिन भर परेशान हुए नागरिक, हैंडपंपों पर पानी भरने के लिए लगी रही कतार
- टूटे बिजली के खंभे और लाइन को ठीक करने में जुटे रहे बिजली विभाग के कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तीन दिन से आंधी तूफान के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। बुधवार की रात आई आंधी के बाद पूरे जिले की बिजली फिर गुल हो गयी, जो करीब बारह घंटे तक गुल रही। बिजली गुल होने से पेयजल संकट से लोग जूझते रहे। दोपहर बाद कुछ जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गयी, जबकि कुछ स्थानों पर लाइनों की मरम्मत जारी रही। इस बार मौसम हर दिन करवट ले रहा है। आंधी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। सबसे अधिक नुकसान बिजली विभाग को हुआ है। तीन दिन से हर रोज आंधी आ रही है। जिससे बार-बार बिजली की लाइनें और खंभे टूट कर गिर रहे हैं। बुधवार की रात 11:50 बजे तेज हवा शुरू हुई। कुछ देर बाद आंधी ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। आंधी शुरू होने से पहले ही बिजली गुल हो गयी। बिजली ठप होने से पूरा जनपद अंधकार में डूब गया। आंधी से जगह-जगह बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गयीं। बिजली के खंभे टूट गए। शहर के निकटवर्ती गांव दौरी में एक दिन पहले ठीक की गयी बिजली की लाइन का तार फिर टूट गया। दूसरे गांव सिमरिया में बिजली का खंभा झुक गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर को दी। लेकिन रात को कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। रात 12 बजे से पहले गुल हुई बिजली सप्लाई गुरुवार को एक बजे शुरू हुई। लेकिन ट्रिपिंग की समस्या कम नहीं हुई।



ग्राम दौरी में टूटा पड़ा बिजली का तार।

आज सुबह बिजली गुल होने से पानी का संकट पैदा हो गया। समरसेबिल नहीं चले जिससे उपभोक्ता पानी के लिए इधर उधर भटकते रहे। हैंडपंप से पानी लेने पहुंचे लोगों को भारी परेशानी हुई। कतार में लग कर पानी भरना पड़ा। बिसौली, वजीरगंज, सैदपुर, खेड़ा दास, सहसवान, कादरचौक, उसहैत दातागंज आदि क्षेत्रों में बिजली ठप रही।

**कुछ जगह शाम तक किया गया मरम्मत का काम :** आंधी में टूटी बिजली की लाइन ठीक करने को विभाग ने सुबह चार बजे से कर्मचारियों को लगा दिया। जिसके बाद कुछ स्थानों की सप्लाई दोपहर एक बजे शुरू हो सकी। जबकि सहसवान उसहैत आर बिनावर क्षेत्र में टूटी लाइनों का काम शाम तक जारी रहा। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि रात आठ बजे तक सभी क्षेत्रों में सप्लाई शुरू होने की संभावना है।

**जिला अस्पताल का फुंका ट्रांसफार्मर :** जिला अस्पताल में दोपहर 12 बजे बिजली सप्लाई शुरू कर दी गयी। लेकिन कुछ देर बाद ही अस्पताल के बिजली घर का एक ट्रांसफार्मर फुंक गया जिससे पूरे अस्पताल की बिजली फिर गुल हो गयी। जिला अस्पताल में बिजली गुल होते ही कामकाज ठप हो गया। ब्लड बैंक का जनरेटर चलाया गया। जबकि एक्स रे और पैथोलॉजी लैब में काम ठप हो गया।

### आंधी में गुल हुई बिजली, हैंडपंप पर लगी भीड़

बिसौली, अमृत विचार : बुधवार की रात तेज हवा और मूसलाधार बारिश से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिजली-पानी की समस्या से जूझते रहे। पालिका चेयरमैन ने अपने निवास पर गुरुवार सुबह से जेनेरेटर लगाकर पानी की सुविधा दी, साथ ही पालिका द्वारा चार जेनेरेटर लगाकर अपने ट्यूबवेल से जलापूर्ति सुचारु की जिससे लोगों को कुछ राहत मिली। फिर भी अनेक लोग हैंडपंप से पानी का भरते नज़र आए। विद्युत विभाग के एसडीओ अमित कुमार ने बताया आंधी ने नगर में करीब एक दर्जन तो खंड क्षेत्र में करीब 300 बिजली के खंभों को छति पहुंचाई है। इससे उभरने में दो दिन लगेंगे। वन विभाग भी सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने में पूरे दिन व्यस्त रहा, वन क्षेत्राधिकारी मनोज यादव का कहना है कि पेड़ों के गुद्दे अधिक टूटकर गिरे हैं, नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह का कहना था कि अभी प्रमुख फसल मक्का है, जिसमें कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है।



**आंधी में जनहानि पर मिलेगी आर्थिक मदद :** नायब तहसीलदार ने आंधी के दौरान तहसील क्षेत्र के मृतकों के परिजनों के खातों में मुख्यमंत्री दैवीय आपदा कोष से 4 लाख रुपये गुरुवार को ही भेजने का दावा किया, कैथौली की दो छोटी बच्चियों के परिजनों ने पीएम कराने से इंकार किया था इसलिए उनके परिजनों को यह राशि नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के गांव लहरा लाडपुर, हतरा और बघौल में एक एक भैंस मरने की भी जानकारी है।

### इंटर कॉलेज में सभागार का किया गया उद्घाटन

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण गुरुवार को अतुल महाराज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि अतुल महाराज ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है। यह सभागार केवल एक भवन नहीं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास और उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करने का माध्यम बनेगा। संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की सुविधा छात्रों को बड़े मंच के लिए तैयार करेगी। कॉलेज प्रबंधक अमित पाठक ने कहा कि सभागार में छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा सभागार छात्रों को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए मंच प्रदान करेगा।

# फैमिली आईडी बनवाने में लाएं तेजी, पूरा करें लक्ष्य

- दातागंज में 27 और समरेर में 29 प्रतिशत पूरा हुआ काम

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** विकासखंड दातागंज और समरेर में फैमिली आईडी बनाए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंघला की समीक्षा बैठक के बाद खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र राम ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों, पंचायत सहायक, रोजगार सेवकों को निर्देशित किया है कि सभी लोग तय लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा कराएं। यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि एक परिवार व एक पहचान योजना के तहत ब्लाक दातागंज की 60 ग्राम पंचायतों में 10 हजार 110 और समरेर की ग्राम पंचायतों में 9797 ग्रामीणों की फैमिली आईडी बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें पीएम किसान निधि, मनरेगा, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, निःशुल्क जूता-मोजा आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड की पंजीकृत श्रमिकों की सूची, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की सूची सभी ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करा दी गई है। जिनके राशन कार्ड नहीं हैं उनकी फैमिली आईडी बनाई जानी है। ब्लाक दातागंज में अब तक 27 प्रतिशत और समरेर में 29 प्रतिशत की फैमिली आईडी बनाई जा चुकी है।

# शीघ्र पूरा करें दातागंज, सहसवान तटबंध का काम

- बाढ़ खंड के चीफ ने तटबंधों का निरीक्षण करके कर्मचारियों को किया निर्देशित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंगा के तटबंधों के मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने को मुरादाबाद के बाढ़ खंड के चीफ यहां पहुंचे। उन्होंने सहसवान की महावा नदी के तटबंध का बारीकी से निरीक्षण किया। उसके बाद दातागंज क्षेत्र में रामगंगा के कटान की स्थिति देखी। यहां पर गंगा नदी के अंदर दोहरा पत्थर लगाने के निर्देश दिए।

बाढ़ खंड चीफ ने मानसून की बारिश से पहले काम पूरा करने को निर्देशित किया। जनपद में अप्रैल माह से गंगा के तट बंधों की मरम्मत की जा रही है। जिले में पांच प्वाइंटों पर काम किया जा रहा है। तटबंधों का मरम्मत कार्य देखने को गुरुवार को मुरादाबाद से बाढ़ खंड के चीफ शरद कुमार यहां पहुंचे। चीफ ने सबसे पहले सहसवान के महावा नदी पर चल रहे मरम्मत कार्य को देखा। कहा कि बाढ़ को रोकने के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। गंगा नदी के अंदर दोहरा पत्थर लगाया जाए जिससे बाढ़ का पानी बांध को न काट सके। 14 किमी लंबे बांध पर इस बार बेहद सावधानी के साथ काम किया जा रहा है। यहां पर निरीक्षण करने के बाद शरद कुमार दातागंज क्षेत्र में पहुंचे। यहां पर रामगंगा की धारा बाढ़ का खतरा पैदा करती है। इसलिए गौटिया गांव के बाहर बाढ़ का पानी रोकने को ऊंचा बांध बनाया जाता है। इस बांध के अंदर के गांवों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। शरद कुमार ने कहा कि मानसून की बारिश से पहले सभी बांधों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। 10 जून के बाद कभी भी बारिश हो सकती है। इसलिए मरम्मत कार्य में देरी नहीं की जाए। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि बाढ़ खंड के चीफ द्वारा तटबंधों पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। मरम्मत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। महावा नदी पर पुख्ता प्रबंध को कहा गया है।



महावा नदी तटबंध का निरीक्षण करते बाढ़ खंड के चीफ व अन्य अधिकारी।

### हसनपुर और उसहैत बांध पर लगे दो सौ मजदूर

उसहैत क्षेत्र के असमिया रफतपुर बांध और हसनपुर चंदनपुर बांध की मरम्मत कार्य के बारे में बाढ़ खंड अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दोनों बांधों पर दो सौ से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। दोनो बांधों का निरीक्षण प्रतिदिन किया जा रहा है। लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य 10 जून से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। उक्त दोनो बांध अति संवेदनशील श्रेणी में हैं इसलिए अधिकारियों का फोकस इन बांधों पर अधिक है।

# मारपीट के पांच दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

- गुन्नौर क्षेत्र के गांव मीरमपुर धेर में 2012 में हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर मारपीट करने के छह आरोपीयों में से पांच को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश रिंकू ने दोषी पाया है। दोषियों को तीन-तीन साल के कारावास और 8250-8250 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। एक आरोपी मदन पाल की मुकदमा के विचारण के दौरान मौत हो गई थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के मीरमपुर धेर निवासी राजू ने 29 सितंबर 2012 को पुलिस को तहरीर दी थी कि वह, उनके भाई रवि, पिता नवाब सिंह अपने घर के सामने की जमीन में मिट्टी फैला रहे थे तभी दीपक व योगेंद्र पुत्र महेंद्र, शिवम व नीरज पुत्र रोशन, योगेंद्र पुत्र महेंद्र, अतर सिंह पुत्र ब्रजवल्लभ तमंचे और बंदूक लेकर पहुंचे व जान से मारने की नीयत से उन लोगों पर फायरिंग की। ईंटें बरसाने लगे। शोर सुनकर गांव के गोपाल सिंह, लाला राम व अन्य ग्रामीण आ गए तो हमलावर भाग गए। नवाब सिंह, लालाराम, गोपाल सिंह पुत्र रामचरन, राजू उर्फ राजकुमार पुत्र नवाब सिंह, नितिन पुत्र गोपाल सिंह पर मारपीट करके चोट पहुंचाने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने साक्ष्य के अवलोकन और अपर शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार गुप्ता और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद दोषियों को सजा सुनाई।

**निरीक्षण** — शासन के निर्देश पर गांव बल्लिया गन्ना किसानों से जुटाई जानकारी

# गन्ने का रकबा देखने खेतों में पहुंचे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर गन्ना विभाग और चीनी मिलें जनपद में गन्ना खेती का सर्वे करने में जुटी है। गन्ने का रकबा दर्ज किया जा रहा है। साथ ही गन्ना के खेतों में कीटनाशक का छिड़काव करने की हिदायत दी जा रही है। जनपद में गन्ना खेती का रकबा हर साल कम हो रहा है। गन्ना विभाग को गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य दिया जाता है फिर भी खेती का रकबा नहीं बढ़ पा रहा है। इसलिए अब शासन स्तर से गन्ना खेती का सर्वे शुरू कर दिया गया है। जिले की दोनो चीनी मिलों को अपने-अपने क्षेत्रों में गन्ना खेती का सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के चलते गुरुवार को ब्लॉक सलारपुर के ग्राम बल्लिया में बिसौली चीनी मिल और गन्ना विभाग के अधिकारी गन्ना खेती का सर्वे करने पहुंचे। यह गांव बिसौली चीनी मिल में लगता है। इसलिए इस इलाके में 60 प्रतिशत किसान गन्ना उगाते हैं। बल्लिया में सर्वे करने के दौरान गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक डा. प्रदीप कुमार ने गन्ने के खेत को देखा। उन्होंने गन्ना किसानों को आगाह किया कि गर्मी में समय पर सिंचाई करें और यदि गन्ने की ग्रोथ धीमी हो तो कीटनाशक का छिड़काव करें। कहा कि इस समय गन्ने की फसल को देखभाल की जरूरत है। उन्होंने गन्ना खेती का रकबा दर्ज किया और क्षेत्र के किसानों को सुझाव दिया कि खेतों में गन्ने की पताई न जलाएं। बिसौली चीनी मिल के जीएम अनिल कुमार ने कहा कि किसानों को अपने खेतों में खाद-पानी समय से लगाना चाहिए। बेहतर उत्पादन के लिए वैज्ञानिक तकनीक अपनाएं। चीनी मिल व गन्ना विभाग से जानकारी हासिल करें। गन्ने का रकबा बढ़ाने के लिए शासन, विभाग और चीनी मिलें भरसक प्रयास कर रही हैं। गन्ना पर्यवेक्षक प्रेमपाल गंगवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।



खेत में गन्ने की फसल का सर्वे करते अधिकारी। • अमृत विचार

### गन्ने का रकबा बढ़ा, चीनी मिलों को राहत

शासन स्तर से गन्ना विभाग को इस बार शरद कालीन और बसंत कालीन गन्ना बुवाई का अलग-अलग लक्ष्य दिया गया था। लेकिन लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। विभागीय जानकारी के अनुसार 82 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया। जबकि कुछ किसानों ने बाद में भी गन्ना लगाया है। गन्ना विभाग के प्रयासों के चलते इस साल गन्ने का रकबा कुछ बढ़ने की उम्मीद है जिससे पेराई सत्र के दौरान चीनी मिलों को गन्ने की कमी नहीं होगी।

# प्रधानमंत्री की अपील से ज्वेलर्स की उड़ी नींद

- गोल्ड व्यापारियों को कारोबार प्रभावित होने का सता रहा डर
- प्रधानमंत्री से अपील पर पुनर्विचार करने का किया अनुरोध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचार :** एक साल तक सोने की खरीद न करने की प्रधानमंत्री ने अपील की है। साथ ही आयात शुल्क कटौती भी 15 फीसद पहुंच गई है। इसके बाद सोने के दाम में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के दाम सात हजार और चांदी 20 हजार प्रति किलो बढ़ गए हैं। जिसे सर्राफा कारोबारी चिंतित हो गए हैं। व्यापारी में कमी आई है। सोना बेचने वाले व्यापारियों को कारोबार प्रभावित होने का डर सताने लगा है। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री से अपील पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। ऐसा करने से सर्राफा बाजार को गहरा आघात पहुंचा है। दीपावली और उसके बाद अक्षय तृतीय पर जहां बाजार में अच्छी रौनक दिखाई दे रही थी। वहीं अब ग्राहक जरूरत भर की खरीदारी कर रहे हैं। आयात शुल्क बढ़ने और प्रधानमंत्री की अपील का छोटे दुकानदारों और कारीगरों पर सबसे अधिक असर पड़ रहा है। गुरुवार को सर्राफा बाजार में आभूषणों की दुकानों पर सन्नाटे वाली स्थिति रही। जिले में प्रतिदिन सोने और चांदी का करीब 30 से 40 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। सरकार के इस अप्रत्याशित फैसले से व्यापार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। सोने चांदी का कारोबार करने वाले व्यापारियों का कहना है कि एक तरफ प्रधानमंत्री ने लोगों से सोना न खरीदने की अपील की है, वहीं दूसरी तरफ आयात शुल्क में बड़ी बढ़ोतरी कर दी गई। सोने के भाव पहले से ही आसमान छू रहे हैं। जिससे सोना और चांदी आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र महाजन का कहना है कि सरकार को सोने की तस्करी रोकने के लिए सख्ती करनी चाहिए थी। लेकिन सरकार ने कारोबारियों और आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। शुल्क बढ़ने से सोना और महंगा हो जाएगा।

### आम आदमी को सोना खरीदना होगा मुश्किल

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र महाजन का कहना है जिले में सोने और चांदी का अच्छा कारोबार है। लेकिन केंद्र सरकार के फैसले के बाद सोने और चांदी की कीमत बढ़ने लगी हैं। गुरुवार को बोहनी तक के लाले पड़ गए। महंगाई के इस दौर में अब आम आदमी सोने और चांदी के जेवर खरीदने के लिए 10 बार सोचेगा।



### सर्राफा व्यापारियों के हित में नहीं है फैसला

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र महाजन का कहना है कि सरकार का आयात शुल्क बढ़ाने का फैसला सर्राफा व्यापारियों के हित में नहीं है। इससे बाजार में दो नंबर का काम ही बढ़ेगा और ईमानदार व्यापारी मारा जाएगा। सरकार के फैसले से सर्राफा कारोबारियों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कट्टे उठाते समय सर्पदंश से युवक की गई जान

**उसहैत :** उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर पुख्ता के मजरा मल्लहनगला निवासी धनपाल पुत्र हेमराज घर के एक कमरे में गेहूं भरे कट्टे उठा रहे थे। इसी दौरान एक सांप ने उन्हें डंस लिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन धनपाल को गांव ले आए। बैगी और तांत्रिकों से झाड़ फूंक कराई लेकिन वह नहीं बचे। पुलिस ने शव पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि धनपाल अपने पिता के इकलौते बेटे थे। उनकी पत्नी आरती, बच्चे भूरे का रो रोकर बुरा हाल है।

### एक गांव की तीन किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला :** पास के गांव गईं तीन किशोरियां लापता हो गईं। परिजनों की ओर दी गई तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक दिन में तीन किशोरियों के लापता होने से इलाके में तरह-तरह की चर्चा हो रही हैं। मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि किशोरियां 11 मई की सुबह 11 बजे पड़ोस के गांव कपड़े सिलवाने की बात कहकर घर से निकली थीं। शाम तक किशोरियां घर नहीं पहुंचीं। परिजनों ने तलाश शुरू की। कुछ लोगों ने बताया कि किशोरियों को गांव के ही तीन युवकों के साथ जाते देखा गया है। किशोरियों के पिता ने युवकों के परिजनों से जानकारी की तो वह गुस्सा हो गए और मारपीट पर आमादा हो गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों रोहतास, करन, संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया शिकायत मिली थी। रिपोर्ट दर्ज करके किशोरियों की तलाश की जा रही है।

### डिजिटल अध्ययन के बारे में दी जानकारी

**बदायूं :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि अध्ययन केंद्र, राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश सत्र के नए लर्नर्स की ऑनलाइन परिचय सभा हुई। मुख्य अतिथि अलीगढ़ क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य रहे। डॉ. आचार्य ने लर्नर्स को डिजिटल अध्ययन प्रक्रिया से अवगत कराया। बताया कि इग्नू की वेबसाइट पर स्टूडेंट सर्विसेज के डाउनलोड सेक्शन से कोर्स के असाइनमेंट डाउनलोड कर एकतरफा रूल पेपर पर तैयार करें। असाइनमेंट दिसंबर या जून 2027 सत्रांत परीक्षा के पूर्व अध्ययन केंद्र में जमा करें।

# डबल इंजन की सरकार में तेज विकास

## कछला गंगा घाट पर 2647.12 लाख रुपये की परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण और शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने अन्य जनप्रतिनिधियों ने भागीरथी कछला गंगा घाट पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की 2647.12 लाख रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार में आमजन के हितार्थ अनेकों कार्य कराए जा रहे हैं। जिसका सीधा लाभ पात्रों को मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने मुख्तः तीन विशेष कार्य किए गए हैं। जिसमें प्रथम पर प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित हुआ है। अवस्थापना व विकास के कार्य युद्ध स्तर पर कराए गए और तीसरा बेहतर कनेक्टिविटी दी गई है। चाहे वह सड़क के माध्यम से हो, रेल के माध्यम से हो या हवाई सेवाओं के माध्यम से हो, बेहतर कनेक्टिविटी देने का कार्य सरकार ने किया है।



कछला घाट पर आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार



परियोजनाओं का शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व प्रदेश के मंत्री जयवीर सिंह।

- कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां
- जयवीर सिंह ने कहा-प्रदेश में अब कानून का राज, पहले से बहुत बेहतर हुई कनेक्टिविटी

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि पर्यटन विभाग देश की सांस्कृतिक व पौराणिक धरोहरों को विकसित व संरक्षित करने का कार्य कर रहा है।

केंद्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार में आमजन के हितार्थ अनेकों विकास कार्य कराए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उन्हें मिला है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से बदायूं में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कहा कि बदायूं व उझानी में बाईपास हो, मथुरा बरेली फोरलेन एक्सप्रेसवे हो आदि विकास कार्य जनता के हितार्थ कराए जा रहे हैं। कहा कि बदायूं में रिंग रोड, सड़कों के चौड़ीकरण आदि कार्य भी कराए जा रहे हैं। जनपद में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 410.93 लाख रुपये के पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 कुल 2236.19 लाख रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता शरदेंदु पाठक, ब्लॉक प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## एएसपी ने जीते दो कांस्य पदक, बढ़ाया प्रदेश का मान

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी एवं वर्तमान में लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध (ईओडब्ल्यू) के पद पर तैनात राजकुमार सिंह ने दो कांस्य पदक जीते हैं। उन्हें यह पदक ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन में मिले हैं।

ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप 9 मई से 13 मई तक लखनऊ में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम की ओर से प्रतिभाग करते हुए राजकुमार सिंह ने मिक्स्ड डबल्स तथा वेटरन पुरुष डबल्स इवेंट में दो कांस्य पदक हासिल किए। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एवं उत्तर प्रदेश के खेल सचिव सुहास एलवाई (आईएएस) ने राजकुमार सिंह को पदक पहनाकर सम्मानित किया। दो पदक जीतकर उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है। इससे पूर्व उन्होंने वर्ष 2017 में कोच्चि (केरल) में आयोजित प्रतियोगिता में मिक्स्ड डबल्स इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। राजपत्रित श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह उत्तर प्रदेश के अब तक एकमात्र खिलाड़ी हैं। इसके अतिरिक्त राजकुमार सिंह प्रदेश स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में एक दर्जन से अधिक गोल्ड मेडल भी अपने नाम कर चुके हैं। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।



गोल्ड मेडल पहनाते आयोजक।

- तहसील के गांव हैबतपुर के रहने वाले हैं एएसपी राजकुमार सिंह

## ट्रैक्टर-ट्राली पर गिरा पेड़, यातायात बाधित



पेड़ के नीचे दबी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

संवाददाता, दबतोरी

**अमृत विचार :** ब्लाक आसफपुर क्षेत्र में बुधवार रात तेज आंधी आने से क्षेत्र में हरे भरे पेड़ मुख्य रास्तों पर गिर गए, जिससे आवागमन ठप रहा । दबतोरी क्षेत्र से बरेली, रामपुर, संभल, बरेली, मुरादाबाद के लिए सड़कें जाती हैं। बुधवार की रात तेज आंधी आने से काफी पुराना हरा भरा पाकड़ का पेड़ गिर गया। ट्रैक्टर ट्राली भी उसके नीचे दब गई। इसके अलावा बिजली के खंबे और तार भी टूटकर जमीन पर गिर पड़े। जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। दबतोरी-बिसौली मार्ग पर भी काफी पेड़ टूट कर गिर गए जिससे आवागमन प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने पहुंचकर पेड़ों की टहनियां काटकर आवागमन शुरू कराया। ग्रामीण रोड पर गिरे पेड़ों की लकड़ियों को ईंधन के रूप में उठाकर अपने घरों को ले गए। वन और पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी पूरी तरह नदारद रहे। तारों के टूटने से बिजली सप्लाई ठप हो गयी।

## सोशल साइट्स पर फोटो अपलोड होने पर किशोरी ने दी जान

**कादरचौक :** सोशल साइट्स पर अपनी एडिट फोटो अपलोड होने से परेशान किशोरी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

मामला थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी 15 साल की किशोरी कक्षा 7 की छात्रा थी। वह बुधवार को वह घर से कुछ दूर पशुशाला में चारा डालने के लिए गई थी। गांव के एक युवक ने उसका फोटो खींच लिया। जिसके बाद फोटो एडिट करके सोशल साइट्स पर अपलोड कर दी। किशोरी अपना एडिट फोटो देखकर घबरा गई। किशोरी को लगा कि उसके परिजन फोटो देखकर नाराज होंगे। जिसकी वजह से उसने फंदा लगा लिया। परिजनों के तहरीर देने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## वन मंत्री अचानक पहुंचे पौधशाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राज्य सरकार में वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने गुरुवार को यहां पहुंच कर आरवोरेटम पौधशाला का औचक निरीक्षण किया। पौधरोपण अभियान को जनांदोलन के रूप में चलाने को कहा। साथ ही रोपित किए जाने वाले पौधों की सुरक्षा और देखभाल करने को निर्देशित किया।

वन मंत्री अरुण कुमार आज यहां औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले आरवोरेटम पौधशाला का निरीक्षण किया। पौधशाला में तैयार हो रहे विभिन्न प्रजातियों के पौधों को देखा। कहा कि पौधे ठीक हैं। इनको पौधरोपण अभियान के दौरान लगाया जाए और उनकी सुरक्षा की जाए। पौधरोपण अभियान को जनांदोलन के रूप में चलाया जाए। कहा कि जनपद को हरा भरा करने के लिए बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है। वन विभाग द्वारा तैयार किए गए पौधों को देख कर वन मंत्री ने कहा कि यहां पर बेहद अच्छे पौधे हैं जो जल्द ही छायादार बन जाएंगे।



पौधशाला का निरीक्षण करते वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना। ● अमृत विचार

- डीएफओ को दिए निर्देश, जन आंदोलन के रूप में चलाएं पौधरोपण का अभियान

डीएफओ निधि चौहान ने बताया कि आज वन मंत्री का औचक निरीक्षण था। उन्होंने बारापत्थर स्थित पौधशाला को देखा। वन विभाग द्वारा तैयार किए गए पौधों को बेहतर बताया। कहा कि पौधा रोपण अभियान को सफल बनाएं। डीएफओ ने वन विभाग के अन्य कामकाज की जानकारी दी। सीओ विकास कुमार वरुण ने वन मंत्री को औचक निरीक्षण कराते हुए अवगत कराया कि इस बार करीब 72 लाख पौधे तैयार किए गए हैं जो पौधारोपण अभियान के दौरान जिले भर में रोपे जाएंगे। सीओ ने कहा कि वन मंत्री ने यहां की व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया। इस मौके पर एसडीओ जगन्नाथ और रेंजर सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## सड़क हादसे में बेटे की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक राजमिस्त्री की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी रवि (22) राजमिस्त्री थे। वह बुधवार को अपने पिता प्रसादी लाल के साथ किसी काम से दादरी गए थे। काम निपटाने के बाद वह दोनों अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल पिता-पुत्र को अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान रवि की मौत हो गई। पिता का इलाज चल रहा है।

## रोमांचक मैच में महाकाल की जीत

- ग्राम करियामई में अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** विकास खंड इस्लामनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत करियामई में अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार रात्रि दो बजे फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया। इस रोमांचक फाइनल में महाकाल टीम ने बालाजी टीम को 10 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के आयोजक मनोज उपाध्याय और यशपाल सिंह शाक्य ने बताया कि इसमें केवल 14 से 15 वर्ष तक के बच्चों को ही खेलने की अनुमति थी। ऐसे आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। मंगलवार रात को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें महाकाल टीम और बालाजी टीम ने फाइनल में जगह बनाई। बुधवार रात को हुए फाइनल में महाकाल टीम के कप्तान राजू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बालाजी की टीम निर्धारित 14 ओवर में 78 रन ही बना सकी।जवाब में राजू की महाकाल टीम ने बिना कोई विकेट खोए 12 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



ट्रॉफी के साथ बैठे विजयी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में नाधा ने 5 विकेट से जीता मैच



विकास कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** गांव के पुरदलपुर रोड पर शिव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में करियामई प्रीमियर लीगमें सातवां मैच नाधा और विक्रमपुर चरसौरा टीम के बीच हुआ। जिसमें नाधा ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। विक्रमपुर चरसौरा की टीम 14 ओवर में 105 रन बनाकर आउट हो गई। नाधा की ओर से सचिन मीणा ने तीन ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिए। विकास ने तीन ओवर में 4 विकेट लिए। नाधा की टीम ने 7 ओवर में 5 विकेट खोकर 106 रन बनाए और मैच जीत लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए विकास को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## न्यूज डायरी

### महिला केयरटेकर्स ने उपजिलाधिकारी से की उत्पीड़न रोकने की मांग

**बिसौली, अमृत विचार :** सार्वजनिक शौचालय की केयर टेकर्स ने एसडीएम को पत्र सौंपकर उत्पीड़न रोकने की गुहार की। साथ ही मानदेय से कटौती न करने की भी मांग की। गुरुवार को सार्जवनिक शौचालयों की केयरटेकर्स एसडीएम कार्यालय पहुंचीं। केयरटेकर्स ने कहा कि इस समूह में एक परिवार का वर्चस्व है उस परिवार में अनेक सदस्य हैं। जिससे दूसरे केयरटेकर्स को परेशानी होती है। उन्होंने किसी अन्य समूह में स्वयं को सम्बद्ध करने की गुहार लगाई साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। गांव में सार्वजानिक शौचालय पर सफाई प्रबंधन हेतु इन महिलाओं को समूह द्वारा ही 6 हजार मानदेय मिलने का प्रावधान है, केयरटेकर्स ने कहा कि उनका मानदेय समय पर नहीं दिया जाता है। वीएम और एडीओ पंचायत समूह की महिलाओं से सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। सुविधा शुल्क न देने पर सेवा समाप्ति की धमकी दी जाती है। इस पर रोक लगाई जाए।





### भाजपा का दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आज से

**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा के राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत 15 व 16 मई को मुड़िया धुरेकी के एमजी ग्रीन रिसॉर्ट में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन होगा। प्रशिक्षण वर्ग में सभी जनप्रतिनिधि, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, नगर निकाय चेयरमैन, जिला कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी सहभागिता करेंगे और रात्रि प्रवास भी करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग लगातार 30 घंटे तक 11 विभिन्न सत्रों में संचालित होगा। जिसमें केंद्रीय व प्रदेश स्तर से प्रशिक्षित विषय विशेषज्ञ कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, राजनीतिक विषयों, सोशल मीडिया, नवीनतम तकनीकी से प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।



### अमृत सरोवर में फंसी गाय को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव मोंगर में बने अमृत सरोवर में बुधवार देर रात एक गाय फंस गई। गाय रात के समय पानी पीने या घूमते हुए सरोवर में उतर गई थी, लेकिन जलकुंभी और दलदल में फंसने के कारण बाहर नहीं निकल सकी। पूरी रात गाय सरोवर में ही फंसी रही। दूसरे दिन ग्रामीणों ने किसी तरह गाय को बाहर निकाला। मोंगर गांव के बाहर लाखों रुपये खर्च कर अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है। इस अमृत सरोवर में सफाई व्यवस्था न होने से जलकुंभी पनप गयी है जिससे पूरे तालाब को गंदा कर दिया है। बुधवार की शाम को एक गाय पानी पीने को तालाब किनारे गई, वह किसी तरह तालाब में गिर गयी। जो रात भर तालाब में फंसी रही।

### श्याम भवन में हुआ श्याम बाबा का संकीर्तन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**बिल्सी , अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या एक पटवा कॉलोनी स्थित श्याम भवन पर बुधवार की रात एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा श्याम के भजनों पर जमकर झूमे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम से पूर्व खाटू श्याम बाबा का आकर्षक और भव्य श्रृंगार किया गया। यहां सबसे पहले भवन के सेवादार शिवम माहेश्वरी ने विधि-विधान से बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ कराया। जैसे ही भजन-कीर्तन शुरू हुआ, श्याम प्रेमियों ने बाबा के जयकारों के साथ गीत गाकर अपनी आस्था प्रकट की। संकीर्तन के दौरान हारे के सहारे, श्याम हमारे जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर कई श्रद्धालु मौजूद रहे।



## विरोध

### व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 12 सूत्रीय मांग पत्र

# फूड एक्ट में खामियां दूर करने की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में फूड एक्ट की खामियों को दूर करने के लिए प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगपत्र जिला अभिहीत अधिकारी सी एल यादव को सौंपा जिसमें फूड एक्ट की खामियों को दूर करने की मांग की गई।

व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने बताया कि फूड एक्ट के मानकों से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सैंपल भरे जाने के दौरान फॉर्म 5 क नहीं भेजा जाता। निर्माता को पार्टी बनाए जाने की दशा में फार्म 5 क निर्माता के पते पर पंजीकृत डाक द्वारा त्वरित भेजा जाए। साथ ही रिटेलर या होलसेलर द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर ही निर्माता को सैंपल भरते समय पार्टी बनाया जाए।



अभिहित अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

प्रांतीय युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश लड्डा ने यह भी बताया कि जांच रिपोर्ट महीनों में प्राप्त होती है। जबकि जांच रिपोर्ट 14 दिन में भेजे जाने का प्रावधान किया गया है। जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने बताया केंद्रीय प्रयोगशाला द्वारा पुनः जांच के लिए भेजे जा रहे पत्र जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने के महीना बाद भेजे जा रहे हैं जिससे जांच किए जाने वाले खाद्य पदार्थ की एक्सपायरी डेट निकल जाती है। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लांबा ने बताया कि सैंपल भरे जाने के बाद राजकीय जन विश्लेषण प्रयोगशाला से शीघ्र रिपोर्ट प्राप्त कर नमूना फेल आने की दशा में पुनः जांच के लिए धारा 46 (4) का का पत्र तुरन्त जारी करने के आदेश दिए जाएं। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता भल्लु ने बताया कि तुरंत न्याय के लिए खाद सुरक्षा व मानक अधिनियम की धारा 69 के अंतर्गत मामूली वादों के लिए शमन की व्यवस्था लागू की जाए।

नगर चेयरमैन दिनेश गुप्ता ने कहा कि निर्माता के सील बंद पैकिंग के लिए की जारी छापेमारी कार्रवाई बंद किए जाने के निर्देश जारी किए जाएं। प्रदर्शन में माहेश्वरी, नरेश शंखधार, दिनेश गुप्ता, अमित वैश्य, राजेश गुप्ता, राहुल सोलंकी आदि शामिल रहे।

## 27 मई से शुरू होगा विराट यज्ञ महोत्सव तैयारियां तेज

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले विराट यज्ञ महोत्सव को लेकर प्रचार-प्रसार चल रहा है। महोत्सव के निर्देशक एवं वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने बृहस्पतिवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता से भेंट कर उन्हें यज्ञ महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान पतंजलि योग समिति के सौ से अधिक सदस्यों को भी यज्ञ महोत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।

विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि यज्ञ महोत्सव एक सराहनीय एवं समाजोपयोगी कार्य है। यज्ञ जहां एक ओर पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बच्चों को संस्कारित तथा परिवारों को सुसंस्कृत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## नई सराय नई बस्ती में बनेगी सड़क व नाली

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में पालिका लगातार कार्य कर रही है। आज पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने वार्ड 27 नई सराय नई बस्ती में करीब 14 लाख रुपये से इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने जहीर के मकान से गुड्डू के मकान तक तथा असलम के मकान से पप्पू के मकान तक बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। कहा कि नई सराय नई बस्ती लंबे समय से टूटी सड़कों और जलभराव की समस्या से जूझ रहा था। बरसात में आवागमन में परेशानी होती है।

पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों और ठेकेदारों से कहा कि निर्माण निर्धारित समय सीमा में कराए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सभासद नाजरीन, रफी उद्दीन, हनीफ उद्दीन, सलमान, जहीर, मुजीब, फसी उद्दीन, मजीद, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, लवी कुमार, लिपिक नवेद इकबाल गनी, गजेन्द्र शाक्य सहित अन्य कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर लगातार हो रहे हादसे, वजह तलाश रहा प्रशासन

### 29 अप्रैल को लोकार्पण के बाद से गंगा एक्सप्रेस वे पर हो चुके हैं कई हादसे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकार्पण के बाद से गंगा एक्सप्रेस वे पर लगातार हादसे हो रहे हैं। हादसों का कारण शासन-प्रशासन के लिए पहेली बना हुआ है। जिला प्रशासन ने हादसों की वजह तलाशना शुरू किया है। बुधवार रात डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा गंगा एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे। वहां की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गंगा एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन कराने के लिए निर्देशित किया।

मेरठ से प्रयागराज तक बनाए गए गंगा एक्सप्रेस वे का 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया था जिसके बाद अलग-अलग हादसों में एक महिला की मौत हुई थी और कई लोग घायल हो गए थे। एक बस का टायर तक फटा था। जिसके चलते अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा का खाका तैयार किया। हादसों की


गंगा एक्सप्रेस वे का जायजा लेते डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा।

- **जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण**

वजह की तलाश की। अधिकारियों ने कहा कि सभी अधिकारी गंगा एक्सप्रेस वे पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करें। विशेष रूप से रात के समय दृश्यता बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे, डायवर्जन स्थल और संवेदनशील स्थानों, कामर्शियल वाहनों, बड़े व भारी वाहनों पर पर्याप्त संख्या में रेडियम रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेतक लगाएं। अधिकारियों ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि भारी वाहनों, ओवरलोड वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रवर्तन की प्रभावी कार्रवाई करें। सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जरूरी काम करें। यूपीडा और पुलिस को नियमित पेट्रोलिंग को निर्देशित किया गया। आपातकालीन स्थिति में सहायता उपलब्ध कराने के लिए एम्बुलेंस, क्रेन और अन्य राहत सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिससे किसी भी दुर्घटना या आकस्मिक स्थिति में तत्काल राहत और बचाव कार्य किया जा सके।

### एक्सप्रेस वे पर न आने पाएं जानवर

जिलाधिकारी ने अधिकारियों ने निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था करें कि कोई जानवर गंगा एक्सप्रेस वे पर न आ सके क्योंकि तेज रफ्तार वाहनों के सामने उनके अचानक आ जाने से दुर्घटना की अधिक आशंका रहती है। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर मोहित कुमार साथ रहे। जिला प्रशासन ने वाहन चालकों का आह्वान किया है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं। सुरक्षा उपायों को अपनाकर सुरक्षित यात्रा करें। डीएम ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था, कुछ समस्या सामने आई हैं। जिनका निस्तारण कराकर हादसों को रोका जा सकता है। इसके लिए यूपीडा को अवगत कराया गया है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो भाइयों को जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते अपने ही भाई को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

गांव उलैया निवासी उमेश पुत्र रामपाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके भाई टिंकू और मनोज जमीन के बंटवारे को लेकर उसके दूसरे भाई रवेंद्र (25) को लंबे समय से मानसिक ओर शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर रवेंद्र ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी टिंकू और मनोज को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि जमीन विवाद में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# लापता बच्ची को तीन घंटे में ढूंढ लाई बिल्सी पुलिस

संवाददाता, बिल्सी

- **मां के साथ बाजार गई डेढ़ साल की बच्ची हो गई थी गुम**

**अमृत विचार :** नगर बिल्सी के तहसील रोड पर लगने वाली गुरुवार की साप्ताहिक बाजार से डेढ़ साल की बच्ची के लापता होने से परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने महज तीन घंटे के भीतर बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। बच्ची के मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग निवासी गुलशन अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी गुड़िया के साथ बिल्सी के साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आई थीं। बाजार में भीड़भाड़ के दौरान बच्ची अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब बच्ची का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस टीम ने बच्ची की तलाश शुरू कर दी। महिला उपनिरीक्षक रचना देशवाल के नेतृत्व में पुलिस ने बाजार और आसपास के क्षेत्रों में



बरामदगी के बाद मां के साथ मौजूद बच्ची।

गहन तलाशी अभियान चलाया। करीब तीन घंटे की मेहनत के बाद पुलिस टीम ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्ची को उसके माता-पिता गुलशन और सैफ अली के सुपुर्द कर दिया गया। मासूम बेटी को सुरक्षित पाकर परिवार की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। परिजनों ने बिल्सी पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।

# मुद्दों नहीं, अभद्रता की राजनीति कर रही सपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** महोबा से सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने मालवीय अध्यापक आवास गृह पर प्रदर्शन किया। सपा के खिलाफ नारेबाजी की। सपा सांसद से सार्वजनिक माफी की मांग की।

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमिता उपाध्याय ने कहा कि सपा लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं और राजनीतिक शिष्टाचार को खत्म करने का काम कर रही है। महोबा के सांसद ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया है। जो दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। सपा नेताओं की भाषा अब उनके संस्कार और मानसिकता को उजागर कर रही है। उसावां नगर पंचायत चेयरमैन प्रियंका सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भारत की मजबूत पहचान बन चुके हैं लेकिन


विरोध प्रदर्शन करतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **महोबा सांसद के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन**

विपक्ष अपनी राजनीतिक हताशा में लगातार अमर्यादित बयानबाजी कर रहा है। सपा नेताओं को जनता के मुद्दों और विकास की राजनीति से कोई सरोकार नहीं रह गया है। यही कारण है कि उनके सांसद अब राजनीतिक बहस छोड़कर अपमानजनक भाषा का सहारा ले रहे हैं।

महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री रेनू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी एक दल के नहीं बल्कि पूरे देश के सम्मान और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं के प्रतीक हैं। उनके खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग देश और लोकतंत्र दोनों का अपमान है। सपा की पहचान अब अराजकता, अभद्रता और विवादित बयानों तक सीमित होकर रह गई है। जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर ने कहा समाजवादी पार्टी लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करने का काम कर रही है। ब्लॉक प्रमुख विचित्रा देवी ने कहा कि सपा अब मुद्दों की राजनीति छोड़कर अभद्रता की राजनीति पर उतर आई है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, जिला मंत्री रचना शंखधार, राजवती वर्मा, सलोनी पाठक, करुणा सोलंकी, ममता वर्मा, अनीता मिश्रा, गुड्डी आदि मौजूद रहीं।

## बुरी नीयत से पकड़ा, घर में घुसकर मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि 7 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे गांव में बारात आई थी। उसकी 11 साल की बेटी बारात देखने गई थी। वापस लौटते समय पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया। वह जैसे तैसे घर पहुंची। आरोपी भी पीछे से घर में घुस आए और मारपीट की। किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंच गए। आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। थाने पर शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो महिला ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर पूर्व प्रधान समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# रविवार को साइकिल से चलेंगे सदर विधायक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान के बाद सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने संकल्प पत्र जारी किया है। जिसके अनुसार वह रविवार को शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में साइकिल से ही पहुंचेंगे। एक साल तक विदेश यात्रा नहीं करेंगे। वह सोना न पहनते हैं, छूते हैं और न ही खरीदते हैं। यह क्रम वह जारी रखेंगे। घर पर तैलीय चीजों का उपयोग 50 प्रतिशत कम कराएंगे।


महेश चंद्र गुप्ता सदर विधायक।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जनता से आग्रह के बाद उन्होंने भी कुछ निर्णय लिए हैं। वह हर सप्ताह रविवार को जनता के ही काम करेंगे। आवश्यक होने पर रविवार को साइकिल से ही सफर करेंगे। उन्होंने साल 1984 से सोने को छुआ तक नहीं है। वह स्वदेशी वस्तुओं का ही प्रयोग करेंगे। वह एक साल तक विदेश यात्रा नहीं करेंगे। विधायक ने किसानों से जितना संभव हो उतना प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

### इससे पहले कर चुके हैं प्रतिज्ञा और अपील

इससे पहले भी सदर विधायक ने कई प्रतिज्ञा और अपील की हैं। वह किसी की शादी या दुख में जाने पर जलपान या भोजन नहीं करते। सहसवान क्षेत्र में ईसमपुर से मालपुर तक बांध बनने तक एक समय का भोजन करने का निर्णय लिया। जिसके बाद वह बांध बन गया। गांव हरदत्तपुर में पुल निर्माण तक एक समय का भोजन किया। 30 नवंबर 2008 को प्रतिज्ञा ली कि देश से आतंकवाद का खात्मा होने तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। उनकी कोई बीमा पॉलिसी भी नहीं है। इसके अलावा उन्होंने प्रतिज्ञा ली थी कि उनके मंत्री काल में जो भी उपहार मिले हैं उनकी पूजा करेंगे और प्रदर्शनी लगाएंगे। इससे जो भी धन अर्जित होगा वह अयोध्या के श्रीराम मंदिर को देंगे। इससे उन्हें 51 लाख रुपये मिले जो उन्होंने मंदिर को दिए। इसके बाद उन्होंने 26 अप्रैल 2021 को नाती विश्व प्रिय के जन्मदिन पर कोरोना की समाप्ति तक अन्न ग्रहण न करने का संकल्प लिया था। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर ही अन्न ग्रहण का संकल्प लिया। 10 अगस्त 2024 को उनके जन्मदिन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल और केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने उन्हें अन्न ग्रहण कराया था। जिसके बाद नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

## फिल्मी अंदाज में बिचौलिये को पकड़ा, थाने में हुई पूछताछ

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमित विचार :** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर की गई 1.29 करोड़ की धोखाधड़ी में विवेचना कर रही पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। बताते हैं कि उसी के द्वारा जमीन का सौदा कराया गया था। पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। इधर, फिल्मी अंदाज में हुई धरपकड़ को लेकर चर्चाएं रही।

बता दें कि बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के ग्राम कोट के निवासी अनिकेत की ओर से 16 मार्च को छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि जमीन की सौदेबाजी के दौरान आरोपियों ने 1.29 करोड़ रुपये ले लिए और बाद में किसी अन्य को जमीन का बैनामा करा

- **जमीन दिलाने के नाम पर 1.29 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

दिया। इसकी विवेचना पुलिस कर रही है। इस खरीद फरोख्त में बिचौलिये की भूमिका एक युवक द्वारा निभाए जाने की जानकारी पुलिस को मिली। इस पर पुलिस उस तक पहुंचने की तैयारी में थी। तभी बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि वह क्षेत्र में आया हुआ है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी की और हिरासत में लेकर थाने आई। इधर, फिल्मी अंदाज में युवक को पकड़ने से राहगीरों में किसी बड़े अपराधी की धरपकड़ का शोर मचा रहा। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के एक मामले में युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया था।

# अपहरण-हत्या के पांच दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अपहरण करके हत्या करने के पांच आरोपियों को सत्र न्यायाधीश विवेक सगल ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक दोषी पर 19 और बाकी पर 18-18 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

मुकदमा के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव धिलौर निवासी शीशपाल सिंह पुत्र छोटेलाल ने 24 फरवरी 2014 को पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके भाई उमेश उर्फ पुष्पेंद्र सिंह ने 13 फरवरी 2014 को अपनी पत्नी और भाई नरेश पाल से कहा कि वह अपनी ससुराल जा रहे हैं। जिसके बाद वह घर से सड़क पर जाकर वाहन का इंतजार करने लगे।

- **13 फरवरी को युवक का अपहरण करके कर दी थी हत्या**

वहीं उनके गांव के देवेंद्र और पुत्तन खोया बेचने के लिए दातागंज मंडी जा रहे थे। उसी समय गांव के कमलेश पुत्र उदयवीर, करूं उर्फ तारीफ पुत्र रिशिपाल, योगेश पुत्र सुखपाल, उमेश व दो अन्य लोग बाइकों से आए। करूं उर्फ तारीफ एक बाइक चला रहे थे। उनके साथ कमलेश बैठे थे, कमलेश ने बाइक रुकवाई और उमेश से पूछा कि वह कहां जा रहे हैं। उमेश ने ससुराल जाने की बात कही। कमलेश ने उमेश को बाइक पर बैठने को बोला तो वह करूं की बाइक पर बैठ गए। कमलेश अगले दिन आए तो परिवार के प्रवेश ने कमलेश से पूछा कि उमेश चाचा को कहां छोड़ आए। कमलेश ने कहा कि जोगेश ने उमेश को मार डाला है। परिजनों ने कमलेश से जोगेश का मोबाइल नंबर लेकर फोन किया तो बताया कि कमलेश और करूं ने उमेश को मार दिया है।

न्यायालय में गांव धिलौर निवासी करूं उर्फ तारीफ सिंह पुत्र रिशिपाल सिंह, जोगेश पुत्र सुखपाल, हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव दियुचरी निवासी कमलेश पुत्र बांके, गांव हर्रनगला निवासी औमान सिंह उर्फ छोटे पुत्र अजुदी यादव पर उमेश का अपहरण करके हत्या का मुकदमा चलाया गया।

न्यायाधीश ने साक्ष्यों के अवलोकन और अभियोजन पक्ष के जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौड़ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद सभी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और जुर्माना की सजा सुनाई है। मुकदमा के दौरान कमलेश पुत्र उदयवीर की मौत हो गई थी।

## सीएम से शिकायत पर सट्टेबाजों ने शिकायतकर्ता को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आईपीएल का सट्टा कराने वालों के हौसले बुलंद हैं। वे अवैध धंधे के बीच आने वालों को धमकाने से भी नहीं कतराते।

शहर के मोहल्ला मीरा सराय निवासी गुड्डू ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर शहर के निवासी हिस्ट्रीशीटर मेहराज चौधरी व उसके साले पर शहर में आईपीएल का सट्टा व जुआ कराने और स्मैक तक का धंधा करने का आरोप लगाया था। पुलिस के पास मामला पहुंचा तो दबिश दी गई लेकिन सटोरिए हत्थे नहीं आए हैं। गुरुवार को गुड्डू ने मुख्यमंत्री को एक और शिकायती पत्र भेजा। बताया कि वह जाटव बिरादरी से है। उन्होंने हिस्ट्रीशीटर और सुधीर चौधरी की सट्टा कराने की शिकायत की थी। जिस पर 14 मई को हिस्ट्रीशीटर ने वाहिद और अन्य लोगों को गुड्डू के घर पर भेजा। उन्होंने गुड्डू को धमकाया। उनके ऊपर तमंचा तान कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने को कहा कि उसमें बोलना है कि उन्होंने कोई शिकायत नहीं की। आरोप है कि वाहिद ने दवाब बनाकर और डरा कर गुड्डू की वीडियो बना ली। जिसमें कहलवाया कि उन्होंने मेहराज चौधरी की शिकायत नहीं की है। गुड्डू ने सट्टा कराने वाले दोनों लोगों के साथ धमकाने वाली वाहिद से अपनी जान माल का खतरा बताया है।

**व्यवस्था** | सत्यापन के दौरान अपात्र पेंशनधारकों की होगी तलाश

# वृद्धावस्था पेंशन में गड़बड़ी, सत्यापन से जानेंगे स्थिति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन स्तर पर वृद्धावस्था पेंशन योजना में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। इसी आशंका के चलते योजना का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के दौरान गहन जांच की जाएगी। जिससे अपात्रों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके।

जिले में 82 हजार से अधिक लोग वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वृद्धावस्था पेंशन योजना में शासन स्तर पर गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। इसी आशंका के चलते मुख्य सचिव एसपी गोयल ने डीएम को भेजे पत्र में योजना का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों का सत्यापन

- **जिले में 82 हजार से ज्यादा लोग ले रहे वृद्धावस्था पेंशन**

> वृद्धावस्था पेंशन योजना का सत्यापन कराया जाएगा। इसकी शुरुआत 25 मई से हो रही है। ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों को इस कार्य के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
>
> –**मीनाक्षी वर्मा**, समाज कल्याण अधिकारी।

कराए जाने के आदेश दिए हैं। दिए गए निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पेंशनरों की पात्रता की गहन जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

अपात्र मिलने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सत्यापन अभियान के तहत ऐसे लाभार्थियों की पहचान की जाएगी जो या तो मृत हो चुके हैं या फिर योजना की पात्रता की श्रेणी में नहीं आते हैं। इसके बाद भी पेंशन का लाभ ले रहे हैं।

सत्यापन के बाद ऐसे अपात्र लाभार्थियों की पेंशन तत्काल प्रभाव से बंद की जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूरे अभियान के लिए जिला स्तर पर सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### 31 मई तक कर्मचारियों को देनी होगी रिपोर्ट

वृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन के लिए अभियान की शुरुआत 25 मई से होगी। इस कार्य के लिए ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी भौतिक सत्यापन का कार्य पूरा करने के बाद सत्यापन रिपोर्ट 31 मई तक जिला समाज कल्याण अधिकारी को सौंपेंगे। इसके बाद 10 जून तक समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्रवाई को पूर्ण किया जाएगा।

### लाभार्थियों को एसएमएस से मिलेगी सूचना

नए वित्तीय वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन योजना में बदलाव किया गया है। योजना के तहत लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों को पेंशन भुगतान की स्थिति की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही जिन लाभार्थियों की फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना के तहत नहीं बनी है, उनकी आईडी बनाने की प्रक्रिया भी इसी दौरान पूरी की जाएगी।

# जनपद में खुलेंगे एग्री जंक्शन केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** किसानों को एक ही छत के नीचे कृषि कार्य से संबंधित सारी सुविधाएं मिलेंगी। खाद, बीज, उपकरण और कृषि रसायन के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए जिले में 15 एग्री जंक्शन केंद्र खोले जाएंगे। एग्री जंक्शन खोले जाने के लिए कृषि विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अब तक विभाग को पांच आवेदन प्राप्त भी हो चुके हैं।

- **किसानों को अब एक ही छत के नीचे मिलेंगी कृषि कार्य से संबंधित सभी सुविधाएं**

कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना के तहत कृषि विभाग वन स्टॉप शॉप की स्थापना का शासन स्तर से लक्ष्य प्राप्त हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में कृषि विभाग को शासन स्तर से 15 वन स्टॉप शॉप खोले जाने का लक्ष्य मिला है। प्रत्येक ब्लॉक में एक वन स्टॉप शॉप खोले जाएंगे। जिसके लिए कृषि विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। वन स्टाप शॉप खुलने से किसानों को एक ही छत के नीचे बीज, खाद, कृषि उपकरण, कृषि रसायन की सुविधा मिल सकेगी। कृषि स्नातकों को रोजगार भी मिलेगा।

### योजना का यह है उद्देश्य

उप कृषि निदेशक ने बताया कि योजना का उद्देश्य कृषकों को मृदा परीक्षण, उर्वरक उपयोग की तकनीकी जानकारी, उच्च गुणवत्ता के बीज, जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, वर्मी कंपोस्ट, कीटनाशक, जैविक कीटनाशक आदि सभी प्रकार के कृषि निवेशों की आपूर्ति करना तथा लघु कृषि यंत्रों को किराए पर उपलब्ध कराना है। चयनित लाभार्थियों को कृषि व्यवसाय की गतिविधियों के लिए बीज, खाद एवं रसायन के लाइसेंस प्राप्त करने, बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता भी दी जाएगी, इसके अलावा स्वतंत्र कृषि केंद्र व्यवसाय की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

### 4.22 लाख से स्थापित होगा एग्री जंक्शन केंद्र

उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रत्येक एग्री जंक्शन केंद्र की लागत लगभग 4.22 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसमें 3.5 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान दिया जाएगा। साथ ही पहले वर्ष में किराया सहायता के रूप में अधिकतम 24 हजार रुपये और प्रशिक्षण व अन्य खर्च के लिए भी सहायता दी जाएगी।

> 15 एग्री जंक्शन केंद्र खोले जाने हैं। प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक केंद्र खोला जाएगा। आवेदन मांगे जा रहे हैं। अब तक 5 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। –**मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद मुस्तफा अंसारी पुत्र मोहम्मद लतीफ, निवासी ग्राम भानपुरी कालोनी, परगना व तहसील पलिया, जिला खीरी है। जबकि त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद मुस्तफा अंकित है, जो गलत है। इसे सुधार कर मोहम्मद मुस्तफा अंसारी कर सभी जगह मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **मोहम्मद मुस्तफा अंसारी पुत्र मोहम्मद लतीफ, निवासी ग्राम भानपुरी कालोनी, परगना व तहसील पलिया, जिला खीरी।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में नाम शौर्य सिंह (Shaury Singh) दर्ज है जबकि उसका वास्तविक नाम शौर्य सिंह (Shaurya Singh) नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **प्रेम प्रकाश पुत्र रामचंद्र निवासी मोहल्ला रामनगर (2) पोस्ट मडियाहू जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
मो. शकी खां मो. वसीम खां ने खेत नं. 487 व 488 वाकै मोहनपुर जिला बरेली ने दिनांक 7.12.2020 को मो. सलीम खां पुत्र मो. शकी खां के हक में मुख्त्यारनामा किया था, मो. वसीम खां, की मृत्यु दिनांक 19.06.2015 को हो चुकी है, उसी समय से मुख्त्यार नामा निरस्त समझा जाये। मो. शकी खां पुत्र श्री मो. शफी खां निवासी ठिरिया निजावत खां तह. व जिला बरेली।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सलोनी कश्यप के स्कूली दस्तावेजों में पिता का नाम भूलवश सूरज दर्ज हो गया है जबकि उनका वास्तविक नाम कल्लू है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी कल्लू नाम ही दर्ज है। भविष्य में मुझे कल्लू के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **कल्लू पुत्र श्री मेघराज कश्यप निवासी ठाकुरद्वारा, फतेहगंज, बरेली।**

**सूचना**
हमने अपने भाई गौरव अग्रवाल पुत्र प्रवीन अग्रवाल व भाभी श्रीमती कामनी शर्मा निवासीगण साहूकारा, थाना-किला जिला- बरेली के गलत संगत में पड़ने के कारण संबंध विच्छेद कर लिये है, भविष्य में उनके किसी भी प्रकार के कोई कृत्य/लेनदेन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कृतिका अग्रवाल पत्नी अमर अग्रवाल निवासी-54, जकाती मोहल्ला बड़ा बाजार जिला-बरेली व स्वाति अग्रवाल पत्नी पुलकित अग्रवाल निवासी-तीरह बजार पुवाया, जिला-शाहजहाँपुर।**

**आवश्यकता है**
**श्री लालाराम महाविद्यालय**
(सम्बद्ध-एम.जे.पी.रु.वि.वि., बरेली)
श्रीनगर तह. कलान, जनपद शाहजहांपुर
**पद-प्राचार्य**
योग्यता-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार
इच्छुक व्यक्ति कॉलेज में सम्पर्क करें
9919870241

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## चार दिवसीय उर्स का समापन, उमड़े जायरीन


उर्स में पहुंचे अकीदतमंद। ● अमृत विचार

**जहानाबाद, अमृत विचार :** हजरत बदरुल हसन दादा मियां का सालाना उर्स कुल शरीफ के साथ गुरुवार को संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। बुधवार शाम चादर पोशी हुई और फिर कव्वाली का कार्यक्रम देर रात तक चला। कव्वाल फैज़ान अजमेरी पार्टी के साथ आए थे और कव्वाली के जलवे बिखेरे। खादिम राशिद रजा कादरी ने देश में अमन और सुकून की दुआ कराई। इस मौके पर शानू रजा कादरी, मुकर्रम खान, एहसानउल्ला, सोराब खान, डॉ. अकलीम खान, बिलाल मिर्जा, नईम अहमद, तस्लीम अहमद, तौफीक अहमद, अशरफ आदि रहे।

# इंजीनियर को कार में डालकर ले गए, मारपीट के बाद छोड़ा

## बिना टोल टैक्स दिए आरोपी निकालना चाह रहे थे कार

संवाददाता, बीसलपुर


घायल राहुल तोमर।

**अमृत विचार :** ग्राम सिमरा अकबरगंज के पास स्थित टोल प्लाजा की वीआईपी गैलरी से कार सवार अपने वाहन टोल बिना दिए, जबरन निकालने लगे। इसी दौरान टोल प्लाजा के साइट इंजीनियर ने जब रोकने की कोशिश की तो आरोप है कि उन्हें कार में डालकर ले गए और पिटाई करने के बाद रास्ते में छोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना बीसलपुर पीलीभीत मार्ग स्थित टोल प्लाजा पर गुरुवार शाम करीब पौने पांच बजे की है। चार युवक स्विफ्ट कार में सवार होकर पीलीभीत की ओर जा रहे थे। टोल प्लाजा पर उन्होंने अपनी कार वीआईपी गैलरी से जबरन बिना टोल दिए निकालनी चाही। मौजूद कर्मचारी वीरेंद्र शर्मा ने बैरियर लगाकर गाड़ी रोक दी। इसके पश्चात कार से उतरकर चारों युवक टोल कर्मियों से गाली गलौज करने लगे। इसी समय टोल प्लाजा के साइट इंजीनियर राहुल तोमर मौके पर आ गए। उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्हें गाड़ी में जबरन डालकर ले गए। टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने जब गाड़ी का पीछा कर शोर मचाया तो कुछ दूरी पर उपरोक्त सभी युवकों ने राहुल तोमर की पुनः पिटाई कर उन्हें गाड़ी से उतार दिया और भाग गए। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और जानकारी की। आरोपियों के ग्राम चौसरा के होने की बात सामने आई। पुलिस घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

## बेसिक के छात्रों की नेट की परीक्षा 16 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में निपुण असेसमेंट टेस्ट नेट परीक्षा 16 मई को होगी। इसमें तीन लाख 17 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा में ओएमआर शीट दी जाएगी। जिसमें सही उत्तर वाले गोलों को बच्चे काला करेंगे। डीएम के निर्देश पर हो रही परीक्षा के जरिये शिक्षा के स्तर का आकलन करने का उद्देश्य है। परीक्षा की तैयारी में प्रशासन और शिक्षा विभाग जुटा है।

जिले में निपुण असेसमेंट टेस्ट परीक्षा 16 मई को जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई जाएगी। जिले में परिषदीय विद्यालयों के छात्रों के शैक्षणिक स्तर का आकलन करने के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 3 लाख 17 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। जिसका उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का आकलन करना है। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी।


### जिला कृषि अधिकारी, बरेली

पत्रांक : 175/4-कृषि/प्रक्षेत्र/वृक्ष नीलामी/2026-27 दिनांक : 14.05.2026

**नीलामी स्थगित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कृषि बीज सम्बर्द्धन प्रक्षेत्र नवाबगंज-बरेली के गाटा संख्या 209/3.36 हेक्टेयर भूमि में से 0.8910हे. कृषि योग्य भूमि बरेली-सितारगंज नेशनल हाइवे एन.एच. 74 (नया एन.एच.-30) हेतु अर्जन किया गया है। जिसमें हरे पेड़ों की संख्या जामुन-28, पाखड़-02, बेल-01, शीशम-01, पीपल-01, कदम्ब-02, सेम्बल-01 एवं सूखे वृक्षों की संख्या शीशम-02 कुल 28 विभिन्न प्रजातियों के खड़े वृक्षों की नीलामी दिनांक 22.05.2026 को समय अपरान्ह 2:00 बजे उप कृषि निदेशक महोदय की अध्यक्षता में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी-बरेली विकास भवन पर होनी थी जिसको अपरिहार्य कारणों से समिति की सहमति से स्थगित किया जा रहा है।

(ऋतुषा तिवारी)


## 53141 परिवारों की कराई जा चुकी स्व-गणना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**● डीपीआरओ ने गांवों का भ्रमण कर स्व-गणना कार्य की जानी हकीकत, दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जनपद में चल रहे स्व-गणना अभियान में पंचायती राज महकमा खासी भूमिका निभा रहा है। डीएम के निर्देश के बाद महकमे के अफसरों की देखरेख में ग्रामीण अंचलों में स्वगणना कार्य संपन्न कराया जा रहा है। विभागीय अफसर भी ग्राम पंचायतों का दौरा कर स्व-गणना कार्य की निगरानी में जुटे हैं। महकमे के मुताबिक पंचायत कर्मियों के सहयोग से अब तक सभी ग्राम पंचायतों 53141 परिवारों की स्व-गणना संपन्न कराई जा चुकी है। वहीं गुरुवार को भी पंचायतों में 9154 परिवारों की स्वगणना का कार्य संपन्न कराया गया।

जनगणना-2027 की तैयारियों के क्रम में जनपद में स्व-गणना अभियान चलाया जा रहा है। डीएम/प्रमुख जनगणना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में पंचायती राज विभाग जनपद की सभी 720 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को स्व-गणना के प्रति जागरुक करने और पंचायत कर्मियों के सहयोग से परिवारों की स्व-गणना कराने में जुटा है। इस कार्य में पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पंचायत सहायक समेत अन्य पंचायत कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत सहायकों को रोजाना 50 परिवारों की स्व-गणना करने का कार्य दिया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले पंचायत कर्मियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। इधर बीते 07 मई से चल रहे स्व-गणना अभियान के तहत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में अब 53141 परिवारों की स्व-गणना पंचायत कर्मियों के माध्यम से कराई जा चुकी है। वही गुरुवार को भी ग्राम पंचायतों में 9154 परिवारों की स्व-गणना का कार्य संपन्न कराया गया। इधर डीपीआरओ रोहित भारती ने गुरुवार को मरौरी ब्लाक की ग्राम पंचायत वक्सपुर और सिरसा में भ्रमण कर स्व-गणना कार्य को देखा। इस दौरान उन्होंने पंचायत सहायकों, रोजगार सेवकों, आंगनवाडी एवं समूह के सदस्यो को अधिक से अधिक परिवारो की स्व-गणना कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर स्व-गणना एवं इसके महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर पंचायत सचिव मनोरंजन सिंह, विजयपाल, जिला कंसलटेंट अमित कुमार मौजूद रहे।

### लापरवाही पर छह और पंचायत सहायकों को नोटिस

जनपद में चल रहे स्व-गणना अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वगणना कार्य के लिए पंचायत सहायकों को निर्देशित किया गया है। इस कार्य की डीपीआरओ स्तर से रोजाना समीक्षा भी की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों को नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। इधर गुरुवार को भी समीक्षा के दौरान पंचायत सहायकों द्वारा लापरवाही बरतने का मामला सामने आया। जिसके बाद डीपीआरओ रोहित भारती द्वारा ब्लाक पूरनपुर की पंचायत सहायक गीता देवी, मरौरी के राजू वर्मा, रुबीना, रामकिशोर, रश्मि वर्मा एवं ललौरीखेड़ा ब्लाक की पंचायत सहायक प्रियंका को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जागरूकता कार्यक्रम में कराई स्वगणना

**पीलीभीत, अमृत विचार :** महिला कल्याण विभाग की ओर से मरौरी ब्लाक की ग्राम पंचायत जैतपुर में स्व-गणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना एवं वन स्टॉप सेंटर के बारे बताया गया। टीम ने ग्रामीणों का सहयोग करते हुए स्वगणना कार्य संपन्न कराया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के अलावा पंचायत सहायक, राशन कोटेदार शामिल रहे। इस मौके पर अभिषेक कुमार शुक्ला, शिवम शर्मा, अजीत सिंह, श्रीकांत मौजूद रहे।


### आवश्यक सूचना जनसूचनार्थ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमर अख्तर पुत्र हाजी अली अहमद नि. 135/2, सिविल लाइन्स, अहाता नवाब साहब बरेली द्वारा मुझ सूचितकर्ता से एक संविदा बावत मुझे विक्रय करने कृषि आराजी खसरा नं. 61 स्थित मौजा मठ कमलनैनपुर, परगना तहसील व जिला बरेली करके मुझे खासी रकम बतौर पेशगी प्राप्त करके तहरीर मुझे लिख दी है तथा मुझे छल-फरेब करके उक्त आराजी की बावत जो दीवानी न्यायालयों में अलग-अलग मुकदमे चल रहे है। उनके निस्तारण सम्बन्धी आवश्यक पैरवी न करके मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि वह अन्य व्यक्तियों को भी अन्धेरे में रखकर अन्य व्यक्तियों से ठगी एवं षड्यन्त्र करके विक्रय सम्बन्धित कार्यवाही करने जा रहे है, अत: जन साधारण को इस आवश्यक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त श्री कमर अख्तर पुत्र हाजी अली अहमद से उक्त आराजी अथवा उसके किसी भी भाग के सम्बन्ध में कोई संविदा हरगिज न करें चूंकि मेरे द्वारा श्री कमर अख्तर के विरूद्ध उक्त आराजी की मुझसे किये गये विक्रय संविदा के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना है। ज्ञात हो कि यदि कोई व्यक्ति उक्त जनसूचना के उपरान्त भी उपरोक्त कमर अख्तर से क्रय-विक्रय सम्बन्धित कोई भी संविदा अथवा कार्यवाही उपरोक्त आराजी के सम्बन्ध में करेगा जो वह साजिशी छलपूर्वक होगा और मजबूरन मुझे ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध भी न्यायालय में आवश्यक कार्यवाही करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा। सूचित हो।

**अभिषेक दीक्षित**
**पुत्र स्व. श्री अरूण कुमार दीक्षित**
**308, नवादा शेखान, पुराना शहर,**
**बरेली। मो. 6389163891**



### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। क्र.सं. 1. ई-प्रापण निविदा संख्या : NER-LJN-RSP-2026-13, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मुख्य परियोजना प्रबंधक/आर.एस.पी./लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस) प्रदान करने हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। अनुमानित निविदा मुल्य: 224706832.97, बयाना राशि : 1273500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : 0.00 शून्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 36 महीने।

● प्री-बिड कॉन्फ्रेंस की तिथि - दिनांक 22.05.2026 ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 27.05.2026, ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 10.06.2026, 15.00 बजे तक ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 10.06.2026, 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेवसाइट https://wwwireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण/आर.एस.पी., लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू - 94

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



### कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ, जनपद-खीरी

पत्रांक : 75/ई-निविदा न.पा.प.गोला/2026-27 दिनांक : 05.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृति के उपरान्त नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में 15वां वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद के पत्र सं. 74/न.पा.प.गो./2026-27 दिनांक 05.05.2026 द्वारा ई निविदा प्रकाशित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी से प्राप्त की जा सकती है।। निविदा की समस्त कार्यवाही http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 27.05.2026 को 11:00 बजे निविदा समिति के सम्मुख कार्यालय में खोली जायेगी। किसी कारण वश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खरीदने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 06.05.2026 समय 11:00 बजे से<br>26.05.2026 समय 05:00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 06.05.2026 समय 11:00 बजे से<br>26.05.2026 समय 05:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 27.05.2026 समय 11:00 बजे अपरान्ह तक। |
| फाइनेन्सियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने स्वीकृत होने के उपरान्त |

नोट : 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे।

2. सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**न.पा.प. गोला** **न.पा.प. गोला**



### किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी

**जेम-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2026-27 में ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति से सम्बन्धित निविदा जेम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2026/B/7534130 दिनांक 13.05.2026 के माध्यम से दिनांक 28.05.2026 को सायंकाल 7:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदा gem.gov.in पर देखी जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**


## बढ़ैरा की सेजल ने बढ़ाया मान


परिवार के साथ छात्रा सेजल गंगवार। ● अमृत विचार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल की 12वीं की छात्रा सेजल गंगवार ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मान बढ़ाया। इसे लेकर परिवार में भी खुशी का माहौल है। सेजल का कहना है कि उन्होंने प्रतिदिन पांच से छह घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। परिजनों ने मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाया। सेजल इनकम टैक्स अधिकारी बनना चाहती हैं। उनके पिता नरेश कुमार गंगवार ग्राम बढ़ैरा, बीसलपुर, पीलीभीत के निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

## बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ईंटगांव चौकी परिसर में नवनिर्मित बालाजी मंदिर में बुधवार को बजरंगबली और शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। यजमानों ने वेदी मंडप में पूजन कर यज्ञ कराया। आचार्य राकेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देव प्रतिमाओं का दश स्नान, न्यास और जीवंत प्राण वास संस्कार संपन्न कराया। इसके बाद प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की प्रतिमा का माल्यार्पण कर महाआरती में भाग लिया। मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना हुई।


### कार्यालय तहसीलदार मीरगंज, (बरेली)

पत्रांक : 104/मत्स्य पा.प.-नीलामी/रा.निरी.(कार्या.)/2026 दिनांक : 11.05.2026

मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका संख्या-54161/2003 इन्द्रपाल बनाम सरकार उ.प्र. व अन्य में पारित आदेश दिनांक 14.05.2009 व सिविल रिट याचिका संख्या 18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दिनांक 16.04.2012 के अनुपालन में तहसील मीरगंज में सत्स्य पालन हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया है। शासनादेश संख्या-3735/1-2-95-रा-2 दिनांक 17.10.1995 में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा किया जायेगा। मा. राजस्व परिषद, लखनऊ के पत्र संख्या-आर.जी. 211/जी-5-23 आर (रिट) 2011 दिनांक 15.07.2013 के अन्तर्गत तालाबों की सूचना नियत प्रारूप पर नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है जो निम्नवत है :-

नीलामी का स्थान : तहसील सभागार, मीरगंज
नीलामी तिथि/समय : 21.05.2026/2:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
नीलाम अधिकारी : नायब तहसीलदार मीरगंज

| क्र.सं. | नाम ग्राम | गाटा सं. | क्षेत्रफल | क्र.सं. | नाम ग्राम | गाटा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनेली | 547 | 0.519 | 11 | बकैनिया वीरपुर | 231 | 0.999 |
| 2. | बुझिया जागीर | 318 | 0.696 | 12 | खरसैनी | 108 | 0.379 |
| 3. | गहवरा | 587 | 1.126 | 13 | मल्साखेड़ा | 126 | 0.347 |
| 4. | परेवा मो. अली | 279 मि.<br>280 | 0132<br>0.086 | 14 | शीशगढ़ | 66<br>92 | 0.519<br>0.253 |
| 5. | दौली जवाहरलाल | 176 | 2.327 | 15. | खरगपुर | 17 | 0.625 |
| 6. | अमौर | 269 | 0.696 | 16. | ठिरिया ब्रह्मनान | 221 | 0.302 |
| 7. | नौसना | 307 | 0.291 | 17. | परचई | 254 | 0.670 |
| 8. | फिरोजपुर मु. | 468 | 1.100 | 18. | सहोड़ा | 198 | 0.278 |
| 9. | हांसपुर | 48 | 3.597 | 19. | पहुंचा बुजुर्ग | 146 | 0.494 |
| 10. | चमरौआ | 60<br>88<br>146 | 0.354<br>0.341<br>0.304 | 20 | तुरसा पट्टी | 167 व<br>230 | 2.074 |

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्ते :-

1. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने का पात्रता एवं शर्ते उ.प्र. राजस्व संहिता-2006 एवं शासनादेश (यथा संशोधित) संख्या-3736/1-2-95-रा-दिनांक 17.10.1995 के अनुरूप होगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. मा. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार तालाब पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि मु. 5,000/- प्रति हे. निर्धारित की गई है।
3. विज्ञप्ति से पूर्व निर्गत आय, जाति, सामान्य निवास प्रमाण पत्र आवेदन के साथ ही प्रस्तुत करें।
4. पट्टे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय तहसील मीरगंज से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
5. नीलामी में बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा उपजिलाधिकारी महोदय मीरगंज की स्वीकृति उपरान्त नीलामी की शेष धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर जमानत के तौर पर जमा की गयी धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उपजिलाधिकारी महोदय मीरगंज में निहित है।

**तहसीलदार, मीरगंज**



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-39/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 22.05.2026 को 12:00 अपराह्न तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 04:00 बजे अपराहन निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 16.05.2026 से 22.05.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायियत्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनाम संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+G.S.T+ स्टेशनरी चार्ज (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Supply and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm size from Lalkuan Nainital quarry to District-Lakhimpur Khiri including cost of royalty, loading, unloading and Stacking at Site under project "1750 R&R State tubewells Project" district- Lakhimpur Khiri." (G.S.T Extra 5%) | 117 $M^3$ | 7.34 | 14700.00 | 3 माह | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | "ए" श्रेणी (यॉत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ

**UP-251158 दिनांक 13.05.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


## बिठौराकलां में खुलेगी पुलिस चौकी, कराया भूमि पूजन

**गजरौला, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बिठौराकलां में नई पुलिस चौकी खुलेगी। नवनिर्मित एआरटीओ ऑफिस के पास इस चौकी की नींव रखी गई। एसओ बृजवीर सिंह ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। मुख्य अतिथि सीओ दीपक चतुर्वेदी रहे। ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, गोपाल मिश्रा, बीडीसी जसपाल माथुर, आनंद पाल, कोटेदार हरिशंकर आदि पूजन में शामिल हुए।

बता दें कि लंबे समय से यहां पर पुलिस चौकी की मांग चली आ रही थी। एसओ ने बताया कि इस चौकी के निर्माण से बिठौरा कलां समेत आसपास के गांवों में कानून-व्यवस्था की स्थिति और मजबूत होगी।


भूमि पूजन में मौजूद सीओ दीपक चतुर्वेदी, एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक : 829/न.पा.परि.बी./2026-27 दिनांक : 14.5.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. रहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर के विभिन्न नालों की सफाई का कार्य | 2563367.00 | 42100.00 | 3050.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 15.5.2026 को प्रात: 11:00 बजे।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 25.5.26 को अपरान्ह 5:00 बजे।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खुलने की तिथि एवं समय 26.5.26 को प्रात: 10 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोह धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,** **नगर पालिका परिषद,**
**बीसलपुर (पीलीभीत)** **बीसलपुर (पीलीभीत)**



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-40/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 22.05.2026 को 12:00 अपराहन तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 04:30 बजे अपराहन निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 16.05.2026 से 22.05.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायियत्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनाम संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+G.S.T+ स्टेशनरी चार्ज (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Drilling of Tubewells of 1.5 Cusec Capacity under project "1750 R&R State tubewells Project" district-Lakhimpur khiri, depth 120 Mtr bore size 450mm to 600 mmØ by using Direct/reverse rotary rig Machine work Including drilling of tubewells, digging of pits for storage of water, lowering of recommended M.S. pipe assembly by ensuring verticality of assembly in proper manner, welding of pipe with socket etc. Screening & feeding of pea gravel after lowering of assembly & working bore properly including cost of wages of drilling staff & T&P excluding cost of HSD. (G.S.T Extra 18%) | 360 Mtr (3 No.) | 5.34 | 10692.00 | 3 माह | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | "ए" श्रेणी (यॉत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ

**UP-251159 दिनांक 13.05.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

# सभी को मिलेगा मुफ्त एआई प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 'एआई फॉर ऑल' अभियान लागू
- कोर्स पूरा करने पर मिलेगा प्रमाण-पत्र

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने युवाओं और आम नागरिकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की जानकारी देने के लिए प्रदेशभर में 'एआई फॉर ऑल' अभियान लागू किया है। इस पहल के तहत कोई भी इच्छुक व्यक्ति घर बैठे निःशुल्क ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश स्किल डवलपमेंट मिशन द्वारा यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसमें ओरेकल यूनिवर्सिटी सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा




कि एआई तेजी से रोजगार और उद्योगों का स्वरूप बदल रहा है। ऐसे में युवाओं को इस तकनीक से परिचित कराना समय की जरूरत है। मालूम हो कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अप्रैल 2026 को मुजफ्फरनगर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान किया था। सरकार का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को नई तकनीक से जोड़ना है।

### तीन घंटे का ऑनलाइन कोर्स

'एआई फॉर यू: ट्रेनिंग एंड असिस्मेंट' नामक यह कोर्स लगभग तीन घंटे का है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ऑनलाइन मूल्यांकन होगा और सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा, जो करियर विकास में उपयोगी होगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 'एआई फॉर ऑल' टैब के माध्यम से निःशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं।

# आपदा प्रबंधन में भारत बना ग्लोबल लीडर : अमित शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गाजियाबाद

- गाजियाबाद में एनडीआरएफ को मिला 'प्रेसिडेंट्स कलर'
- गृह मंत्री बोले- अब लक्ष्य 'जीरो कैजुअल्टी'

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में "ग्लोबल लीडर" और "फर्स्ट रिस्पॉन्डर" बनकर उभरा है। बीते 20 वर्षों में एनडीआरएफ ने अपने साहस, समर्पण और परिश्रम से देश की 140 करोड़ जनता का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय एनडीआरएफ के जवानों को देखते ही लोगों में सुरक्षा और भरोसे का भाव पैदा होता है।

गाजियाबाद में गुरुवार को 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान किए जाने के समारोह में अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार आपदा प्रबंधन को केवल राहत आधारित व्यवस्था तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि "रिएक्टिव" से "प्रिवेंटिव और प्रोडक्टिव" मॉडल की ओर ले गई है। अब सरकार का लक्ष्य "मिनिमम कैजुअल्टी" से आगे बढ़कर "जीरो कैजुअल्टी" हासिल करना है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय एनडीआरएफ के जवानों ने अब तक 1.5 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई और 9 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है।




गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते गृहमंत्री अमित शाह।

गृह मंत्री ने कहा कि यह सम्मान केवल एनडीआरएफ का नहीं, बल्कि एसडीआरएफ, पंचायतों, एनसीसी, एनएसएस और हजारों आपदा मित्रों की सेवाओं की भी स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि 116 करोड़ रुपये से अधिक लागत की छह परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया गया है, जिससे आपदा प्रबंधन तंत्र और मजबूत होगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए 10 सूत्रीय एजेंडा और 360 डिग्री अप्रोच अपनाई है। रिस्क मैपिंग, अर्ली वार्निंग, कम्युनिटी पार्टिसिपेशन और गाइडलाइंस निर्माण के जरिए भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को धरातल पर उतारते हुए भारत दुनिया में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय हीट वेव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए भी व्यापक तैयारी कर चुका है और सरकार हीट वेव से होने वाली मृत्यु दर को शून्य तक लाने की दिशा में काम कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन और डीएल संबंधी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश ही नहीं, देशभर में पिछले कुछ दिनों से 'वाहन' पोर्टल तकनीकी कारण से प्रभावित हैं। जिसकी वजह से प्रदेश में पोर्टल आधारित ड्राइविंग लाइसेंस समेत वाहन संबंधी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हैं। उप्र. के परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि पोर्टल को पुराने सिस्टम से नए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर माइग्रेट करने के दौरान यह समस्या उत्पन्न हुई है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि इस संबंध में एनआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली के उप-महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष (ई-ट्रांसपोर्ट) तथा एनआईसी लखनऊ के तकनीकी निदेशक ने यह जानकारी दी है। परिवहन आयुक्त ने कहा कि संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ और एनआईसी की विशेष टीम सिस्टम को पूरी तरह स्थिर और सुचारू बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए असुविधा पर खेद जताया है।

### बिजली दरों पर निर्णायक बैठक अब 20 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों पर निर्णय के लिए राज्य सलाहकार समिति की बैठक 20 मई को बुलाई है। इस बैठक में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद 35 लाख गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने का प्रस्ताव रखेगा। परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश में लाखों लोग घर के एक हिस्से में छोटी दुकान चलाकर आजीविका कमाते हैं। वर्तमान व्यवस्था में ऐसे लोगों पर व्यावसायिक बिजली कनेक्शन लेने का दबाव बनाया जाता है और कई बार कार्रवाई भी होती है। परिषद की मांग है कि छोटे घरेलू व्यवसाय करने वाले गरीब उपभोक्ताओं को घरेलू श्रेणी में ही बिजली उपयोग की अनुमति दी जाए। परिषद का दावा है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक सरप्लस है, इसलिए दरों में कमी संभव है।

### कृष्ण मृग अभयारण्य में ईको पार्क का 70 फीसदी काम पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृष्ण मृग अभयारण्य में 4.99 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे ईको पार्क का करीब 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। परियोजना के तहत प्रवेश द्वार, पार्किंग, शौचालय, कैंटीन, वॉच टावर, सेल्फी प्वाइंट और बच्चों के लिए एक्टिविटी एरिया विकसित किया जा रहा है। साथ ही बर्ड जोन, लैंडस्केपिंग और फेंसिंग का काम भी चल रहा है। पर्यटन विभाग के अनुसार अब तक 3.62 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। जयवीर सिंह ने कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटन बढ़ेगा।

# शाह और नबीन से मिले योगी संगठन-सत्ता समन्वय पर मंथन

## नए मंत्रियों के विभाग, आयोग-निगम नियुक्तियां और चुनावी रणनीति बैठक के केंद्र में रहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में हालिया मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुरुवार का दिल्ली दौरा राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से करीब एक घंटे चर्चा के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर मिशन-2027 की रणनीति समेत संगठन-सत्ता समन्वय पर मंथन किया। माना जा रहा है कि मंत्रियों के विभाग बंटवारे का पेंच सुलझ गया, साथ ही आयोगों, निगमों और बोर्डों में समायोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में अमित शाह के आवास पहुंचकर उनसे करीब एक घंटे तक बातचीत की। गृह मंत्रालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा कीं, जिसमें मुख्यमंत्री गृह मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करते नजर आए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों के बंटवारे, सरकार-संगठन समन्वय और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।





नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मंत्रिमंडल विस्तार से बढ़ी संगठनात्मक हलचल

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद भाजपा संगठन में नई सक्रियता देखी जा रही है। पार्टी नेतृत्व अब सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल के साथ विधानसभा चुनाव 2027 की जमीन तैयार करने में जुट गया है। आयोगों, निगमों और बोर्डों में नियुक्तियों को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

दरअसल, 10 मई को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में छह नए चेहरों को मंत्री बनाया गया था, जबकि दो राज्य मंत्रियों का कद बढ़ाकर कैबिनेट मंत्री किया गया। हालांकि शपथ ग्रहण के कई दिन बाद भी नए मंत्रियों को विभाग नहीं मिल सके हैं। मंत्रियों को कक्ष आवंटित हो चुके हैं, लेकिन विभागों के बंटवारे में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर मंथन जारी है। माना जा रहा है कि विभागों के आवंटन में प्रशासनिक जरूरतों के साथ मिशन-2027 के चुनावी समीकरणों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा संगठन में लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ताओं को आयोगों, निगमों और बोर्डों में समायोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई। पार्टी आगामी चुनाव से पहले संगठनात्मक संतुलन मजबूत करने और विभिन्न सामाजिक समूहों को साधने की रणनीति पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने भाजपा मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन की नई टीम, संगठनात्मक फेरबदल और चुनावी तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

## प्रधानमंत्री की अपील पर विधान परिषद समितियों के सभी अध्ययन दौरे स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन और विदेशी मुद्रा की बचत संबंधी अपील का असर अब प्रदेश में तेजी से दिखाई देने लगा है। विधानसभा के बाद विधान परिषद ने भी संसदीय समितियों के सभी पूर्व निर्धारित अध्ययन दौरों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह के निर्देश पर जारी आदेश में प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि संसदीय समितियों के सभी तयशुदा भ्रमण कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाते हैं। यह निर्णय प्रधानमंत्री की 10 मई को की गई अपील के क्रम में लिया गया है।

# आंधी-तूफान से 111 मौतें, सीएम ने दिए राहत राशि देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज, मिर्जापुर और संत रविदास नगर में सबसे ज्यादा हुई जनहानि
- मुख्यमंत्री ने डीएम व प्रभारी मंत्रियों को प्रभावित परिवारों से मिलने भेजा

**अमृत विचार:** प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचाई है। राहत आयुक्त के अनुसार, 26 जिलों में हुई प्राकृतिक आपदा में अब तक 111 लोगों की मौत, 72 लोगों के घायल होने, 170 पशुओं की मौत और 227 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। सबसे अधिक 21 मौतें प्रयागराज में हुईं, जबकि मिर्जापुर में 19, संत रविदास नगर में 16 और फतेहपुर में 11 लोगों की जान गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवारों का तत्काल सत्यापन कर 24 घंटे के भीतर सहायता राशि वितरित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर अन्य आवश्यक मदद भी उपलब्ध कराने को कहा है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को भी राहत कार्यों की समीक्षा और प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने के निर्देश दिए हैं।

राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों और अपर जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं प्रभावित परिवारों से मिलें और राहत में देरी न होने दें।

### किसानों और पशुपालकों को कितनी मदद

प्राकृतिक आपदा में मृत्यु पर 4 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। 33 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान पर किसानों को 8500 रुपये से लेकर 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर तक मुआवजा मिलेगा। दुधारू पशु की मृत्यु पर 37,500 रुपये और भेड़-बकरी की क्षति पर चार हजार रुपये प्रति पशु सहायता तय की गई है।

### सबसे ज्यादा प्रभावित जिले

प्रयागराज, मिर्जापुर, संत रविदास नगर, फतेहपुर, बाराबंकी, बहराइच, कानपुर देहात, बस्ती, संभल, हरदोई, उन्नाव समेत 19 जिलों में जनहानि, पशुहानि और फसल हानि की जानकारी सामने आई है।

## मंत्री सुरेश खन्ना साइकिल से पहुंचे विधानसभा

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना गुरुवार को अपने सरकारी आवास 10, कालिदास मार्ग से साइकिल चलाकर विधानसभा स्थित कार्यालय पहुंचे। यह पहल उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षा के अनुरूप की है। संसदीय मंत्री ने कहा कि वह सप्ताह में कम से कम एक दिन कार्यालय आने-जाने के लिए साइकिल का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि देश के प्रति हर नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है।



साइकिल से विधानसभा जाते मंत्री सुरेश खन्ना।

# बरेली-बदायूं में पर्यटन परियोजनाओं के लिए 52 करोड़ रुपये की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बरेली

- मंदिरों के कायाकल्प से लेकर द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क तक, कई नई योजनाओं का शिलान्यास

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने बरेली और बदायूं में 52 करोड़ रुपये से अधिक की पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बरेली में 3.27 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें श्री खुराफात धाम, प्राचीन शिव मंदिर और नवाबगंज स्थित भगवान शिव मंदिर का विकास शामिल है। साथ ही 22.53 करोड़ रुपये की 14 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें अहिच्छत्र के समेकित पर्यटन विकास, लीलौर झील का ईको-टूरिज्म विकास और महाभारत कालीन द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क जैसी योजनाएं प्रमुख हैं। इसके अलावा त्रिवटीनाथ मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर और चित्रगुप्त मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएंगे।

वहीं बदायूं में 4.10 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। इनमें गंगा देवी मईया मंदिर, दुर्गा देवी भवन मंदिर, परी माता मंदिर और मलाई देवी मंदिर के विकास कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही 22.36 करोड़ रुपये की छह परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें सबसे बड़ी परियोजना कछला गंगा घाट के विकास की है, जिस पर लगभग 17.92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**नाथ कॉरिडोर का भी लिया जायजा:** पर्यटन मंत्री ने बरेली में 60 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली नाथ कॉरिडोर परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

# बिजली कर्मचारियों का मुख्यालय पर प्रदर्शन

## निजीकरण और उत्पीड़न के विरोध में आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर गुरुवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जनपदों के बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने निजीकरण और उत्पीड़न के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताया। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मियों पर की गई



मध्यांचल मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन करते संघर्ष समिति के पदाधिकारी और कर्मचारी।

उत्पीड़नात्मक कार्रवाईयां वापस नहीं ली गईं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

विरोध-प्रदर्शन के दौरान समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि मार्च-23 में हुए आंदोलन के बाद ऊर्जा मंत्री ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रबंधन को कर्मचारियों के खिलाफ की गई सभी कार्रवाई वापस लेने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी संबंधित कार्रवाईयां समाप्त नहीं की गई हैं, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी है। उन्होंने आगे कहा कि निजीकरण के विरोध में पिछले 533 दिनों से जारी आंदोलन के दौरान बिजली कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कार्यालय समय के बाद ही सभाएं और प्रदर्शन किए। इसके बावजूद कर्मचारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का माहौल बन रहा है। मध्यांचल मुख्यालय पर आयोजित विरोध सभा को संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद, श्रीचंद, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद इलियास, सनाउल्लाह, सरजू त्रिवेदी, केएस रावत, आरसी पाल और जय गोविन्द ने भी संबोधित किया।

देरी

प्रस्ताव मांगते-मांगते चार महीने बीत गए, लेकिन अभी तक ढंग से प्रस्ताव नहीं पहुंच पाया

# आईपीएस बनने को अभी फाइलों में संघर्ष कर रहे पीपीएस

वीके सिंह, लखनऊ

- पत्रावलियों की औपचारिकता पूर्ण करना बना टेढ़ी खीर

**अमृत विचार:** उप्र. पुलिस के वरिष्ठ पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस बनने में अभी समय लगेगा। इसका कारण पत्रावलियों की औपचारिकता पूर्ण करना मात्र है। प्रस्ताव मांगते-मांगते चार महीने बीत गया, लेकिन अभी तक ढंग से प्रस्ताव नहीं पहुंच पाया है। एक बार पहुंचा भी तो इसलिए वापस कर दिया गया कि एनेक्जर में सूचनाएं मंगल फांट में नहीं हैं। कभी एसीआर में पाई गई कमियों के आधार पर पुलिस मुख्यालय वापस कर दिया गया। अब जब प्रस्ताव विधिवत आएगा तभी पदोन्नति की फाइल आगे बढ़ेगी।

5 फरवरी 2026 को गृह विभाग से पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर प्रांतीय पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (यूपी संवर्ग) में पदोन्नति के लिए सेलेक्ट लिस्ट निर्मित करने के संबंध में पत्र लिखा था। 23 मार्च को शासन द्वारा भेजे गए पत्र में पुलिस मुख्यालय से कहा गया कि प्रस्ताव मंगल फांट में अविलंब भेजा जाए। एक माह बीतने के बाद पुनः 24 अप्रैल को पुलिस मुख्यालय को पत्र भेजा गया कि प्रस्ताव मंगल फांट में नहीं आया है, ठीक करके भेजिए। 4 मई 2026 को लिखे गए एक अन्य पत्र के सापेक्ष 11 मई को फिर पत्र सिलेक्ट लिस्ट 2025 निर्मित किए जाने के संबंध में कमियों का निराकरण करने के लिए लिखा गया। कुल मिलाकर कभी फांट, कभी कॉलम में मांगी गई औपचारिकताओं तो कभी अन्य कारणवश पीपीएस अफसरों के पदोन्नति में लगातार देरी की जा रही है। इससे पीपीएस संवर्ग में आक्रोश की स्थिति है। अधिकारियों का कहना है कि पहले से ही समय पर पदोन्नति नहीं हो रही है। अब जब 29 रिक्तियों के सापेक्ष नाम मांगे जा रहे हैं तो ठीक से प्रस्ताव में ही चार, छह महीने लग जा रहे हैं।

### इन अधिकारियों के एसीआर, डोजियर व एनेक्जर में मिली थीं कमियां

पुलिस मुख्यालय से शासन को 87 पीपीएस अफसरों का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसमें भी तमाम कमियां उजागर हुई हैं। करीब 40 पीपीएस अधिकारी हैं, जिनके प्रस्ताव को लेकर आपत्तियां लगी हैं। इन अधिकारियों का नाम उनके कॉलम के साथ ठीक से भेजने को कहा गया है। जिन अधिकारियों के नाम के आगे कमियां पाई गई हैं, उनमें वीरेंद्र कुमार, शोएब इकबाल, राहुल मिठास, महेश सिंह अत्रि, विनीत भटनागर, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद, मधुवन कुमार सिंह, बलवंत कुमार चौधरी, राजेश कुमार पांडेय, विकास चंद्र त्रिपाठी, पूर्णेन्दु सिंह, हरेंद्र कुमार, अभयनाथ त्रिपाठी, डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, देवेश कुमार शर्मा, प्रशांत कुमार प्रसाद, प्रवीन सिंह चौहान, असीम चौधरी, राहुल मिश्रा, राजेश कुमार श्रीवास्तव, मनीष कुमार मिश्र, कुमार रणविजय सिंह, दिनेश कुमार द्विवेदी, मनोज कुमार पांडेय, चिरंजीव मुखर्जी, राजेंद्र प्रताप यादव, मनीषा सिंह, शिवराज, प्रज्ञा मिश्रा, अयोध्या प्रसाद सिंह, उमेश कुमार यादव, राधे श्याम राय, राम अर्ज, अखिलेश भदौरिया, संजय कुमार यादव, दिनेश कुमार द्विवेदी, कमल किशोर, अनूप कुमार, सीताराम शामिल हैं। कमियां दुरुस्त करके पुनः वापस भेजने को कहा गया है।

# पीएमएस एसो. चुनाव को समिति गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छह साल बाद सभी जिलों में एक साथ होंगे चुनाव, डॉ. गयासुद्दीन खान बनाए गए समिति अध्यक्ष

**अमृत विचार:** आखिरकार उत्तर प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रोविंशियल मेडिकल सर्विसेज (पीएमएस) एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स, लखनऊ के डिप्टी रजिस्ट्रार के निर्देश के बाद स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.पवन कुमार अरूण ने चुनाव को संपन्न कराने के लिए डॉ.गयासुद्दीन खान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय निर्वाचन समिति का गठन किया है।

महानिदेशक के आदेश में कहा गया है कि एसोसिएशन का चुनाव प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक साथ उसके अनुमोदित नियमों और उपनियमों के अनुसार कराया जाएगा। चुनाव के परिणाम डिप्टी रजिस्ट्रार को भेजे जाएंगे।

**समिति के सदस्यों को सौंपी गई जिम्मेदारी:** चुनाव प्रक्रिया के समन्वय और संचालन के लिए बनाई गई समिति की अध्यक्षता मेडिकोलीगल,सेल के डॉ. गयासुद्दीन खान करेंगे। साथ ही संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ. विकास सिंघल, जेडी परिवार कल्याण डॉ. अश्वनी, बीआरडी चिकित्सालय, लखनऊ के डॉ. मनीष शुक्ला और एसएमओ, बाराबंकी डॉ. विकास यादव को सदस्य बनाया गया है।

**छह साल बाद होंगे चुनाव:** पीएमएस एसोसिएशन के चुनाव करीब छह वर्ष बाद कराए जा रहे हैं। मौजूदा कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ.सचिन वैश्य के अनुसार, पिछला चुनाव वर्ष 2019-20 में हुआ था। उन्होंने बताया कि कार्यकाल पूरा होने से पहले ही कोविड-19 महामारी के कारण प्रदेशभर में संगठन की गतिविधियां प्रभावित हो गईं और लगभग 3 वर्षों तक चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद मामला न्यायालय पहुंच गया। फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स, लखनऊ के डिप्टी रजिस्ट्रार ने वर्तमान कार्यकारिणी को कार्यवाहक के रूप में मान्यता दी थी। अब नए आदेश के तहत 10 जुलाई 2026 तक एसोसिएशन के चुनाव संपन्न कराए जाने हैं।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 15 मई 2026




जिंदगी तो अपने दम पर ही जी जाती है, दूसरों के कंधों पर तो सिर्फ जनाजे उठाए जाते हैं।

–शहीदे आजम भगत सिंह



## सोने पर शिकंजा

सरकार द्वारा सोना और चांदी के आयात शुल्क को 15 प्रतिशत करने का निर्णय कर संशोधन ही नहीं देश की व्यापक आर्थिक चिंता का संकेत है। डॉलर की मजबूती और आयात बिल में तेज वृद्धि से उपजे दबाव के बीच सरकार ने यह संदेश दिया है कि सोना केवल आभूषण नहीं, विदेशी मुद्रा पर भारी बोझ भी है। देश अपनी आवश्यकता का अधिकांश सोना आयात करता है। जब तेल और सोना दोनों का आयात बढ़ता है, तो चालू खाता घाटा और रुपये पर दबाव बढ़ने लगता है। सोना उत्पादन, रोजगार या निर्यात क्षमता में प्रत्यक्ष योगदान अपेक्षाकृत कम देता है, जबकि इसके आयात में भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने हाल में लोगों से सोने की अनावश्यक खरीद कम करने की अपील की थी। उस अपील के बाद सोने की खरीद में कथित रूप से लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यानी लोगों ने संकट की आशंका में सोने की 'पैनिक बाइंग' शुरू कर दी। सरकार का यह फैसला इस मांग को भी नियंत्रित करेगा। 2024 में सरकार ने सोने पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर लगभग छह प्रतिशत किया था, ताकि तस्करी कम हो और ज्वेलरी उद्योग को राहत मिले, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। विदेशी मुद्रा भंडार, डॉलर की मांग और वैश्विक अनिश्चितता ने सरकार को फिर से कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया है।

लागत, बीमा, माल ढुलाई और विभिन्न उपकरों को जोड़ने पर प्रभावी कर भार लगभग 18 प्रतिशत से अधिक बैठता है। यानी अब उपभोक्ता 10 ग्राम सोने की वास्तविक कीमत के साथ-साथ तकरीबन तीस हजार तक कर भी चुकाना होगा। सर्राफा कारोबारियों की लागत बढ़ेगी और उसका बोझ ग्राहकों तक पहुंचेगा। इसका मतलब है शादी-ब्याह, निवेश और पारंपरिक खरीद अब पहले से अधिक महंगी हो जाएगी। ज्वेलरी उद्योग, जो 50 लाख से अधिक कारीगरों और छोटे व्यापारियों को रोजगार देता है, दबाव में आ जाएगा। सिर्फ ज्वेलरी क्षेत्र ही नहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रिसीजन इंजीनियरिंग और रिसाइक्लिंग उद्योग भी प्रभावित होंगे, जहां कीमती धातुओं का उपयोग होता है। इससे कई दूसरे उत्पादों की लागत बढ़ सकती है। दूसरी ओर, जब वैध आयात अत्यधिक महंगा हो जाता है, तो तस्करी और ग्रे मार्केट सक्रिय हो जाते हैं। दुबई, दक्षिण-पूर्व एशिया और सीमा पार नेटवर्क के माध्यम से अवैध सोने की आवक फिर बढ़ सकती है। सरकार का अनुमान हो सकता है कि आयात में 15 से 20 प्रतिशत तक गिरावट आएगी, लेकिन यह तभी संभव है, जब तस्करी नियंत्रित रहे। अन्यथा वैध आयात घटेगा और अवैध व्यापार बढ़ेगा।

सरकार के पास विकल्प भी थे। वह गोल्ड बॉन्ड, डिजिटल गोल्ड, गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम और घरेलू रिसाइक्लिंग को अधिक आकर्षक बना सकती थी। लोगों को वित्तीय निवेश के बेहतर विकल्प देकर सोने पर निर्भरता कम की जा सकती थी, लेकिन तात्कालिक संकटों में सरकारों के लिए सबसे आसान उपाय आयात शुल्क बढ़ाना ही लगा। यह निर्णय अर्थव्यवस्था और समाज के बीच संतुलन की परीक्षा है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी मुद्रा बचाने की कोशिश कहीं वैध कारोबार, रोजगार और बाजार की पारदर्शिता को नुकसान न पहुंचा दे।

### प्रसंगवश

## ऑनलाइन स्टोर, ग्राहक और दवाखानों का विरोध

ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉर्पोरेट डिस्काउंट के विरोध में देशभर के मेडिकल स्टोर संचालकों ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल बुलाई है। इस दौरान देश भर के 12 लाख से अधिक खुदरा और थोक मेडिकल स्टोर बंद करने जैसी सूचनाएं आ रही हैं। मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। माना कि उनका कहना सही है, लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी है, जिसे समझना बेहद जरूरी है। वह यह कि आम आदमी को ऑनलाइन स्टोर से दवाएं काफी कम दाम में मिल जाती हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि आखिर उपभोक्ता ऑनलाइन दवा स्टोर्स की ओर आकर्षित ही क्यों हुआ?

क्या केवल सुविधा ही इसकी वजह है? शायद नहीं। इसकी असल वजह कहीं अधिक गहरी है और वह है मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा दवाओं पर वर्षों से लिया जा रहा अत्यधिक मुनाफा। आम आदमी जब किसी बीमारी से जूझता है, तो वह पहले ही अस्पतालों की मोटी फीस, तमाम जांचों, ऑपरेशन और इलाज के नाम पर लिए गए भारी खर्च से टूट चुका होता है। ऐसे में जब वह मेडिकल स्टोर पर पहुंचता है और वही दवा उसे एमआरपी पर या फिर कई बार अत्यधिक कीमत में मिलती हैं, जबकि वही दवा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भारी छूट के साथ उपलब्ध होती है, तो वह स्वाभाविक रूप से उपभोक्ता सस्ते विकल्प की ओर ही जाएगा।



हरीश उप्रेती करन

लेखक

यह कोई अपराध नहीं, बल्कि उपभोक्ता का अधिकार है। खुद स्टोर संचालक भी अपनी जरूरत की वस्तुएं उस जगह से खरीदते होंगे, जहां उन्हें थोड़ी-बहुत राहत मिलती हो। सवाल यह भी है कि आम आदमी मेडिकल स्टोर मालिकों के हाथों से क्यों लुटे। कोई भी व्यक्ति अपनी मेहनत की कमाई बचाने के लिए वहां से सामान खरीदेगा, जहां से उसे राहत मिलेगी। यदि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, तो लोग वहां जाएंगे ही।

विचारणीय बात यह भी है कि ऑनलाइन दवा कंपनियां अचानक पैदा नहीं हुईं। स्टोर संचालकों के मनमाने दामों ने उन्हें जगह उपलब्ध कराई, क्योंकि वर्षों से दवा बाजार में पारदर्शिता की कमी रही। कई दवाओं पर तीन गुना तक मुनाफे की चर्चाएं आम रही हैं। मरीज के प्राण बचाने को दवा जरूरी और उसकी मजबूरी है और मेडिकल स्टोर संचालकों ने मरीज की मजबूरी को व्यापार का सबसे आसान अवसर समझ लिया। यही कारण है कि उपभोक्ता विकल्प तलाशते हुए ऑनलाइन स्टोर तक पहुंच गया।

मेडिकल स्टोर संचालकों को आंदोलन करने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। उन्हें यह समझना होगा कि ग्राहक केवल कीमत नहीं देखता, बल्कि व्यवहार, भरोसा और पारदर्शिता भी देखता है। यदि स्थानीय मेडिकल स्टोर उचित दाम, सही सलाह और संवेदनशील व्यवहार दें, तो लोग आज भी उनके पास ही जाना पसंद करेंगे। यह भी सच है कि ऑनलाइन दवा बिक्री में निगरानी और नियमों की आवश्यकता है, ताकि नकली या बिना पर्चे की दवाओं का खतरा न बढ़े।

आज का उपभोक्ता जागरूक है। वह अपने अधिकार जानता है और यह तय करने के लिए स्वतंत्र है कि उसे दवा कहां से खरीदनी है। पास की दुकान से या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से। बाजार अब बदल चुका है। जो समय के साथ बदलेगा, वही बाजार में टिकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# शुभेंदु की चुनौतियां और भविष्य का बंगाल





योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय श्री राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना, भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं, बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिह्न लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है।

यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है, तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है, इसलिए शुभेंदु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं।

> मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं।

नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे, हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है।

प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं।

शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रोकने की नहीं है, बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है, तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है, लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा, क्योंकि कठोर कार्रवाई और सांप्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रुपये का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। शुभेंदु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी। यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है, इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे।

कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



यह बहुत ही गंभीर और चौंकाने वाला मामला है। 22 लाख युवाओं का भविष्य बेचने वाले आरोपियों की तस्वीरें भाजपा नेताओं के साथ वायरल हो रही हैं। कोई जमवारामगढ़ बीजेपी विधायक का करीबी है, तो कोई शिक्षा मंत्री और चौमूं से भाजपा विधायक का खास।

–गोविंद सिंह डोटासरा
प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान कांग्रेस

राजनीति में हर दिन हजारों लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। किसी के साथ फोटो होने या 50 रुपये के पोस्टर में नाम छप जाने से यह साबित नहीं होता कि वह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा है या मेरा करीबी है। फोटो किसी के चरित्र का प्रमाण पत्र नहीं हो सकती।

–मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री, राजस्थान



# चरखे से बाजार तक फीकी पड़ती खादी की चमक



कुमार सिद्धार्थ

वरिष्ठ पत्रकार

खादी आज फिर चर्चा में है। उपलब्धियों के दावे हैं, बढ़ते कारोबार के आंकड़े हैं और एक नई चमक भी है, लेकिन इसी चमक के बीच एक असहज प्रश्न लगातार उपस्थित है, क्या यह विकास खादी का है या खादी के नाम पर विस्तृत होते बाजार का? पिछले वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग के विस्तार को एक बड़ी आर्थिक सफलता के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 24-25 का कुल कारोबार 1.70 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। उत्पादन, बिक्री और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि के दावे किए गए हैं। यह तस्वीर प्रभावशाली है, परंतु जब हम इन आंकड़ों की तह में जाते हैं, तो एक अलग यथार्थ सामने आता है।

कुल कारोबार में खादी वस्त्रों की हिस्सेदारी लगभग 7,145 करोड़ रुपये है। यानी करीब चार प्रतिशत। शेष 96 प्रतिशत हिस्सा ग्रामोद्योग की अन्य गतिविधियों का है। इसका अर्थ यह है कि जिस रिकॉर्ड वृद्धि की बात की जा रही है, उसका केंद्र खादी कपड़ा नहीं है। यहां से प्रश्न उठता है कि क्या हम खादी की सफलता का उत्सव मना रहे हैं, या ग्रामोद्योग के विस्तार को खादी के नाम से देख रहे हैं?

> खादी फिर चर्चा में है। उपलब्धियों के दावे हैं। बढ़ते कारोबार के आंकड़े हैं, लेकिन क्या यह विकास खादी का है या खादी के नाम पर विस्तृत होते बाजार का?

इस प्रश्न का उत्तर खादी के मूल विचार में छिपा है। महात्मा गांधी के लिए खादी केवल वस्त्र नहीं थी। वह स्वराज का माध्यम थी। उनका स्पष्ट मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब तक गांव आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक सच्चा स्वराज संभव नहीं है। गांधी ने खादी को एक वैकल्पिक आर्थिक व्यवस्था के रूप में देखा। यह व्यवस्था विकेंद्रीकृत थी, जहां उत्पादन छोटे स्तर पर, स्थानीय संसाधनों और श्रम के आधार पर होता है। चरखा इस व्यवस्था का प्रतीक था। वह केवल धागा नहीं कातता था, बल्कि बेरोजगारी, असमानता और शोषण के खिलाफ एक अहिंसक प्रतिरोध भी था। खादी का अर्थ था, हर हाथ को काम, हर गांव को आत्मनिर्भरता और हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन।

आज जब हम वर्तमान स्थिति को देखते हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या खादी अब भी उसी विचार का प्रतिनिधित्व करती है? बाजार में उपलब्ध खादी की स्थिति इस प्रश्न को और तीखा बनाती है। खादी अब सस्ती और सर्वसुलभ नहीं रही है। उसकी कीमतें बढ़ गई हैं। आम उपभोक्ता के लिए उनकी पहुंच दूर होती जा रही है। जो वस्त्र कभी किसान और मजदूर की पहचान था, वह अब एक विशेष वर्ग का परिधान बनता दिखता है। यह बदलाव केवल उपभोग का नहीं, बल्कि सामाजिक चरित्र का भी संकेत है।

इसका प्रभाव खादी की संस्थागत संरचना पर भी पड़ा है। देश भर में सैकड़ों खादी संस्थाएं दशकों से इस परंपरा को जीवित रखे हुए थीं। ये संस्थाएं केवल उत्पादन केंद्र नहीं थीं, बल्कि ग्रामीण समाज के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का आधार थीं। आज इन संस्थाओं की स्थिति चिंताजनक है। कई संस्थाएं वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। कच्चे माल की लागत बढ़ी है, भुगतान में देरी होती है और कार्यशील पूंजी का अभाव उत्पादन को सीमित करता है। सरकारी योजनाएं मौजूद हैं, पर उनकी प्रक्रिया जटिल है। समय पर सहायता न मिलने से संस्थाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है।

इसके साथ ही बाजार में एक नया वर्ग उभरा है ब्रांडेड और डिज़ाइनर 'खादी' का। यह वर्ग आधुनिक प्रस्तुति, पैकेजिंग और विपणन के माध्यम से खादी को एक प्रीमियम उत्पाद के रूप में स्थापित कर रहा है। परंपरागत खादी संस्थाएं इस प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाती हैं। उनके पास संसाधनों की कमी है और वे तेजी से बदलते बाजार के अनुरूप खुद को ढाल नहीं पातीं। इसका सीधा असर कारीगर पर पड़ता है।

आंकड़ों में रोजगार का आंकड़ा लगभग 1.94 करोड़ बताया जाता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि इनमें कितने लोग स्थायी और पूर्णकालिक रोजगार में हैं। बड़ी संख्या असंगठित और अंशकालिक हो सकती है। कारीगर की आय आज भी अनिश्चित और सीमित है। कई बुनकर और कतिन नियमित और पर्याप्त आय से वंचित हैं। यहीं खादी की सफलता का दावा कमजोर पड़ता है। यदि उत्पादन बढ़ता है, बिक्री बढ़ती है, पर कारीगर की स्थिति नहीं बदलती, तो यह विकास अधूरा है।

इसी संदर्भ में सूत उत्पादन और चरखों की स्थिति पर भी ध्यान देना जरूरी है। खादी की पूरी प्रक्रिया की शुरुआत सूत कातने से होती है। चरखा इस व्यवस्था की मूल इकाई है, लेकिन आज कई क्षेत्रों में चरखे या तो कम हो गए हैं या निष्क्रिय पड़े हैं। हाथ से काते सूत की जगह मशीन निर्मित धागे का उपयोग बढ़ रहा है। इससे खादी की मूल पहचान प्रभावित होती है। यदि सूत ही मशीन से आने लगे, तो खादी का वह श्रम-आधारित स्वरूप कमजोर हो जाता है, जो उसे विशिष्ट बनाता है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा लगभग 2.87 लाख मशीनें और टूलकिट वितरित किए जाने का दावा भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## मो. रफी का 'बेटा'

गायक अनवर हुसैन जिनको कभी 'मोहम्मद रफ़ी का बेटा' ख़िताब दिया गया था, क्योंकि कहा जाता था कि उनकी आवाज़ हू ब हू मोहम्मद रफ़ी साहब से मिलती है। गायक अनवर जो अभिनेता अरशद वारसी के सौतेले और चरित्र अभिनेत्री आशा सचदेव के सगे भाई हैं, उन्होंने फ़िल्म जनता हवलदार का 'हमसे का भूल हुई' गीत गाया है, जिसमें उनकी आवाज़ को कई लोग रफ़ी जैसी समझते हैं, ये गीत मैंने सुना था और मुझे ठीक ही ठाक लगा, रफ़ी साहब से अलग अंदाज़ लगा था।



जिया इम्तियाज

ब्लॉगर

इत्तेफ़ाक़न मैंने उनके कुछ गीत और सुने.... और वाक़ई उनकी आवाज़ सुनकर हैरान रह गया कि ये आवाज़ और अंदाज़ तो कहीं से भी ऐसा नहीं लगता कि रफी साहब के अलावा ये गायक दूसरा कोई और होगा। अभी दो चार दिन पहले जब मैंने अनवर का पहला फिल्मी गीत 'कसमें हम अपनी जान की खाए चले गए...' सुना तो मुझे ये बात हज़म करनी मुश्किल हो गई कि ये रफ़ी साहब नहीं हैं, ....वही मुलायमियत, वही रूमानी अंदाज़ और वही सुरों पर पकड़.... कहते हैं कि रफ़ी साहब भी इस गीत को सुनकर कन्फ्यूज़ हो गए थे कि ये गीत उन्होंने कब गाया??

1973 में आई फ़िल्म 'मेरे ग़रीब नवाज़' ये गीत सुपरहिट होने के बावजूद अनवर को फिल्मों में मौका नहीं मिला, क्योंकि मोहम्मद रफ़ी साहब ख़ुद फिल्मी दुनिया में मौजूद थे और हर किसी की मदद के लिए तैयार रहते थे, जबकि अनवर में प्रोफेशनलिज्म की कमी थी। इसके बाद महमूद साहब की वजह से अनवर साहब को फ़िल्म 'जनता हवलदार' (1979) में गाने का मौका मिला। इस फ़िल्म के दो हिट गानों से अनवर को वापस पहचान मिली।

फिर रफ़ी साहब के इंतक़ाल के बाद अनवर रफ़ी साहब की आवाज़ का इकलौता विकल्प बन गए थे। इस बीच उन्होंने कुछ ऐसे अच्छे गीत गाए, जिनको सुनकर ये पता चलाना मुश्किल होता है कि ये आवाज़ रफ़ी की नहीं बल्कि अनवर की है। जैसे- फ़िल्म 'ये इश्क़ नही आसां' का 'मेरे ख़यालों की रहगुज़र से...' हूबहू रफ़ी साहब की आवाज़ और अंदाज़। फिर कुमार गौरव की एक फ़िल्म का 'कोई परदेसी आया परदेस में..' इस गाने को सुनते हुए रफ़ी साहब की ही किसी पुरानी फ़िल्म का गीत लगता है। जहां मोहम्मद रफ़ी ने कभी पैसों की डिमांड ही नही की, वहीं अनवर जब मशहूर होने लगे तो बढ़ाकर पैसे मांगने लगे, प्रेम रोग में उन्होंने राज कपूर से अपनी फ़ीस से एक हज़ार रुपये ज़्यादा मांग लिए इससे ऋषि कपूर नाराज़ हो गए। फिर उन्होंने अनवर से सिर्फ एक गीत गवाया। –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## ईरान समुद्र में बहा रहा है रोज 2800 करोड़ का तेल

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण वो प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया, तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलानों में पानी-गैस भर जाती है। इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है।



प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिषत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार ग्रह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है।

यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सेटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी के सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई है। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं।

यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनषील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में सामने आ रहा है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढहा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टेंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे जा सकते हैं।

पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। वैसे भी दुनिया के समुद्री तटों पर पेट्रोलियम पदार्थो और औद्योगिक कचरे से भयावह पर्यावरणीय संकट पैदा हो रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

प्राकृतिक फाइबर और हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को भी बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए हर देश नए उपाय खोज रहा है, तो भारत भी इसमें पीछे नहीं है। प्लास्टिक और सिंथेटिक फाइबर के बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने डोम्बेया (डोंबेया एक्यूटेंगुला) पौधे के तने से प्राकृतिक फाइबर निकालने की तकनीक विकसित की है, जिसका उन्हें हाल ही में पेटेंट भी हासिल हो गया है।

*मृगांक मौली, पंत नगर, ऊधमसिंह नगर*

# तन की शोभा बढ़ाएंगे डोंबेया के पौधे से बने कपड़े



पंतनगर विवि स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के क्लोदिंग एंड टेक्सटाइल विज्ञान विभाग की शोधार्थी तैयबा फातिमा ने प्राध्यापक डॉ. शहनाज जहां के निर्देशन में डोम्बेया पौधे के तने से प्राकृतिक फाइबर निकालने में सफलता पाई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह उपलब्धि केवल वैज्ञानिक सफलता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी क्रांतिकारी कदम है। डोम्बेया से प्राप्त फाइबर पूरी तरह प्राकृतिक और बायोडिग्रेडेबल है, जिससे पर्यावरण पर इसका प्रभाव बहुत न्यूनतम होता है। शोध में पाया गया कि डोम्बेया से तैयार फाइबर मजबूत, टिकाऊ और लचीला है। इसकी गुणवत्ता अन्य पारंपरिक प्राकृतिक फाइबर जैसे कपास, जूट और पटसन के समान पाई गई है। यही कारण है कि इसे भविष्य में बड़े स्तर पर उपयोग के लिए संभावनाशील माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है यदि इसका व्यावसायिक उत्पादन बढ़ता है, तो प्लास्टिक उत्पादों पर निर्भरता कम हो सकती है। यह पर्यावरण और उद्योगों के लिए नई उम्मीद बन सकती है। उल्लेखनीय है कि गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड में स्थित भारत का पहला कृषि विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना 17 नवंबर 1960 को हुई थी। इसे भारत में 'हरित क्रांति का अग्रदूत' और 'कृषि का गुरुकुल' भी कहा जाता है। यह विश्वविद्यालय कृषि, प्रौद्योगिकी और संबद्ध विज्ञानों में स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करता है।



## क्या है डोम्बेया पौधा

डोम्बेया एक फूल वाला झाड़ीदार पौधा है, जो भारत, मॉरीशस, पाकिस्तान और अन्य उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। इसके हल्के गुलाबी और सफेद फूल इसे आकर्षक बनाते हैं। यह पौधा मधुमक्खियों और तितलियों को आकर्षित करता है इसलिए इसे जैव विविधता के लिए भी उपयोगी माना गया है।

## उद्योगों के लिए खुले नए रास्ते

विशेषज्ञों के अनुसार, डोम्बेया फाइबर का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है। जैसे वस्त्र एवं परिधान उद्योग, इको-फ्रेंडली पैकेजिंग सामग्री, ऑटोमोबाइल इंटीरियर एवं डैशबोर्ड पार्ट्स, इंसुलेशन उत्पाद, फर्निशिंग और होम डेकोर सामग्री और हल्के निर्माण कार्यों में उपयोगी कंपोजिट सामग्री आदि। यह भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए महत्वपूर्ण संसाधन भी बन सकता है। इतना ही नहीं, डोम्बेया पौधे की खेती, फाइबर निष्कर्षण और प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावना है। छोटे एवं मध्यम उद्योगों के लिए यह प्राकृतिक फाइबर आधारित उत्पादों के निर्माण का नया अवसर बन सकता है।



### वैज्ञानिक फैक्ट

## इंसानों में भी छिपी है जहर बनाने की क्षमता

क्या इंसान कभी सांपों की तरह जहरीले बन सकते हैं? यह सवाल सुनने में किसी साइंस फिक्शन फिल्म की कहानी जैसा लगता है, लेकिन विज्ञान की दुनिया में इस पर गंभीर शोध हो चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इंसान और कोबरा जैसे विषैले जीवों के बीच जितनी दूरी हम समझते हैं, वास्तव में उतनी नहीं है। हैरानी की बात यह है कि हमारे शरीर में भी जहर बनाने की बुनियादी क्षमता मौजूद है, बस वह सक्रिय रूप में विकसित नहीं हुई।



अमेरिका की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (PNAS) में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, सरीसृपों और स्तनधारियों के शरीर में कुछ समान आनुवंशिक तंत्र पाए जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन जीनों की मदद से सांप अपना विष बनाते हैं, उनसे मिलते-जुलते जीन इंसानों समेत कई स्तनधारियों में भी मौजूद हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि इंसान अचानक कोबरा की तरह जहरीले हो जाएंगे, बल्कि यह दर्शाता है कि विकासवाद (Evolution) की प्रक्रिया में हमारे शरीर में भी ऐसी क्षमता का आधार मौजूद है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, सांपों का विष वास्तव में साधारण लार ग्रंथियों के विकास का परिणाम है। लाखों वर्षों में इन ग्रंथियों ने ऐसे प्रोटीन बनाना शुरू किया, जो शिकार को निष्क्रिय कर सकें। इंसानों की लार में भी कई तरह के प्रोटीन और एंजाइम पाए जाते हैं, जो बैक्टीरिया से लड़ने और भोजन पचाने में मदद करते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक मानते हैं कि यदि विकासवादी परिस्थितियां अलग होतीं, तो स्तनधारी जीवों में भी विषैले गुण विकसित हो सकते थे। दिलचस्प बात यह है कि प्रकृति में कुछ स्तनधारी पहले से ही विषैले हैं। उदाहरण के लिए, प्लैटिपस नामक जीव के पिछले पैरों में जहरीले कांटे होते हैं। इसी तरह कुछ श्रू (shrew) प्रजातियां अपने शिकार को लकवाग्रस्त करने वाला विष पैदा करती हैं। इससे यह साबित होता है कि विष बनाने की क्षमता केवल सांपों तक सीमित नहीं है।

हालांकि इंसानों में ऐसा विकास होने की संभावना बेहद कम है, क्योंकि हमारी जीवित रहने की रणनीतियां अलग दिशा में विकसित हुई हैं। हमने बुद्धिमत्ता, उपकरणों और सामाजिक सहयोग को अपना हथियार बनाया, जबकि कई जीवों ने विष को रक्षा और शिकार का साधन बनाया। यह शोध हमें यह समझने में मदद करता है कि पृथ्वी पर जीवन कितना आपस में जुड़ा हुआ है। इंसान, सांप और दूसरे जीव भले ही अलग दिखते हों, लेकिन हमारे शरीर की मूल जैविक संरचना में कई समानताएं छिपी हुई हैं। विज्ञान के ऐसे तथ्य न केवल चौंकाते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि विकासवाद की कहानी कितनी अद्भुत और रहस्यमयी है।



## इसरो-एरीज का 'मिशन नेत्र', आसान होगी धरती के पास की निगहबानी

जो काम चार मीटर की दूरबीन से न हो सकेगा, अब वह कार्य मात्र 60 सेंटीमीटर की टेलीस्कोप कर दिखाएगी। नैनीताल स्थित आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) की 60 सेंटीमीटर की वाइड फील्ड टेलीस्कोप हाईटेक बनने जा रही है, जो अगले वर्ष जनवरी में धरती की नजदीकी वस्तुओं की निगरानी शुरू कर देगी।



बबलू चंद्रा
नैनीताल

वर्तमान में एरीज के पास चार मीटर तक की विश्वस्तरीय अत्याधुनिक दूरबीनें उपलब्ध हैं, जो ब्रह्मांड के हजारों प्रकाश वर्ष दूरस्थ क्षेत्रों को देखने की क्षमता रखती हैं। मगर धरती के नजदीकी क्षेत्रों के अध्ययन के लिए अलग से दूरबीन जरूरत थी। इस कमी को पूरा करने के लिए एरीज 60 सेंटीमीटर की दूरबीन स्थापित करने जा रहा है, जिसे पूर्व में स्थापित 50 सेंटीमीटर की दूरबीन का अपग्रेडेशन के जरिए पूरा किया जा रहा है। एरीज के डॉ. टी.एस. कुमार बताते हैं कि इस दूरबीन को हाईटेक बनने के बाद देश के पास एक और महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस ऑप्टिकल दूरबीन का डाया 60 सेंटीमीटर का ईजाद किया जा रहा है। पहले यह 50 सेंटीमीटर व्यास की थी और साधारण रूप से ट्रेनिंग के लिए बनाई गई थी मगर अब इससे बहुमुखी ऑब्जर्वेशन किए जा सकेंगे। इसमें सी मॉस डिटेक्टर लगाया जा रहा है। यह सेंसेटिव उपकरण होगा, जो सैकड़ों किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घूमते सेटेलाइट और क्षुद्र ग्रहों की गति का आकलन कर सकेगी। इसके ऑप्टिक्स भी सेंसेटिव होंगे। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस मिशन को 'नेत्र' नाम दिया गया है। 'नेत्र मिशन' का कार्य शुरू किया जा चुका है, जिसे दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा और अगले वर्ष जनवरी से कार्य करना शुरू कर देगी।



### हाईटेक दूरबीन के बहुमुखी ऑब्जर्वेशन

उल्लेखनीय है कि वाइड फील्ड टेलीस्कोप आकाश के बड़े भाग को देख सकेगी। इसका काम पृथ्वी के ऑर्बिट में घूमते सेटेलाइट हों या फिर अंतरिक्ष का कचरा, उनके साथ ही धरती की तरफ आने वाले पिंडों पर नजर रखना होगा। इसके अलावा, अंतरिक्ष में भेजे जाने अंतरिक्ष यानों के मार्ग में आने वाली बाधाओं, जैसे अंतरिक्ष कचरा और क्षुद्रग्रह से आगाह करना होगा। यदि इस तरह की कोई आशंका हुई तो सेटेलाइट लॉन्च कार्यक्रम कुछ समय के लिए रोक दिया जाएगा। इसके अलावा, पृथ्वी के ऑर्बिट में घूम रहे सेटेलाइट की सुरक्षा को लेकर अंतरिक्ष के कचरे की निगरानी करना भी होगा। साथ ही, ब्रह्मांड में नजर आने वाली किसी भी रहस्यमय, संदिग्ध वस्तु पर भी नजर रख सकेगी। यह दूरबीन भले ही छोटी होगी, लेकिन तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न अंतरिक्ष की निगरानी करने का बड़ा कार्य करने में सक्षम होगी।

### मरीन लाइफ

## विशाल लार्वेसियन का अनोखा संसार



अपने नाम के बावजूद, विशाल लार्वेसियन (Giant Larvacean) की लंबाई आमतौर पर 10 सेंटीमीटर (लगभग चार इंच) से भी कम होती है, लेकिन यह छोटा, स्वतंत्र रूप से तैरने वाला अकशेरुकी जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी सबसे अनोखी विशेषता है इसका 'बलगम महल' एक जटिल, पारदर्शी संरचना जो चिपचिपे बलगम (म्यूकस) से बनी होती है और आकार में तीन फीट तक चौड़ी हो सकती है। यह संरचना वास्तव में एक अत्याधुनिक फिल्टर की तरह काम करती है। विशाल लार्वेसियन अपने इस म्यूकस हाउस के माध्यम से समुद्र के ऊपरी हिस्से से बहकर आने वाले सूक्ष्म कणों, प्लवक (plankton) और 'मरीन स्नो' यानी जैविक अवशेषों को छानकर भोजन प्राप्त करते हैं। इस प्रक्रिया में वे पानी को लगातार अपने शरीर के माध्यम से प्रवाहित करते हैं, जिससे फिल्टरिंग अधिक प्रभावी हो जाती है।

दिलचस्प बात यह है कि जब यह बलगम फिल्टर कचरे या बड़े कणों से जाम हो जाता है, तो लार्वेसियन बिना समय गंवाए इसे छोड़ देता है और कुछ ही घंटों में नया 'घर' बना लेता है। यह त्यागा हुआ म्यूकस हाउस धीरे-धीरे समुद्र की गहराई में डूब जाता है। यह प्रक्रिया केवल एक जीव की जीवनशैली नहीं, बल्कि पूरे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गहरे समुद्र में पहुंचकर यह बलगम संरचना वहां रहने वाले जीवों जैसे कि सूक्ष्म जीव, क्रस्टेशियन और अन्य फिल्टर फीडर्स के लिए भोजन का स्रोत बन जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह प्रक्रिया 'कार्बन साइक्लिंग' में भी अहम भूमिका निभाती है, क्योंकि यह सतह से कार्बन को गहराई तक पहुंचाने में मदद करती है। इसे 'बायोलॉजिकल कार्बन पंप' का हिस्सा माना जाता है, जो जलवायु संतुलन बनाए रखने में सहायक है।

हाल के शोध में यह भी पाया गया है कि विशाल लार्वेसियन महासागरों की सफाई में भी योगदान देते हैं। इनके म्यूकस फिल्टर माइक्रोप्लास्टिक कणों को भी पकड़ सकते हैं, जो बाद में समुद्र तल तक पहुंच जाते हैं। इससे समुद्री सतह के पानी में प्रदूषण का स्तर कुछ हद तक कम हो सकता है, हालांकि यह पूरी तरह समाधान नहीं है। इस प्रकार, आकार में छोटे होने के बावजूद, विशाल लार्वेसियन समुद्र के स्वास्थ्य और संतुलन को बनाए रखने में एक 'अनदेखे इंजीनियर' की भूमिका निभाते हैं। उनका यह अनोखा जीवनचक्र हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के सबसे छोटे जीव भी बड़े प्रभाव डाल सकते हैं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2610, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2665, रविन्द्रा 2595, फॉर्चुन 13kg 2345, जय जवान 2155, सचिन 2350, सूरज 2155, अवसर 2125, उजाला 2110, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2360, चक्र टिन 2580, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2465, स्वास्तिक 2565
**किराना :-** निज़ामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारिकेश 4330, बहेड़ी 4310, सितारगंज 4280

# 30 सितंबर तक विदेश नहीं जाएगी चीनी, सरकार ने लगाई रोक

## विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है।

इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा कि चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) प्रतिबंधित से 'निषिद्ध' कर दिया गया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय का यह आदेश अग्रिम प्राधिकरण योजना, सरकार-से-सरकार निर्यात और उन खेपों पर लागू नहीं होगा जो पहले से भौतिक निर्यात प्रक्रिया में हैं। चीनी विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर से सितंबर) के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। फिर 5,00,000 टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से केवल 87,587 टन को मंजूरी दी गई।

इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी गई। खाद्य मंत्रालय और चीनी मिलों को उम्मीद थी कि समूचे 2025-26 विपणन वर्ष में 7.5-8 लाख टन का निर्यात होगा।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ'' (इस्मा) के अनुसार, भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 विपणन सत्र में अप्रैल तक 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2.752 करोड़ टन हो गया।



### ईयू और अमेरिका निर्यात पर आदेश लागू नहीं

लगातार यह आदेश हालांकि, क्रमश: सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है।

### कीमतों में वृद्धि रोकने को लगाया अंकुश

किसी वस्तु के निर्यात पर अंकुश से कीमतों में बढ़ोतरी को रोका जा सकता है। खासकर महंगाई और पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच इस कदम के कई मायने हैं। भारत ने अक्टूबर 2022 में चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था और बाद में इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है।

दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश सरकार द्वारा मिलों को आनुपातिक रूप से कोटा वितरित करके निर्यात को नियंत्रण में रखता है।

## कपास से आयात शुल्क हटाने को उपराष्ट्रपति से मिले परिधान उद्यमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** परिधान उद्योग और निर्यातकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उद्योग पर बढ़ते लागत दबाव को कम करने लिए कपास पर लगने वाले 11 प्रतिशत आयात शुल्क को हटाने की मांग की।

यह बैठक बुधवार को हुई, इससे कुछ घंटे पहले ही परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से इसी मांग को लेकर मुलाकात की थी।

उल्लेखनीय है कि 28 अप्रैल को कपड़ा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा था कि सरकार कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क की समाप्ति या कटौती के विकल्प पर विचार कर रही है। अधिकारी ने कहा था कि इस संबंध में संबंधित मंत्रालय निर्णय करेंगे। कपड़ा मंत्रालय के व्यापार सलाहकार बिपिन मेनन ने कहा था कि हम राजस्व विभाग के साथ मिलकर इस संभावना पर काम कर रहे हैं कि शुल्क में कटौती की जा सकती है या नहीं।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में 25.4 % बढ़ी यात्री वाहनों की थोक बिक्री : सियाम



नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई हो गई। इससे पिछले साल की तेजी को बरकरार रखते हुए नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत हुई है। उद्योग निकाय सियाम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2025 में थोक बिक्री 3,48,847 इकाई रही थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वस्तुओं की ऊंची कीमतों की चिंताओं के बावजूद मोटर वाहन उद्योग में अच्छी मांग देखी जा रही है। यूटिलिटी वाहनों ने यात्री वाहन (पीवी) खंड में मात्रा वृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखा और अप्रैल में इनकी बिक्री 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2,44,280 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 2,01,062 थी।

सियाम के अनुसार, यात्री कार की थोक बिक्री भी पिछले महीने 32.7 प्रतिशत बढ़कर 1,20,945 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 91,148 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की बिक्री पिछले महीने 14.4 प्रतिशत बढ़कर 13,087 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 11,438 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 28.4 प्रतिशत बढ़कर 18,72,691 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 14,58,784 इकाई थी। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में मोटरसाइकिल की बिक्री 30.6 प्रतिशत बढ़कर 11,38,452 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 8,71,666 इकाई थी। इसी प्रकार, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 26.2 प्रतिशत बढ़कर 6,91,993 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 5,48,370 इकाई थी।


इसी तरह, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 32.8 प्रतिशत बढ़कर 65,668 इकाई हो गई जो अप्रैल 2025 में 49,441 इकाई थी।

उद्योग निकाय के अनुसार, अप्रैल में सभी श्रेणियों में कुल थोक बिक्री 27.9% बढ़कर 23,16,671 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 18,11,876 इकाई थी।

### चिंताओं के बावजूद बनी हुई है अच्छी मांग

इस प्रदर्शन पर सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही की गति को जारी रखते हुए, वित्त वर्ष 2026-27 के पहले महीने में यात्री वाहन, तिपहिया और दोपहिया श्रेणियों में मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण वस्तुओं की उच्च कीमतों को लेकर चिंताएं हैं, फिर भी उद्योग में मांग अच्छी बनी हुई है।

## सोना 650 रुपये मजबूत, चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह बढ़ोतरी लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने के बाद हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो बुधवार को 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार तीन दिन से जारी बढ़त का सिलसिला थम गया। चांदी 900 रुपये टूटकर 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# डीजीएफटी ने अग्रिम मंजूरी योजना के तहत सोना आयात की सीमा 100 किलो तय की

नई दिल्ली, एजेंसी

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी किए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को सरकार ने अग्रिम मंजूरी योजना के तहत सोने के आयात पर 100 किलोग्राम की सीमा भी तय कर दी। इस योजना के तहत आभूषण निर्यातकों को कच्चा माल या लागत सामग्री बिना किसी शुल्क के आयात करने की अनुमति होती है। सरकार ने सोने के आयात के लिए अग्रिम मंजूरी जारी करने और उसकी निगरानी करने की शर्तों को और सख्त कर दिया है। इससे पहले, इस योजना के तहत सोने के आयात पर कोई सीमा नहीं थी।

अग्रिम मंजूरी योजना के तहत उन लागत सामग्री का शुल्क-मुक्त आयात करने की अनुमति होती है, जिनका इस्तेमाल निर्यात किए जाने वाले उत्पाद को बनाने में किया जाता है। लागत सामग्री के अलावा पैकेजिंग सामग्री, ईंधन, तेल और कैटेलिस्ट का भी आयात किया जा सकता है, जिनका इस्तेमाल निर्यात उत्पाद के उत्पादन की प्रक्रिया में होता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि सोने के आयात के लिए अग्रिम मंजूरी अधिकतम 100 किलोग्राम की सीमा के अधीन ही जारी की जाएगी।

## बिजनेस ब्रीफ

### 'सहमति' के चेयरमैन बने आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर आर. गांधी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर रामा सुब्रमण्यम गांधी को अकाउंट एग्रीगेटर (एए) परिवेश के विस्तार को बढ़ावा देने वाले उद्योग गठबंधन 'सहमति' का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सहमति ने अपने निदेशक मंडल में नंदकुमार सरवदे, मोनिका हालन और सूरज मोराजे को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, साउथ इंडियन बैंक, बजाज फिनसर्व, जेरोधा और फिनवु जैसे प्रमुख संस्थानों के नामित प्रतिनिधि भी शामिल किए हैं।

### आवास परियोजनाओं में 21,300 करोड़ निवेश करेगी डीएलएफ

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने अपनी मौजूदा आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 21,300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि पेश की गई सभी परियोजनाओं को पूरा करने की शेष लागत 21,300 करोड़ रुपये है। डीएलएफ ने बताया कि संपत्तियों की बिक्री के एवज में ग्राहकों से 33,840 करोड़ रुपये मिलेंगे।

# यूएन की संस्था आईएफएडी की भारत में कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) भारत में पहली बार कृषि स्टार्टअप कंपनियों में सीधे निवेश करने की तैयारी कर रहा है और इसका अगले एक साल में तीन-चार सौदों को अंतिम रूप देने का इरादा है। इसके साथ ही आईएफएडी अब अपने वित्तपोषण मॉडल को बदलकर अनुदान पर कम और निजी निवेश पर ज्यादा ध्यान दे रहा है।

आईएफएडी के सह उपाध्यक्ष (कंट्री ऑपरेशंस) डोनल ब्राउन ने यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि संगठन अब भारत की उभरती कृषि-उद्यमिता पारिस्थितिकी में सक्रिय रूप से अवसर तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संस्था के निजी क्षेत्र प्रकोष्ठ की टीम भारत आई थी और विभिन्न प्रस्तावों का आकलन किया।

एजेंसी को अब तक चार से पांच प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें कृषि स्टार्टअप, ग्रामीण वित्त और डिजिटल मंच शामिल हैं। आईएफएडी और भारत सरकार ने 12 मई को देश के लिए नई आठ-वर्षीय रणनीति शुरू की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु और आर्थिक मजबूती बढ़ाना है। वित्त और कृषि मंत्रालयों के साथ मिलकर तैयार इस रणनीति के केंद्र में 110 आकांक्षी जिले और गरीब राज्य हैं।

भारत में आईएफएडी का मौजूदा पोर्टफोलियो लगभग 1.2 अरब डॉलर का है, जिसमें करीब 35 करोड़ डॉलर का प्रत्यक्ष वित्तपोषण शामिल है। अगले तीन वर्षों के लिए लगभग 16 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया गया है। ब्राउन ने कहा कि आईएफएडी अब खुद को 'वित्त का संयोजक' बना रहा है, जो अपने बही-खाते के जरिये निजी निवेश आकर्षित करता है।

वैश्विक स्तर पर एजेंसी एक लाख से अधिक कंपनियों में करीब 1.5 अरब डॉलर की निजी पूंजी जुटा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने नाबार्ड के साथ सह-निवेश के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

## एचडीबी ने श्रीनिवासन को नियुक्त किया गैर-कार्यकारी चेयरमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने एन. श्रीनिवासन को स्वतंत्र निदेशक एवं गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब वह अपने परिचालन का विस्तार कर रही है और अपनी दीर्घकालिक वृद्धि रणनीति को लागू कर रही है।

# देश में 2032 तक 10 गुना हो जाएगी ईवी बैटरी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए बैटरी की मांग वर्ष 2032 तक करीब 10 गुना बढ़कर 200 गीगावाट-घंटा हो जाने का अनुमान है 2025 में यह 20 गीगावाट-घंटा थी। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

आईईएसए ने एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि भारत में ईवी के लिए अवसर अब केवल वाहन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि असली बढ़त कलपुर्जों के स्थानीय उत्पादन और आपूर्ति शृंखला के विकास में है। इससे भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिल सकती है। आईईएसए भारतीय ईवी परिदृश्य पर कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) के सहयोग से तैयार एक अध्ययन रिपोर्ट 8-10 जुलाई को नयी दिल्ली में होने वाले 12वें भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के दौरान जारी करेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, देश का ईवी उद्योग अब बड़े बदलाव के दौर में है और यह नीति-प्रेरित शुरुआत से आगे बढ़कर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी बन चुकी है, जिसमें बैटरी, मोटर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और आपूर्ति शृंखला शामिल हैं। आईईएसए के अध्यक्ष देबमाल्य सेन ने कहा कि ईवी बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

2032 तक बैटरी मांग में 10 गुना उछाल आने की संभावना है। आगे की वृद्धि स्थानीय निर्माण, नई बैटरी प्रौद्योगिकी और मजबूत आपूर्ति शृंखला पर निर्भर करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 में भारत में 25 लाख इकाइयों से अधिक ईवी की बिक्री हुई है, जिसमें 15 लाख दोपहिया और सात लाख तिपहिया वाहन शामिल हैं।

### जीएमआर का बोइंग से करार

## एयरोस्पेस पार्क में होगा नौसेना के पी-8आई विमानों का एमआरओ

हैदराबाद, एजेंसी। जीएमआर समूह की विमान रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग (एमआरओ) सेवा देने वाली कंपनी जीएमआर एयरो टेक्निक ने समुद्री गश्ती एवं टोही विमान पी-8आई बेड़े के लिए फेज-56 हेवी मेंटेनेंस चेक के लिए बोइंग डिफेंस इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते के तहत जीएमआर एयरो टेक्निक हैदराबाद स्थित जीएमआर एयरोस्पेस पार्क सेज में अपनी अत्याधुनिक एमआरओ सुविधा में बोइंग पी-8आई विमानों पर फेज-56 हेवी मेंटेनेंस चेक करेगा।

यहां पी-8आई विमानों का संरचनात्मक उन्नयन, व्यापक निरीक्षण, पेंटिंग और सिस्टम अपग्रेड शामिल किया जायेगा जो पूरी तरह बोइंग और रक्षा विमानन मेंटेनेंस मानकों के अनुरूप होंगे। जीएमआर एयरो टेक्निक के अध्यक्ष अशोक गोपीनाथ ने कहा-यह साझेदारी जीएमआर एयरो टेक्निक के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी सेंसेक्स 790 और निफ्टी 277 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने सत्र की मजबूत शुरुआत की लेकिन जल्द ही यह नकारात्मक दायरे में चला गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था।

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख कायम रहा।

क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.08 प्रतिशत, धातु खंड में 2.03 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.59 प्रतिशत की तेजी देखी गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,107 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,076 शेयरों में गिरावट रही और 190 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 6.82 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 462,85,684.68 करोड़ रुपये (4.83 अरब डॉलर) हो गया।

### ब्रेंट क्रूड 1% बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल पर



**बढ़त के साथ बंद हुए :-** भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही।

**नुकसान में रहे शेयर :-** इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी।

### मिडकैप 0.40 , स्मॉलकैप में 0.86 प्रतिशत की तेजी

- मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही
- बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.86 प्रतिशत बढ़ गया
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 4,703.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,869.05 करोड़ रुपये की खरीदारी की।
- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1% बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंगसेंग स्थिर रहा। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहा।
- अमेरिकी बाजार बुधवार को अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए थे।

हलचल | पश्चिम एशिया तनाव के बीच वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव का असर

# गिरावट : मार्च में विदेशी उधारी प्रस्ताव 5 .43 अरब डॉलर पर

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय कंपनियों एवं ऋणदाताओं द्वारा विदेशी कर्ज (ईसीबी) जुटाने के प्रस्ताव मार्च में घटकर 5.43 अरब डॉलर रह गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

ईसीबी ऐसे वाणिज्यिक ऋण होते हैं जिन्हें पात्र भारतीय संस्थाएं मान्यता-प्राप्त विदेशी संस्थाओं से लेती हैं। आरबीआई के अनुसार, यह आंकड़ा मार्च, 2025 के 11.04 अरब डॉलर की तुलना में लगभग आधा है जबकि फरवरी, 2026 के 4.59 अरब डॉलर से अधिक है।

कुल उधारी प्रस्तावों में सामान्य अनुमति के तहत 5.22 अरब डॉलर और विशेष अनुमति के तहत 21.2 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव शामिल हैं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, पूंजीगत व्यय में सुस्ती की चिंताओं के बीच मार्च में नई परियोजनाओं के लिए 19 प्रस्ताव दाखिल किए गए, जिनके तहत 1.14 अरब डॉलर की विदेशी उधारी का इरादा जताया गया। वहीं, 1.22 अरब डॉलर का उपयोग मौजूदा विदेशी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) या रुपये में लिए गए कर्ज के पुनर्वित्तपोषण के लिए प्रस्तावित है।

विदेशी उधारी जुटाने के प्रमुख प्रस्तावों में राजस्थान पार्ट-1 ट्रांसमिशन ने नई परियोजनाओं के लिए 75 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा, अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप-वन ने भी मौजूदा ईसीबी के पुनर्वित्तपोषण के लिए 50 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव दाखिल किया।वित्तीय कंपनियों में आईआईएफएल फाइनेंस ने अंतरराष्ट्रीय बाजार से 50 करोड़ डॉलर जुटाने की मंशा जताई जबकि भारतीय रेल वित्त निगम और बजाज फाइनेंस ने क्रमशः 39.16 करोड़ डॉलर और 30 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव दिए। पिछले कुछ महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उधारी लागत बढ़ी है और अमेरिका के 10-वर्षीय ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल 0.20-0.30 प्रतिशत तक बढ़ने से विदेशी और घरेलू उधारी लागत के बीच अंतर कम हुआ है।

इससे पहले, आरबीआई ने ईसीबी नियमों को उदार बनाते हुए कंपनियों को अधिक उधारी सीमा, मुद्रा में बदलाव और कर्ज को गैर-ऋण साधन में बदलने जैसी सुविधाएं दी हैं।

नए दिशानिर्देशों के तहत कारोबार पुनर्गठन या दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनियां भी विदेशी उधारी के जरिये धन जुटा सकती हैं।




### सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद रुपया दो पैसे बढ़ा, 95.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 प्रति डॉलर के अब तक नए निचले स्तर को छूने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले दो पैसे के मामूली सुधार के साथ 95.64 पर रहा। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच रुपये अपने सर्वकालिक निचले स्तर तक गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.74 पर कमजोर खुला। दिनभर उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.61 के उच्च स्तर और 95.96 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गई। अंत में रुपया 95.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की मजबूती है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### लातविया की पीएम का यूक्रेन के ड्रोन पर विवाद के बाद इस्तीफा



**रीगा।** लातविया की प्रधानमंत्री एविका सिलिना ने बृहस्पतिवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। 'बाल्टिक न्यूज सर्विस' ने इसकी जानकारी सार्वजनिक की है। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा रही वामपंथी प्रोग्रेसिव्स पार्टी ने बुधवार को सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी जिसके बाद सरकार बहुमत खो बैठी और इसी कारण सिलिना ने इस्तीफा दे दिया। पिछले सप्ताह प्रोग्रेसिव पार्टी के नेता और लातविया के रक्षा मंत्री एंड्रीस स्प्रूड्स को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यूक्रेन के ड्रोन के कई बार गलती से लातविया की सीमा में घुस आने की घटनाओं से सरकार के निपटने के तरीके को लेकर बढ़ते विवाद के बाद स्प्रूड्स ने इस्तीफा दिया था।

### लेबनान : रिहायशी इमारत पर इजराइली हमले में दो की मौत

**बेरूत।** लेबनान के सरीफा कस्बे में स्थित एज़्ज़ेद्दीन आवासीय परियोजना पर गुरुवार तड़के हुए इजराइली हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गयी। नेशनल न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अल-रिसाला स्काउट्स की नागरिक सुरक्षा टीम ने पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी आवासीय इमारत के मलबे से दोनों मृतकों के शव बाहर निकाले। इस बीच, एनएनए ने बताया कि हिज़्बुल्लाह के ड्रोन हमले में गुरुवार को कई इजराइली घायल हो गए। यह हमला ऐसे समय हुआ जब वाशिंगटन में अमेरिका की मध्यस्थता में इजराइल और लेबनान के बीच वार्ता शुरू होने वाली थी।

### बलूचिस्तान में पाकिस्तान के पांच सैनिक मारे गए

**कराची।** बलूचिस्तान के बरखान जिले में चरमपंथियों के खिलाफ एक अभियान में एक मेजर समेत पाकिस्तान के पांच सैनिक मारे गए। अंतर-सेवा जनसंपर्क ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस अभियान में कम से कम सात चरमपंथियों को भी ढेर किया गया। पाकिस्तानी सेना और बलूचिस्तान फ्रंटियर कोर ने मार्खम के नोशाम इलाके में संयुक्त रूप से अभियान संचालित किया था। आईएसपीआर ने बताया कि अभियान के दौरान सात चरमपंथियों को ढेर किया गया।

# ताइवान के मुद्दे पर सावधानी बरते अमेरिका वर्ना संघर्ष तय

## ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर में शी जिनपिंग ने दी चेतावनी, दोनों देश द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर सहमत

**बीजिंग, एजेंसी**

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर के बाद कहा कि चीन और अमेरिका रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए एक नए दृष्टिकोण पर सहमत हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि ताइवान को लेकर तनाव दोनों देशों के संबंधों को खतरे में डाल सकता है और आपसी संघर्ष को भी जन्म दे सकता है। बीजिंग में हुई बैठक के बाद जिनपिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के साथ चीन-अमेरिका के रचनात्मक संबंधों के निर्माण के नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है।

सरकारी मीडिया के अनुसार, जिनपिंग ने कहा कि यह नया दृष्टिकोण अगले तीन वर्षों और उससे आगे द्विपक्षीय संबंधों के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा दोनों देशों के लोगों के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इसका स्वागत करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। जिनपिंग ने कहा कि अगर इस मुद्दे को सही ढंग से संभाला गया तभी द्विपक्षीय संबंध स्थिर रहेंगे, अन्यथा दोनों देशों को टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है और द्विपक्षीय संबंधों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने अमेरिका से ताइवान मुद्दे को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया।



बीजिंग में शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने से पहले किया गया ट्रंप का स्वागत।

### तंज... होर्मुज में शांति और ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन

जिनपिंग ने कहा कि ताइवान, जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना बीजिंग और वाशिंगटन के बीच स्थिर संबंधों के लिए प्रमुख महत्व रखता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जलडमरूमध्य में शांति की बात से मेल नहीं खाता। स्वशासित ताइवान को चीन एक विद्रोही प्रांत मानता है। वह उन देशों को ताइपे के साथ औपचारिक संबंध रखने से रोकता है जिनके साथ उसके राजनयिक संबंध हैं। वर्ष 1979 में आधुनिक चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से, अमेरिका ताइवान को अनौपचारिक समर्थन देते हुए और उसे हथियार मुहैया कराते हुए बीजिंग की मांगों के दायरे में रहने में कामयाब रहा है। वाशिंगटन ताइवान को चीन का हिस्सा मानने के बीजिंग के रुख को स्वीकार करता है, लेकिन स्पष्ट रूप से इसका समर्थन नहीं करता।

### लाभकारी व्यापारिक सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

व्यापार वार्ता को लेकर जिनपिंग ने कहा कि दोनों पक्षों की आर्थिक और व्यापार टीमों ने आम तौर पर संतुलित और सकारात्मक परिणाम दिए हैं। चीन अपने दरवाजे व्यापक रूप से खोलेगा, जिनपिंग जिनपिंग ने यह उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनियां लंबे समय से देश के आर्थिक सुधारों में शामिल रही हैं और अमेरिका का पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग का विस्तार करने के लिए स्वागत है। जिनपिंग ने कहा, दोनों पक्षों को उस महत्वपूर्ण सहमति को लागू करना चाहिए जिस पर हम पहुंचे हैं।

### ट्रंप बोले- जिनपिंग महान नेता

ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ अपनी बातचीत को अब तक का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ईरान युद्ध, व्यापार तनाव, टैरिफ, प्रौद्योगिकी और ताइवान पर चर्चा हुई है। जिनपिंग को महान नेता बताते हुए ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों का एक साथ शानदार भविष्य होगा, जिनपिंग ने कहा कि चीन और अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी होने के बजाय साझेदार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। ट्रंप की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिम एशिया संघर्ष और उसके बाद पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण आर्थिक एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं बढ़ गई हैं।

## ताइवान पर अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं : रुबियो



**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भेंट के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ताइवान के प्रति अमेरिका की नीति अपरिवर्तित है और चीन की ओर से बलपूर्वक ताइवान पर कब्जा करना एक भयानक भूल होगी। रुबियो ने एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ऐसा कहा। रुबियो ट्रंप की चीन यात्रा में उनके साथ आए हैं। उन्होंने शी की इस चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया कि इस स्वशासी द्वीप को लेकर मतभेद संघर्ष का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि चीन वार्ता में ताइवान का मुद्दा हमेशा उठाता है। रुबियो ने कहा, आज की स्थिति में ताइवान के मुद्दे पर अमेरिकी नीति यहां हुई बैठक के बाद भी अपरिवर्तित है। चीनी पक्ष हमेशा अपनी तरफ से यह मुद्दा उठाता है। हम हमेशा अपना रुख स्पष्ट करते हैं और अन्य विषयों पर आगे बढ़ते हैं।

# सबरीमाला : महिलाओं से धार्मिक भेदभाव के मुद्दे पर फैसला सुरक्षित

## सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने पूरी की सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट के नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने 16 दिन तक इस मामले की सुनवाई की और अलग-अलग पक्षों की दलीलें सुनीं।



सुनवाई से पहले, केंद्र ने लिखित दलीलें दाखिल कर शीर्ष अदालत से सबरीमाला मंदिर में रजस्वला आयु वाली महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को बरकरार रखने का अनुरोध किया था। केंद्र ने दलील दी कि यह मुद्दा पूरी तरह धार्मिक आस्था और संप्रदायगत स्वायत्तता के दायरे में आता है और न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सितंबर 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के सबरीमाला स्थित अय्यप्पा मंदिर में प्रवेश पर लगी रोक को हटा दिया था और इस प्रथा को असंवैधानिक करार दिया था। बाद में, 14 नवंबर, 2019 को, तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ ने 3:2 के बहुमत से, विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव के मुद्दे को विस्तृत सुनवाई के लिए बड़ी पीठ के पास भेज दिया।

### सुनवाई के लिए पीठ ने तय किए थे सात सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे को लेकर सात प्रश्न तैयार किये जिनपर सुनवाई की जानी थी। पीठ ने कहा कि वह इस बात पर विचार करेगी कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का दायरा और सीमा क्या है। दूसरा मुद्दा था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत व्यक्तियों के अधिकारों और अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों के अधिकारों के बीच क्या परस्पर संबंध है। तीसरा था, क्या अनुच्छेद 26 के तहत किसी धार्मिक संप्रदाय के अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अलावा अन्य मौलिक अधिकारों के अधीन हैं। चौथा मुद्दा यह तय किया गया कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के अंतर्गत नैतिकता शब्द का दायरा और विस्तार क्या है और क्या इसमें संवैधानिक नैतिकता शामिल है। पांचवा था, पीठ अनुच्छेद 25 के तहत संदर्भित धार्मिक प्रथा के संबंध में न्यायिक समीक्षा के दायरे और सीमा पर भी विचार करेगी। छठा था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 (2) (ख) में प्रयुक्त हिंदुओं के वर्ग की अभिव्यक्ति का क्या अर्थ है। कोर्ट ने कहा था कि वह सातवें प्रश्न के रूप में इस बात की जांच करेगा कि क्या कोई व्यक्ति जो किसी धार्मिक संप्रदाय या धार्मिक समूह से संबंधित नहीं है, जनहित याचिका दायर करके उस धार्मिक संप्रदाय या धार्मिक समूह की किसी प्रथा पर सवाल उठा सकता है।

# दुनिया में कोरोना से मौतें आधिकारिक संख्या से तीन गुना

**जिनेवा, एजेंसी**

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की रिपोर्ट, कई देशों ने काफी घटाकर की मौतों की रिपोर्टिंग

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में मौतों की वास्तविक संख्या 2.2 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जो आधिकारिक तौर पर दर्ज 70 लाख मौतों से करीब तीन गुना ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ की बुधवार को जारी "वर्ल्ड हेल्थ स्टैटिस्टिक्स 2026" रिपोर्ट में यह खुलासा किया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच सभी कारणों से वैश्विक अतिरिक्त मौतों (एक्सेस डेथ्स) का अनुमान 2.21 करोड़ लगाया गया, जबकि कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर 70 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसका मतलब है कि कोविड से दर्ज हर एक मौत के मुकाबले महामारी से जुड़ी लगभग दो अतिरिक्त मौतें हुईं। संगठन के अनुसार, इसका मुख्य कारण कई देशों की ओर से असल में हुई मौतों की कम रिपोर्टिंग करना है। इसके अलावा, 2022 के बाद अनेक देशों ने बड़े पैमाने पर कोविड-19 जांच अभियान बंद कर दिए, जिससे वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आ सके।

रिपोर्ट में कहा गया, यह निष्कर्ष न केवल वायरस से सीधे हुई मौतों की कम रिपोर्टिंग को दर्शाता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान, आर्थिक चुनौतियों और अन्य सामाजिक कारणों से हुई अप्रत्यक्ष मौतों को भी उजागर करता है। डब्ल्यूएचओ ने यह भी कहा कि महामारी ने वैश्विक स्तर पर जीवन प्रत्याशा में एक दशक की प्रगति को खत्म कर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में इसकी भरपाई अब भी असमान बनी हुई है।

## नौसेना के मिग-29के लड़ाकू विमान की इजेक्शन सीट का पहला स्वदेशी नवीनीकरण

**नासिक।** भारतीय वायुसेना के नासिक स्थित बेस रिपेयर डिपो ने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए भारतीय नौसेना के मिग-29के लड़ाकू विमान की पहली इजेक्शन सीट का स्वदेशी नवीनीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अब तक मिग-29के विमान की इजेक्शन सीटों को नवीनीकरण के लिए रूस भेजा जाता था। बताया गया कि बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी), नासिक मिग-29 और सुखोई-30 एमकेआई विमानों के बड़े स्तर पर नवीनीकरण का कार्य करता है। सुखोई-30 एमकेआई की इजेक्शन सीट से प्राप्त अपने अनुभव का उपयोग करते हुए, बीआरडी ने मिग-29के की इजेक्शन सीट के नवीनीकरण के लिए तकनीक विकसित की, जिसे वायु दक्षता प्रमाणन एजेंसी आरसीएमए ने मंजूरी दे दी।

## यूरोपीय यूनियन के मिशन प्रमुखों ने की राहुल गांधी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) के भारतीय राजनीतिक दलों के साथ जुड़ाव के तहत ईयू देशों के मिशन प्रमुखों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। ईयू के राजनयिक हर्वे डेल्फिन के मुताबिक दोनों पक्षों ने बढ़ती ईयू-भारत रणनीतिक साझेदारी और बदलती भारतीय तथा वैश्विक भूराजनीतिक गतिशीलता पर चर्चा की।

भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के राजदूत डेल्फिन ने कहा, भारतीय राजनीतिक दलों के साथ हमारे जुड़ाव के तहत ईयू के मिशन प्रमुखों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और और कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख सलमान खुर्शीद के साथ दोपहर का भोजन किया। हाल के महीनों में ईयू और भारत के संबंधों में नई प्रगति देखी गई है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन तथा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिचस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। भारत और 27 देशों के इस समूह ने 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत खत्म होने की घोषणा की थी।



# रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे बड़ा हमला, 800 ड्रोन दागे

**कीव।** रूस ने बुधवार को यूक्रेन के करीब 20 क्षेत्रों पर 800 ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत तमाम लोग घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे चार साल से जारी युद्ध में सबसे बड़े हमलों में से एक बताया।



- यूक्रेन के 20 इलाकों को बनाया निशाना, छह की मौत, तमाम घायल

यह हमला राजधानी कीव, पोलैंड के पास स्थित पश्चिमी शहर लीव और काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा समेत कई इलाकों में घंटों तक जारी रहा। जेलेंस्की ने कहा कि रूस का मकसद यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली पर दबाव बढ़ाना है। उन्होंने आशंका जताई कि ड्रोन हमलों के बाद क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल हमले भी हो सकते हैं।

हमलों से पड़ोसी देशों में भी चिंता बढ़ी है। हंगरी के प्रधानमंत्री पीटर माज्यार ने सीमा के पास ड्रोन हमले के बाद रूसी राजदूत को तलब करने की घोषणा की और रूस की कार्रवाई की निंदा की। कीव में ड्रोन का मलबा एक खुले इलाके में गिरा, जबकि पश्चिमी रिवने क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हो गई। लगातार हमलों के बीच जेलेंस्की ने कहा कि दुनिया को रूस के युद्ध पर चुप नहीं रहना चाहिए, इससे मॉस्को और अधिक आक्रामक हो सकता है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया कि युद्ध समाप्ति के करीब हो सकता है।

## दुनिया में मानवता के लिए एक नई चुनौती

# जीन एडिटिंग

एक बड़ा सवाल है कि क्या हम डिजाइनर इंसानों के दौर में कदम रख चुके हैं। कल्पना कीजिए कि आप एक कंप्यूटर प्रोग्राम की तरह अपने शरीर के कोड को एडिट कर सकें। किसी बीमारी वाले हिस्से को काटकर हटा दें और उसकी जगह एक स्वस्थ जीन लगा दें। यह अब कोई साइंस-फिक्शन फिल्म की कहानी नहीं है। तकनीक ने वैज्ञानिकों को 'जीवन की किताब' को फिर से लिखने की ताकत दे दी है। हालांकि, इससे एक गंभीर सवाल भी पैदा हुआ है कि क्या यह मानवता के लिए कोई वरदान है या हम कुदरत के साथ बेहद खतरनाक खेल खेल रहे हैं।

न्यूज डिकोडर



दुनिया भर के वैज्ञानिकों का मानना है कि जीन एडिटिंग एक दोधारी तलवार है। अगर सही से इस्तेमाल हुआ तो यह हर लाइलाज बीमारी को खत्म कर सकता है, लेकिन अगर नियंत्रण खोया तो यह मानवता के अस्तित्व के लिए नया और बेहद गंभीर संकट भी बन सकता है।

### क्या है जीन एडिटिंग

दरअसल, हमारा शरीर खरबों कोशिकाओं से बना है और हर कोशिका में डीएनए होता है जैसे कि डेटा। जीन एडिटिंग इसी डेटा को बदलने की प्रक्रिया है। सीआरआईएसपीआर तकनीक कैंची की तरह काम करती है जो डीएनए के खास हिस्से को पहचानकर उसे काट सकती है। ठीक, कट-पेस्ट की तरह। अगर किसी बच्चे को विरासत में कोई गंभीर बीमारी मिलने वाली है जैसे सिकल सेल एनीमिया तो भ्रूण अवस्था में ही उस खराब जीन को ठीक कर सकते हैं। बीमारियों का अंत हो सकता है, कैंसर, एड्स और अंधापन जैसी असाध्य बीमारियों के इलाज के लिए जीन एडिटिंग को सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है।

### जीन एडिटिंग क्यों परिणाम क्या

- **डिजाइनर बेबी**
  बड़ी बहस इस बात पर है कि क्या भविष्य में माता-पिता अपने बच्चे की आंखों का रंग, ऊंचाई या बुद्धिमत्ता को चुनने के लिए जीन एडिटिंग कराएंगे। यह प्राकृतिक विविधता को खत्म कर सकता है।
- **अमीर-गरीब की खाई**
  यह तकनीक बहुत महंगी है। डर यह है कि भविष्य में केवल अमीर लोग ही सुपर ह्यूमन यानी ज्यादा ताकतवर और बुद्धिमान बच्चों को पैदा कर पाएंगे, जिससे समाज में एक नए किस्म का भेदभाव पैदा हो जाएगा।
- **ऑफ-टारगेट प्रभाव**
  जीन एडिटिंग अभी 100% सटीक नहीं है। अगर कैंची ने किसी गलत जीन को काट दिया तो इसके गंभीर और स्थायी दुष्परिणाम हो सकते हैं, जो आने वाली कई पीढ़ियों को प्रभावित कर सकते हैं।
- **कृषि और पर्यावरण**
  जीन एडिटिंग का इस्तेमाल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि फसलों पर भी हो रहा है। ऐसी फसलें तैयार की जा रही हैं जिन पर कीड़ों का असर न हो, इससे हमारे इकोसिस्टम का संतुलन बिगड़ सकता है।

### नैतिक सवाल, चुनौतियां

- बड़ा सवाल है कि क्या इंसानों को जीवन के ब्लूप्रिंट को बदलने का अधिकार है। कई लोग इसे ईश्वर बनना मानते हैं।
- जिस बच्चे के जीन बदले जा रहे हैं, उसकी इसमें सहमति नहीं होती। भविष्य में इससे उसे गंभीर समस्या हो सकती है।
- जब शुक्राणु या अंडे में बदलाव करते हैं तो वह वंशानुगत इतिहास का हिस्सा बन जाता है जो वापस नहीं हो सकता।

### दिलचस्प तथ्य

- पहली बार 2018 में चीन के एक वैज्ञानिक ने दुनिया के पहले जीन-एडिटेड बच्चों लुलु और नाना के जन्म का दावा किया था, जिससे दुनिया हैरान रह गई थी।
- अमेरिका की जेनिफर डौडना और फ्रांस के इमैनुएल चार्पेंटियर को 2020 में सीआरआईएसपीआर की खोज के लिए रसायन का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- सीआरआईएसपीआर तकनीक के बाद वैज्ञानिक अब ऐसे बुढ़ापे वाले जीन को ढूंढ रहे हैं जिन्हें एडिट करके इंसान की उम्र को 150 साल या उससे भी ज्यादा बढ़ाया जा सके।
- मच्छरों के खात्मे का मकसद पूरा करने की कोशिश, वैज्ञानिक ऐसे मच्छरों के जीन को एडिट कर रहे हैं जो मलेरिया नहीं फैला पाएंगे, जिससे लाखों जानें बचाई जा सकती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज रुके कार्य पूरे होने के संकेत हैं। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल बनेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**तुला** – आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।

**वृष** – आज धैर्य और समझदारी से लिया गया निर्णय लाभ देगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**वृश्चिक** – आज किसी पुराने काम में सफलता मिलने की संभावना है। घर-परिवार के मामलों में समझदारी से काम लें। नया निवेश सोच-समझकर करें।

**मिथुन** – आज भाग्य आपका साथ देगा। व्यापार में नई संभावनाएं दिखाई देंगी। बातचीत में मधुरता बनाए रखें, रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु** – आज ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

**कर्क** – आज मन थोड़ा भावुक रह सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतना जरूरी है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर** – आज आर्थिक स्थिति होगी। काम के दबाव के बीच खुद के लिए भी समय निकालें। परिवार का सहयोग आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।


**कुंभ** – आज का दिन नई शुरुआत के लिए अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** – आज का दिन व्यस्त रहेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी छोटी परेशानियों को नजरअंदाज न करें। मित्र की सलाह आपके काम आएगी।

**मीन** – आज मन में नए विचार आएंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात खुशी दे सकती है। सकारात्मक सोच से हर कार्य सफल होगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 मई, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 08 .31 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 16 मई 05 .11 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**दिशाशूल**–पश्चिम, **ऋतु**–ग्रीष्म। **चन्द्रबल**– मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। **ताराबल**– अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**–अश्विनी 20 .14 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

### सुडोकू -150

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |

## अनोखा मामला

**बगैर जानकारी दिए पति के नाम ले रखी थीं कई जीवन बीमा पॉलिसी, कमाना चाहती थी 40 लाख डॉलर**

# पति की मौत पर भावुक करने वाली किताब लिखी, खुद निकली कातिल

**पार्क सिटी, एजेंसी**

अमेरिका के यूटा राज्य में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां अपने पति की मौत के बाद बच्चों के लिए दुख और शोक से उबरने वाली किताब लिख कर लोगों की सहानुभूति बटोरने वाली एक महिला को ही आखिकार पति की हत्या का दोषी ठहराया गया है। अदालत ने बुधवार को उसे बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए कहा कि ऐसी अपराधी समाज के लिए बेहद खतरनाक होती है।



करीब 35 वर्षीय कूरी रिचिन्स को मार्च में अपने पति एरिक रिचिन्स की हत्या का दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कूरी ने 2022 में पार्क सिटी स्थित घर में अपने पति के कॉकटेल में फेंटेनिल की घातक मात्रा से पांच गुना ज्यादा नशीला पदार्थ मिलाकर उसे मार डाला। जूरी ने उसे बीमा धोखाधड़ी, जालसाजी और हत्या के प्रयास समेत चार अन्य गंभीर अपराधों में भी दोषी पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार कूरी रिचिन्स ने अपने पति को मारने की कोशिश पहले भी की थी। अदालत में पेश साक्ष्यों के मुताबिक, उसने 'वैलेंटाइन डे' से कुछ सप्ताह पहले एरिक को फेंटेनिल मिला सैंडविच खिलाकर जहर देने की कोशिश की थी, लेकिन वह बच गया था। अदालत ने सजा सुनाते हुए कहा, ऐसे अपराध करने वाला व्यक्ति आजाद रहने के लायक नहीं है। संयोग से जिस दिन सजा सुनाई गई, उसी दिन एरिक रिचिन्स का 44वां जन्मदिन होता।

अभियोजकों ने अदालत को बताया कि कूरी करोड़ों डॉलर के कर्ज में डूबी हुई थी और किसी और के साथ भविष्य की योजना बना रही थी। उसने अपने पति की जानकारी के बिना कई जीवन बीमा पॉलिसी ली थीं और उसे यकीन था कि पति की मौत के बाद उसे 40 लाख डॉलर से अधिक की संपत्ति मिल जाएगी। गिरफ्तारी से पहले कूरी किताब का प्रचार कर रही थी, जिसमें एक बच्चे के पिता की मौत के दुख को दर्शाया गया था। एरिक के पिता यूजीन रिचिन्स ने अपने पोतों की रक्षा के लिए कूरी को बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा देने का आग्रह किया था।

### बेटों ने कहा- मां जेल से बाहर आई तो हमारे लिए खतरा

पिता की मृत्यु के समय कूरी के बेटों की उम्र नौ, सात और पांच साल थी। सुनवाई के दौरान उसके तीनों बेटों के बयान भी पढ़कर सुनाए गए। बच्चों ने कहा कि अगर उनकी मां कभी जेल से बाहर आई तो वे खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। एक बेटे ने कहा, आपने लालच में हमारे पिता को हमसे छीन लिया। बच्चों ने बताया कि जब वे अधपका खाना खाने से मना करते थे, तब रिचिन्स उन्हें उनके पालतू जानवरों को मार डालने की धमकी देती थी और युद्धग्रस्त इलाकों में भूख से तड़पते बच्चों के वीडियो दिखाती थी। उसके सबसे बड़े बेटे ने बताया कि उसकी मां नशे की हालत में उसे लगभग हर रोज कमरे में बंद कर देती थी।



विराट कोहली ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। उसने केकेआर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया।
–सुनील गावस्कर


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 15 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
लखनऊ सुपर जाइंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**स्थान** : लखनऊ

# प्लेऑफ से बाहर होने के बाद मुंबई इंडियंस ने पंजाब को दिया झटका

## आईपीएल-2026 : तिलक वर्मा और शार्दुल ठाकुर ने किया शानदार प्रदर्शन

**धर्मशाला, एजेंसी**

शार्दुल ठाकुर की धारदार गेंदबाजी बाद तिलक वर्मा के तूफानी अर्धशतक से मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया जो मेजबान टीम की लगातार पांचवीं हार है।

पंजाब के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम ने तिलक वर्मा (75 रन, 33 गेंद, छह चौके, छह छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक और विल जैक्स (10 गेंद में नाबाद 25, दो चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 20 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (48) ने भी उम्दा पारी खेली। तिलक ने शेरफेन रदरफोर्ड (20) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (57 रन, 32 गेंद, छह चौके, चार छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा प्रियांश आर्य (22) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और कूपर कोनोली (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर पंजाब को ठोस मंच प्रदान किया लेकिन शारदुल (39 रन पर चार विकेट) ने बीच के ओवरों में मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई। दीपक चाहर ने भी 36 रन देकर दो विकेट चटकाए।



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते तिलक वर्मा।

अजमतुल्लाह उमरजई ने हालांकि अंत में 17 गेंद में दो चौकों और चार छक्कों से 38 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर आठ विकेट पर 200 रन तक पहुंचाया। लगातार पांचवीं बार के बाद पंजाब की टीम 12 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। मुंबई की टीम नौवें स्थान पर है। उसके 12 मैच में आठ अंक हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई इंडियन्स को रेयान रिकेल्टन (48) ने तेज शुरुआत दिलाई। रिकेल्टन ने अजमतुल्लाह (36 रन पर दो विकेट) पर छक्के के साथ शुरुआत की और फिर मार्को यानसेन की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने जेवियर बार्टलेट की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा। रोहित शर्मा ने भी बार्टलेट पर छक्का जड़ा। मुंबई ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन बनाए। रिकेटल्टन हालांकि इसके बाद उमरजई की गेंद पर प्रियांश को कैच दे बैठे। उन्होंने 23 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके मारे। नमन धीर (09) ने आते ही अजमतुल्लाह पर छक्का जड़ा लेकिन यानसेन की गेंद पर अर्शदीप को कैच दे बैठे। रोहित भी 25 रन बनाने के बाद युजवेंद्र चहल (32 रन पर एक विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गए। तिलक वर्मा ने बार्टलेट पर लगातार दो चौके मारे। मुंबई के रनों का शतक 12वें ओवर में पूरा हुआ। मुंबई को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 72 रन की दरकार थी। तिलक ने चहल पर छक्के और चौके के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि रदरफोर्ड ने भी इस ओवर में छक्का जड़ा। अजमतुल्लाह ने रदरफोर्ड को बार्टलेट के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। इस ओवर में सिर्फ दो रन बने। तिलक ने 18वें ओवर में यानसेन की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस ओवर की अंतिम गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। मुंबई को अंतिम दो ओवर में 28 रन की जरूरत थी। जैक्स ने अर्शदीप पर छक्का और चौका मारा जिससे ओवर में 13 रन बने। बार्टलेट को अंतिम ओवर में 14 रन का बचाव करना था। जैक्स ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा जबकि तिलक ने लगातार दो छक्कों के साथ टीम को जीत दिला दी।

**पंजाब किंग्स**

**200/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो चाहर | 22 |
| प्रभसिमरन सिंह का बॉश बो शारदुल | 57 |
| कूपर कोनोली बो बावा | 21 |
| श्रेयस अय्यर बो शारदुल | 04 |
| सूर्यांश शेडगे का बावा बो शारदुल | 08 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो बॉश | 02 |
| अजमतुल्लाह का जैक्स बो चाहर | 38 |
| मार्को यानसेन बो शारदुल | 02 |
| विष्णु विनोद नाबाद | 15 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 18 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-50, 2-107, 3-111, 4-111, 5-123, 6-135, 7-140, 8-166, **गेंदबाजी** : चाहर 4-0-36-2, बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल 4-0-39-4, बॉश 4-0-42-1, रघु 2-0-22-0, जैक्स 1-0-9-0, बावा 1-0-11-1

**मुंबई इंडियंस**

**205/4** (19.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| रेयान रिकेल्टन का प्रियांश बो उमरजई | 48 |
| रोहित शर्मा बो चहल | 25 |
| नमन धीर का अर्शदीप बो यानसेन | 09 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 75 |
| शेरफेन रदरफोर्ड का बार्टलेट बो उमरजई | 20 |
| विल जैक्स नाबाद | 25 |

**अतिरिक्त** : 03, **विकेट पतन** : 1-61, 2-81, 3-88, 4-149, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-29-0, उमरजई 4-0-36-2, यानसेन 4-0-55-1, बार्टलेट 3 .5-0-53-0, चहल 4-0-32-1

**05** वीं लगातार यह हार है मेजबान पंजाब किंग्स की

## हाईलाइट



इटालवी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एंड्री रुबलेव को हराने के बाद जश्न मनाते यानिक सिनर। एजेंसी

### सिनर ने जीता रिकॉर्ड 32वां लगातार एटीपी मास्टर्स 1000 मैच

**रोम।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गुरुवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रुस के आंद्रे रूबलेव को हराकर इटालवी ओपन के सेमीफानल में जगह बना ली है। आज यहां दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने एक नया टेनिस रिकॉर्ड तोड़ा। वह रूसी खिलाड़ी के खिलाफ जीत दर्ज एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 32 एक मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। सिनर ने इटेलियन ओपन 2026 के क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव को 6-2, 6-4 से हराया और नोवाक जोकोविच के 2011 से लगातार 31 जीत के सिलसिले को भी तोड़ा। अब सेमीफाइनल में सिनर का मुकाबला स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टिन लैंडालूस या पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव से होगा।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 1.053 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 12 | 6 | 5 | 1 | 13 | 0.355 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 4 | 6 | 1 | 9 | -0.198 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.504 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

**ऑरेंज कैप**





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात–501 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु –484 रन

**पर्पल कैप**





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–22 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट

# प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स

- चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबला आज

**लखनऊ, एजेंसी**

लचर प्रदर्शन के बावजूद प्लेआफ की दौड़ में कायम चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपना दावा बनाये रखना चाहेगी जबकि दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ के लिए यह महज प्रतिष्ठा का मुकाबला है।

चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी है जबकि लखनऊ की टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है।

अच्छी 'फिनिशिंग' नहीं होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैम्पियन चेन्नई टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की। दूसरी ओर लखनऊ को कप्तान ऋषभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज विरोधी टीमों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और चेन्नई के खिलाफ पहले चरण के मैच में तो वे 203 रन बनाकर भी हार गए।

# लगातार शून्य पर आउट होने से नर्वस था : कोहली



- केकेआर के खिलाफ शतक लगाने पर विराट बोले-रन नहीं बनने से हो जाता हूं बैचेन

**रायपुर, एजेंसी**

भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे। 37 वर्ष के कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की।

आरसीबी छह विकेट से जीत दर्ज करके आईपीएल की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। कोहली ने आईपीएल में नौवां शतक जड़ा और महेंद्र सिंह धोनी तथा रोहित शर्मा (279) को पछाड़कर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने बाद में प्रसारक से कहा पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था। मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं। उन्होंने कहा ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है। मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है। मैं लगातार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता हूं ताकि अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को देकर छाप छोड़ सकूं। कोहली ने स्वीकार किया कि पिछले दो मैचों में खाता नहीं खोल पाने से वह नर्वस थे लेकिन यह भी कहा कि नाकामी खिलाड़ी के विकास में भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा शतक जमाने के बाद जश्न बड़ा नहीं था क्योंकि हमें अंकों की अहमियत पता है।

# शकीरा और मैडोना विश्व कप फाइनल के हाफ-टाइम में बिखेरेंगी जलवा



मैडोना।

**मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क**

**अमृत विचार** : फीफा विश्व कप फुटबॉल के फाइनल में इस बार दर्शकों को रोमांच के साथ मनोरंजन का तड़का भी देखने को मिलेगा। पहली बार हाफ-टाइम शो होने जा रहा है, जिसमें शकीरा, मैडोना और के-पॉप के दिग्गज कलाकार सुपर बाउल शैली में प्रस्तुति देंगे। फाइनल 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होगा। फीफा ने गुरुवार को हाफ-टाइम शो की घोषणा कर दी है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन इस शो का संचालन कर रहे हैं। हालांकि फुटबॉल विश्व कप फाइनल में पहली बार होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि हाफ-टाइम कितना लंबा होगा।

**19** जुलाई को फाइनल ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होगा

ध्यान रहे विश्व कप 11 जून को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू होगा।



इसमें 48 टीमें भाग लेंगी, जो अब तक सबसे बड़ा दल होगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पिछले साल मार्च में घोषणा की थी कि फीफा विश्व कप फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो होगा। उन्होंने उस समय यह नहीं बताया कि कौन-कौन कलाकार प्रस्तुति देंगे या शो कितने समय तक चलेगा। उनका कहना है कि यह फीफा विश्व कप के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा और दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के अनुरूप एक शानदार प्रदर्शन होगा। यह कदम मियामी में 2024 कोपा अमेरिका के फाइनल के दौरान आयोजित शो की तरह ही है, जब कोलंबियाई स्टार शकीरा ने हार्ड रॉक स्टेडियम में हाफ-टाइम के दौरान प्रस्तुति दी थी। पिछले साल मेटलाइफ स्टेडियम में हुए फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में भी हाफ-टाइम शो हुआ था, जिसने निर्धारित 15 मिनट के ब्रेक से अधिक समय तक खेल को खींच दिया था। शकीरा का विश्व कप के साथ लंबा जुड़ाव रहा है, उन्होंने 2006 और 2014 के विश्व कप फाइनल में प्रस्तुति देने के अलावा 2010 के टूर्नामेंट के लिए 'वाका वाका' गीत का निर्माण भी किया था। विश्व कप में जीत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।



शकीरा।

### खिलाड़ियों और प्रशंसकों को बेहाल कर सकती है गर्मी

विश्व कप में खिलाड़ियों को भीषण गर्मी का करना पड़ सकता है। मियामी में आयोजित होने वाले प्रत्येक मैच में तापमान निर्धारित सीमा से अधिक होने की आशंका है, जबकि मेक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम को छोड़कर बाकी सभी स्थानों पर पिछले 30 वर्षों में तापमान का स्तर बढ़ा है। शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि कई मैच खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए असुरक्षित होंगे। अत्यधिक गर्मी और नमी से प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। वेट बल्ब ग्लोब टेम्परेचर (डब्ल्यूबीजीटी) इस जोखिम को मापने का एक तरीका है। फीफा के नियमों के अनुसार, यदि मैच से पहले डब्ल्यूबीजीटी का स्तर 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो मैच के स्थगन पर विचार होना चाहिए।

**साक्षात्कार**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बोले– 'फूट डालो और राज करो' नहीं चलेगा

# श्रीजेश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं : दिलीप टिर्की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा है कि पी आर श्रीजेश के लिये दरवाजे हमेशा खुले हैं और वह बेहतर अनुभव के साथ वापसी कर सकते हैं लेकिन भारतीय हॉकी में ''फूट डालो और राज करो'' का खेल अब बंद होना चाहिए। टिर्की ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा हॉकी इकोसिस्टम में कुछ लोग हैं जो ''फूट डालो और राज करो'' की रणनीति पर काम कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि मैं खिलाड़ी पहले हूं और खेल प्रशासक बाद में, तीन ओलंपिक और 412 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुका हूं।

उन्होंने कहा मेरे अध्यक्ष रहते हॉकी इंडिया में सारे फैसले सामूहिक रूप से लिए गए। मेरा पहला दायित्व खिलाड़ियों के प्रति है और मनप्रीत सिंह हो या श्रीजेश, मैंने हमेशा खिलाड़ियों से सीधे बात की है। ये ओलंपिक कप्तान रहे हैं और भारतीय हॉकी की अनमोल धरोहरें हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता श्रीजेश ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक तल्ख पोस्ट में आरोप लगाया था कि विदेशी कोच को तरजीह देने के लिये उन्हें जूनियर टीम के कोच के पद से हटाया गया है। यूरोप के अनुभवी कोच फ्रेडरिक सोयेज को बृहस्पतिवार को जूनियर पुरूष टीम का नया कोच बनाया गया। टिर्की ने कहा भारत के लिए खेल चुके खिलाड़ियों के लिए हॉकी इंडिया के दरवाजे हमेशा खुले हैं। हम भविष्य के बारे में सोच रहे हैं व भारतीय कोचों को बढावा देने के खेल मंत्रालय के विजन पर काम कर रहे हैं। हमारी नजरें 2032 तथा 2036 ओलंपिक पर है। इसमें श्रीजेश भारतीय सीनियर टीम के कोच हो सकते हैं पर उन्हें अभी अनुभव की जरूरत है।

उन्होंने कहा श्रीजेश का कार्यकाल खत्म होने पर हॉकी इंडिया ने तय किया था कि नया अनुभवी कोच लाया जाए क्योंकि टीम का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। यह फैसला मेरे अकेले का नहीं बल्कि सर्वसम्मति से हॉकी इंडिया का था।

भारत के महान फुलबैक और पूर्व कप्तान रहे टिर्की ने कहा कि अंडर 21 टीम काफी अहम है और इसे एक अनुभवी कोच की जरूरत है। कहा कि हॉकी इंडिया को आनन फानन की बजाय सोच समझकर कोच की नियुक्ति करनी चाहिए थी। भारतीय हॉकी में कभी ऐसा नहीं हुआ था कि खिलाड़ी को संन्यास के बाद बिना अनुभव के तुरंत कोच बना दिया गया हो। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था जिसके बाद उन्हें जूनियर टीम का कोच बनाया गया।



दिलीप टिर्की।

### सोयेज बने जूनियर पुरुष हॉकी टीम के नए कोच

**नई दिल्ली।** फ्रांस के फ्रेडरिक सोयेज को बृहस्पतिवार को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का नया कोच बनाया गया जो दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पी आर श्रीजेश की जगह लेंगे। पूर्व स्टार गोलकीपर श्रीजेश का अनुबंध पिछले साल चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने के बाद खत्म हो गया था। हॉकी इंडिया ने उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया। सोशल मीडिया पर एक तल्ख पोस्ट में श्रीजेश ने निराशा व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान पांच टूर्नामेंटों में पांच पदक जीतने के बावजूद उनका अनुबंध नहीं बढ़ाया गया, लेकिन हॉकी इंडिया ने तर्क दिया कि यह फैसला 2036 ओलंपिक की मेजबानी की भारत की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक टिकाऊ और दीर्घकालिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

# भारत ने अंडर-15 लड़कियों की मेडल स्टैंडिंग में टॉप किया

**ताशकंद।** भारत ने एशियन बॉक्सिंग अंडर 15 चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 9 गोल्ड, 6 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज़ सहित 27 शानदार मेडल जीते, और अंडर-15 लड़कियों की मेडल स्टैंडिंग में टॉप पर रहा।

अंडर-15 लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 गोल्ड, 2 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल के साथ कैंपेन में सबसे आगे रहीं, जबकि अंडर-15 लड़कों ने 2 गोल्ड, 4 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज़ मेडल दिए। 33किग्रा कैटेगरी में, अक्षिता ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन ओडिना युसुपोवा (उज्बेकिस्तान) से 2:3 से करीबी मुकाबले में हारकर सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। अंजी (37) ने नूरज़ानत बेकनाज़र पर 5:0 से जबर्दस्त जीत के साथ गोल्ड जीता,

# सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**थाईलैंड ओपन**

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा। हालांकि दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16-21, 21-11, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23-21, 21-11 से मात दी।